गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

भाजन

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करश

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेवसाइड पर क्लिक करें
www.ajhindidaily.com

★ नगर संस्करण पृष्ठ १२ मूल्य ₹ ६

आगरा, 14 नवम्बर, 2026, शनिवार, वर्ष 40 अंक 301 सौर 20 कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित



असम : बस-ट्रक भिड़ंत में 24 की मौत

तेज रफ्तार बनी काल, मृतकों में ज्यादातर छात्र शामिल

कांजीरंगा। असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई। असम के मंत्री और बोकाखाट से विधायक अतुल बोरा ने इसकी जानकारी दी है। टक्कर के बाद मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए। रेस्क्यू टीम ने बस काटकर शवों को बाहर निकाला। बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है। लोकल मीडिया के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इनमें से 38,500 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका था, जबकि 4,000 रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। कमर्शियल गाड़ी की ओवरस्पीडिंग पर यह जुर्माना लगता है। गोलाघाट के एसएसपी स्वप्निल डेका ने बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव जा रही थी। बस तेज रफ्तार में थी। शुरुआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। असम में 5 साल में सड़क हादसों में 15 हजार से ज्यादा मौतें केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 15,306 लोगों की मौत हुई। इनमें 2024 में सबसे ज्यादा 3,351 लोगों की जान गई। वहीं, 2023 में 3,296 और 2022 में 2,994 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, इसके बाद की जानकारी नहीं आई है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक बस में 35 से ज्यादा यात्री सवार थे। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को कोहोरा माडल अस्पताल ले

मिनी बस के कट चुके थे बारह से अधिक चालान



राहत-बचाव कार्य जारी, बस काटकर निकाले गये शव

यूपी में 12 ट्रेनी आईपीएस को मिली जिलों में तैनाती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 12 ट्रेनी आईपीएस अधिकारियों को जिलों में प्रशिक्षण के लिए तैनात कर दिया गया है। आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को अलग-अलग जनपदों और कमिश्नरेट में भेजा गया है, जहां वे फील्ड ट्रेनिंग के दौरान पुलिसिंग की बारीकियां सीखेंगे।जिस आईपीएस अफसरों को तैनाती दी गई हैं उसमे अभिषेक अंजनी सिंह आईपीएस को गोरखपुर,आदित्य आचार्य को कमिश्नरेट वाराणसी,अक्षत मणिडवाल को जौनपुर,आर्येन्द्र कुमार को कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात किया गया है।आईपीएस अर्पिता को हरदोई,कशिश कालरा को कानपुर देहात और कुणाल कुमार को प्रतापगढ़,कुणाल यादव को सहारनपुर,राजेन्द्र बिश्नोई को एटा, शिवांक चौधरी को कमिश्नरेट लखनऊ,सृष्टि मिश्रा को मथुरा व योगेन्द्र मीणा को सीतापुर व लखनऊ कमिश्नरेट में शिवांक चौधरी, वाराणसी में आदित्य आचार्य और गाजियाबाद में तैनात किया गया है।

आगरा-मथुरा में आयकर विभाग का छापा

होटल से लेकर तनिष्क शोरूम तक मची खलबली

मथुरा। आयकर विभाग ने मथुरा, वृंदावन और आगरा में एक साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई प्रतिष्ठानों और कारोबारियों के ठिकानों पर सर्वे शुरू किया। मथुरा-वृंदावन में गाजियाबाद से पहुंची विभाग की टीमों ने रेडिशन होटल और शंकर सेठ के गुरुकृपा होटलों सहित कई स्थानों पर दोपहर तक कार्रवाई जारी रखी, जिससे शहर के व्यापारिक जगत में खलबली मच गई। वहीं, आगरा में एमजी रोड और बोदला सिकंदरा रोड स्थित तनिष्क शोरूम के साथ-साथ संचालक अनुराग बंसल के अनुपम ओरियन अपार्टमेंट पर भी आयकर विभाग के छापे की सूचना है।



सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह पांच बजे आयकर विभाग की करीब चार दर्जन गाड़ियों से टीमें मथुरा पहुंचीं। इसके बाद अलग-अलग टीमों में बंटकर अधिकारियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर एक साथ सर्वे शुरू किया। शंकर सेठ से जुड़े ठिकानों पर पहुंची टीम ने दस्तावेज कारोबारी रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन से संबंधित अभिलेखों की जांच-पड़ताल की। सूत्रों के अनुसार, डालमिया बाग पेड़ कटान प्रकरण से जुड़े कुछ लोगों के ठिकानों पर भी आयकर विभाग की कार्रवाई होने की चर्चा है। हालांकि, इस संबंध में अभी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी या पुष्टि नहीं की गई है।

राहुल ने फिर प्रधानमंत्री को दी बहसकी चुनौती

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनका फोन टैप कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके लगाए गए आरोपों से जुड़े सभी सबूत उनके फोन में मौजूद हैं। राहुल ने एक बार फिर प्रधानमंत्री को आमने-सामने बहस की चुनौती देते हुए कहा कि इस चर्चा से देश के सामने स्पष्ट हो जाएगा कि कौन विदेशी ताकतों के नियंत्रण में है और कौन देश विरोधी है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा संसद में बहस की बात करती है, लेकिन जब भी उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने की कोशिश की, उनका माइक बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान विधेयक, वोट चोरी, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), चीन, पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की किताब और एपस्टीन से जुड़े मामलों पर उन्हें संसद में बोलने का अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह प्रधानमंत्री के भाषण के बजाय उनके साथ आमने-सामने की चर्चा चाहते हैं। राहुल ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी तरफ वह स्वयं बैठकर सभी आरोपों पर खुलकर बात करें। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री चाहें तो अडाणी या मोहन भागवत को निर्णायक

(शेष पृष्ठ २ पर)



सरकारपर लगाया फोन टैपिंग का आरोप

बिहार : सड़क हादसेमें दंपती समेत तीन की मौत

कटिहार। मनिहारी-नारायणपुर-पूर्णिया फोरलेन सड़क पर शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में कार सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये और उसमें सवार तीन लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सभी मृतक कटिहार शहर के बैगना इलाके के रहने वाले बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बैगना निवासी 68 वर्षीय शंभु सिंह अपनी पत्नी 64 वर्षीय उषा देवी और पड़ोसी 64 वर्षीय मंजु रानी समेत अन्य लोगों के साथ कार से गंगा स्नान करने मनिहारी जा रहे थे। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे उनकी कार नारायणपुर पागलबाड़ी के पास फोरलेन सड़क से गुजर रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पीछे कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे के बाद

(शेष पृष्ठ २ पर)

भारत को जानना है तो योग को समझें-प्रधानमंत्री

एच.वी. शेषाद्रि की जन्मशताब्दी समारोह को पीएम मोदी ने किया सम्बोधित

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक दौरे के दौरान बंगलूरू स्थित स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (एस-व्यासा) के आवासीय मुख्यालय परिसर 'प्रशांति कुटीरम' के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल माध्यम से 'गोल्डन जुबली एडमिन ब्लॉक' की आधारशिला रखी और तिरुवनंतपुरम में 'एस-व्यासा ऑफ-कैंपस' की शुरुआत की। यह आयोजन आरएसएस के पूर्व महासचिव एच.वी. शेषाद्रि की जन्म शताब्दी को भी समर्पित है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का इंतजार किया जा रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगलूरू पहुंचने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एचएएल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल डॉ. सुधा यादव भी मौजूद रहीं। अपने कर्नाटक दौरे के दौरान प्रधानमंत्री बेंगलुरु में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वह तवारेकेरे से आईआईएम बेंगलुरु मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे और खुद भी मेट्रो में

(शेष पृष्ठ २ पर)

बिहार में चार लोगों ने खाया जहर, तीन की मौत

हाजीपुर (आससे.)। बिहार में हाजीपुर के गौरोला थाना के प्रेमराज गांव में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 वर्षीय किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमराज गांव निवासी राहुल कुमार

(शेष पृष्ठ २ पर)

सबरीमाला घी घोटाला में दो थोक व्यापारी गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। सबरीमाला मंदिर में घी की आपूर्ति से जुड़े कथित घोटाले में तमिलनाडु के दो थोक व्यापारियों को गिरफ्तार किया गया है। केरल के सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) की विशेष टीम ने 2025 की तीर्थयात्रा के दौरान हुई कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तमिलनाडु के

(शेष पृष्ठ २ पर)

परिसीमन पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी

विपक्ष को विश्वास में नहीं ले रही सरकार-प्रियंका

वायनाड। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को पारित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की केंद्र सरकार की किसी भी योजना के बारे में विपक्षी दलों को कोई जानकारी नहीं दी गयी है। प्रियंका गांधी बुधवार से शुरू हुए अपने चार दिवसीय दौरे के तहत अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही थीं। इस दौरान वह पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रही थीं। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि क्या सरकार परिसीमन विधेयक पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की योजना बना रही है इस सवाल पर प्रियंका गांधी ने कहा उन्होंने हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इसलिए, अगर वे ऐसी कोई योजना बना रहे हैं, तो मुझे नहीं पता। फिलहाल, मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ असहमति जताने वाले लोगों की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा जो कोई भी अपनी बात रखना चाहता है या खुद को व्यक्त करना चाहता है, उसे दबा दिया जाता है और चुप करा दिया जाता है। हमने पिछले कुछ महीनों में ऐसा होते देखा है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को सुनियोजित तरीके

(शेष पृष्ठ २ पर)



आईआरएफ पर यूएपीए के तहत बढ़ा प्रतिबंध

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने फरार विवादित इस्लामिक प्रचारक डॉ. जाकिर नाइक के संगठन इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंध की अवधि बढ़ा दी है। गृह मंत्रालय ने यह कदम आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत उठाया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, डॉ. जाकिर नाइक के नेतृत्व वाला यह संगठन सांप्रदायिक घृणा और वैमनस्य फैलाने तथा आतंकवाद को बढ़ावा देने जैसी भारत-विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहा है। संगठन पर आतंकवाद और अलगाववाद की विचारधारा का प्रचार करने, हिंसक अशांति भड़काने, फरार आतंकियों को फिर से संगठित करने और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के भी आरोप हैं। गृह मंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस के संकल्प के अनुरूप यह कार्रवाई की गई है।

जाकिर नाइकपर अलगाववाद-आतंकवादको बढ़ावा देनेका आरोप

मुख्यमंत्री को पहले कैसे पता चला कि १.२७ करोड़ हिंदू वोटर कटे

लखनऊ (आससे)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी के सीएम को पहले से ही पता चल जाता है कि वोट कैसे कट जाता है। अखिलेश यादव ने कहा मैं इसलिए ऐसे बोल रहा हूं कि उनको कैसे जानकारी हो गयी कि एक करोड़ 27 लाख वोटर कट गये। उन्होंने कहा कि अगर वास्तव में 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब हैं तो भाजपा की यह बैठक इसी वजह से हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन वोटों को लेकर रणनीति बना रही है, जो लोगों के दूसरे स्थानों पर चले जाने या

(शेष पृष्ठ २ पर)



अखिलेश का योगी पर कसा तंज

मणिपुरमें वाहनोंपर उग्रवादियों ने की गोलीबारी, चारकी मौत


इम्फाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर गोलीबारी की जिससे चार लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना इंफाल-उखरुल सड़क पर न्यू हेवन इलाके में हुई। यहां हथियारबंद उग्रवादियों ने दो चारपहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं। अधिकारी ने कहा कि दोनों कारों में सफर कर रहे दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों गाड़ियों के सामने वाले शीशों पर गोलियों के निशान मिले। यह घटना एक दिन बाद हुई है। इससे पहले कांगपोकपी जिले के ताफू कुकी गांव और पड़ोसी

(शेष पृष्ठ २ पर)

बंगाल में १२ हजार फर्जी लाभार्थियों पर होगी काररवाई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि पिछली टीएमसी सरकार के दौरान आवास सहायता का कथित तौर पर धोखाधड़ी से लाभ उठाने वाले 12,000 फर्जी लाभार्थियों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कानूनी काररवाई की जायेगी। मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल के अनुसार, पिछली सरकार की 'बंगलार बारी' परियोजना के तहत 57,000 फर्जी लाभार्थियों ने अवैध रूप से आवेदन किया था, जिन्हें अब सूची से हटा दिया गया है। इनमें से 12,000 लोगों की पहचान की गयी है, जिन्हें पैसे मिल गये थे। उनसे यह राशि वापस करने को कहा गया है। उन्होंने एक प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि 1,000 लोगों

(शेष पृष्ठ २ पर)



लौटाने होंगे आवास योजना के पैसे

टीबी से मौतों में भारत का वैश्विक औसत से बेहतर प्रदर्शन

नयी दिल्ली। भारत ने क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की विश्व क्षय रोग रिपोर्ट-2026 के अनुसार, भारत में वर्ष 2015 के मुकाबले टीबी से होने वाली मृत्यु दर में 38 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह गिरावट 35 प्रतिशत रही। वहीं, टीबी के मरीजों के उपचार की सफलता दर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में टीबी के खिलाफ लड़ाई प्रौद्योगिकी, सामुदायिक भागीदारी और मरीजों की देखभाल पर आधारित राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन बन गई है। उन्होंने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य टीबी के किसी भी मरीज को उपचार और देखभाल से वंचित नहीं रहने देना है। जेपी नड्डा ने बताया कि क्षय रोग मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 25 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई है। इस दौरान 11 करोड़ से अधिक छाती के एक्स-रे और तीन करोड़ आणविक जांच की गईं। गहन जांच अभियान में कुल 48.64 लाख टीबी मरीजों की पहचान हुई, जिनमें करीब 15 लाख ऐसे मरीज शामिल हैं, जिनमें बीमारी के लक्षण नहीं थे। इससे समय रहते बीमारी की पहचान और उपचार शुरू करने में मदद मिली। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय ने भी क्षेत्र में टीबी से होने वाली मौतों में कमी लाने में भारत के योगदान की सराहना की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में टीबी से होने वाली मौतों की दर वर्ष 2015 में प्रति एक लाख आबादी पर 28 थी, जो 2025 में घटकर 18 रह गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जांच, आधुनिक निदान तकनीक, नि-क्षय पोषण योजना और नि-क्षय मित्र पहल ने टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती दी है। वर्ष 2025 में 67,933 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र जांच, प्रभावी उपचार, पोषण सहायता और जनभागीदारी के माध्यम से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

२०१५ के मुकाबले मृत्यु दर में ३८ प्रतिशत की गिरावट



कैंसरकी १३७ दवाओं की कीमतों पर सख्त निगरानी के निर्देश

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 137 दवाओं पर व्यापार मार्जिन युक्तिकरण (टीएमआर) के प्रावधानों को सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। इन दवाओं की संशोधित कीमतें 9 नवंबर से प्रभावी हो चुकी हैं। एनपीपीए ने सभी दवा निर्माताओं, डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का पालन करने तथा नई मूल्य सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करने को कहा है। राज्य औषधि नियंत्रकों को कीमतों के अनुपालन की निगरानी करने और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली पर संबंधित पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें 16 नवंबर तक कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट एनपीपीए को सौंपनी होगी।

यहां भी पढ़े
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज आगरा सहित प्रदेश का 10 जिलों का एक
ई-पेपर शुल्क है-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम
सूर्योदय : ०६.१४
सूर्यास्त : ०५.१०
तापमान
अधि. : २९.०
न्यून. : १८.०



कासगंज के ब्लॉक अमांपुर में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

जूनियर बालिका वर्ग में रोशनी बढ़ारी बनीं ब्लॉक चैंपियन



कासगंज। विकासखंड अमांपुर की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय, अभयपुरा में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दौड़, कबड्डी और लंबी कूद में प्रतिभाग कर दमखम दिखाया। जूनियर बालिका वर्ग में रोशनी बढ़ारी ने 100, 200 मीटर दौड़ और लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक हरिओम वर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास कुमार सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी नेहा सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में प्रांजल निवासी मझोला, 100 मीटर में विशाल निवासी रामपुर और 200 मीटर में सुमित निवासी फकौता प्रथम रहे। प्राथमिक बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में जानवी निवासी शाहपुर, 100 मीटर में चांदनी निवासी वसावनपुर और 200 मीटर में संजना निवासी बीरपुर ने बाजी मारी। जूनियर बालक वर्ग की 100 और 200 मीटर दौड़ में दिलवर निवासी डेंगरी तथा 400 मीटर में प्रियांशु निवासी अभयपुरा प्रथम रहे। जूनियर बालिका वर्ग की 100 और 200 मीटर दौड़ में रोशनी निवासी बढ़ारी और 400 मीटर में प्रार्थना निवासी नगला महर्जी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

समापन पर अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला पीटीआई राजेंद्र सिंह, जिला समन्वयक सुनील यादव, सुनील कुमार आर्य, ओम शिव वर्मा, रामपाल सिंह, पूनम राजपूत, नरेंद्र वर्मा, राकेश राजपूत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं का निर्णायक मंडल ब्लॉक पीटीआई मुनेश राजपूत, पुष्पेंद्र कुमार, नीलेश प्रताप चौहान, दीनदयाल सिंह, अजय यादव, यादराम सिंह, देवेंद्र कुमार, भारतेंदु कुमार, सोमेंद्र कुमार और फुरकान अली ने संभाला।

पश्चिमी यूपी में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने पर मंथन, 50 प्रतिनिधियों ने साझा किए सुझाव

यूपीनेडा और सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की कार्यशाला में आरपीओ-आरसीओ अनुपालन और ऊर्जा भंडारण पर चर्चा

- **राजस्थान और हरियाणा के विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव, उद्योगों की व्यावहारिक चुनौतियों पर हुआ विचार-विमर्श**





गाजियाबाद। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े नियमों के अनुपालन को आसान बनाने के लिए शुक्रवार को गाजियाबाद में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) और सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, परामर्शदाताओं और सौर ऊर्जा उत्पादकों के करीब 50 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला का शुभारंभ यूपीनेडा के वरिष्ठ ऊर्जा सलाहकार गिरीश कुमार के स्वागत संबोधन से हुआ। सीएसई के नवीकरणीय ऊर्जा प्रभाग के निदेशक निवित कुमार यादव ने आयोजन के उद्देश्य और पृष्ठभूमि की जानकारी दी। वहीं, सीएसई के कार्यक्रम प्रबंधक पार्थ कुमार ने वैश्विक परिस्थितियों में भारत के ऊर्जा क्षेत्र की स्थिति और संभावनाओं पर प्रस्तुति दी।

आरपीओ से आरसीओ की ओर बदलाव पर चर्चा

गिरीश कुमार ने नवीकरणीय ऊर्जा खरीद दायित्व (आरपीओ), उसके अनुपालन और इससे जुड़े पोर्टल की सामान्य समस्याओं की जानकारी दी। उन्होंने आरपीओ से नवीकरणीय ऊर्जा खपत दायित्व (आरसीओ) की ओर हो रहे बदलाव पर भी विस्तार से चर्चा की।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम की सहायक अभियंता शालिनी राय ने राजस्थान में आरपीओ पोर्टल के उपयोग के अनुभव और चुनौतियां साझा कीं। हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी के परियोजना अधिकारी सुखचैन सिंह ने हरियाणा में आरपीओ अनुपालन से जुड़े अनुभव बताए।

भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के जलवायु परिवर्तन विश्लेषक सुधन रामकुमार केजी ने कार्बन क्रेडिट व्यापार योजना में नवीकरणीय ऊर्जा की भूमिका समझाई। इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस के अध्यक्ष देबमाल्या सेन ने ऊर्जा भंडारण दायित्व और बैटरी प्रबंधन से जुड़े पहलुओं पर जानकारी दी।

उद्योगों के अनुभव और चुनौतियों पर मंथन

कार्यशाला में बरेली डेयरीज लिमिटेड और जेके सीमेंट वर्क्स, अलीगढ़ सहित विभिन्न संस्थानों ने आरपीओ अनुपालन के अपने अनुभव और प्रयास साझा किए। इसके अलावा अवादा एनर्जी, नवऊर्जा और कार्बन क्रेच के प्रतिनिधियों ने परिचर्चा में हिस्सा लिया।

इसमें नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन, खपत, खरीद और नियमों के अनुपालन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर विचार किया गया।

खुले मंच पर प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के सामने सवाल रखे और सुझाव दिए। कार्यशाला का उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना, आरपीओ-आरसीओ अनुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ऊर्जा भंडारण व कार्बन क्रेडिट से जुड़े नीतिगत विषयों पर विभिन्न पक्षों के बीच संवाद स्थापित करना रहा। समापन पर गिरीश कुमार ने

पेश किया नया फोमिंग हैंडवॉश

आगरा।हैंडवॉश के इस्तेमाल को बढ़ावा देने और हाथों की स्वच्छता के तरीकों को बेहतर बनाने में अग्रणी ब्रांड डेटॉल ने आज नए डेटॉल ओरिजिनल फोमिंग हैंडवॉश को लॉन्च करने की घोषणा की। पिछले कई दशकों से डेटॉल विज्ञान आधारित नवाचार और कीटाणुओं से भरोसेमंद सुरक्षा के जरिए भारत में हाथों की स्वच्छता से जुड़ी आदतों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लॉन्च के अवसर पर रेकिट के साउथ एशिया हेल्थ विभाग के रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर गुंतास मुदगल ने कहा पीढ़ियों से परिवार कीटाणुओं से भरोसेमंद सुरक्षा के लिए डेटॉल ओरिजिनल पर भरोसा करते आए हैं। डेटॉल के लोकप्रिय ओरिजिनल वैरिएंट को एडवांस्ड फोमिंग फॉर्मेट में पेश करके हम बेहतर कीटाणु सुरक्षा को रोजमर्रा की जिंदगी में और आसान व सुलभ बना रहे हैं।

सितारों ने दर्शकों का दिल जीता

आगरा।अनमोल टीवी का शो हमारी राधा अपनी दिलचस्प कहानी, रिश्तों के उतार-चढ़ाव और नए ट्विस्ट से दर्शकों का लगातार दिल जीत रहा है। कहानी में एक नए मोड़ के चलते दर्शक देखेंगे कि राधा सिमरन कौर, जब करवाचैथ के व्रत के दौरान सरगी खाती है, तो उसे गिरधर अक्षय म्हात्रे, के साथ बिताए पुराने पल याद आने लगते हैं और वह भावुक हो जाती है। वहीं, शनाया वैदेही नायर, गिरधर के साथ सरगी मनाती है। इसी बीच वह राधा की मेहंदी खराब करने के लिए उसमें गिरधर के नाम की जगह अपना नाम लिखवा देती है, इससे राधा और भी परेशान हो जाती है। देखते ही देखते त्यौहार की खुशियाँ जल्द ही एक खतरनाक मोड़ ले लेती हैं

बचत बीमा योजना का लाभ उठायें

आगरा।बंधन ग्रुप की लाइफ इंश्योरेंस शाखा, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने बंधन लाइफ आईगारंटी चाइल्डअश्योर लॉन्च किया है। यह एक बचत बीमा योजना है जो माता-पिता को कोचिंग कक्षाओं और कॉलेज की फीस से लेकर करियर की शुरूआत तक अपने बच्चे के सपनों और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार होने में मदद करती है। यह योजना गारंटीकृत वार्षिक आय प्रदान करती है, जिसके बाद आय अवधि के अंत में एकमुश्त करियरस्टार्ट बेनिफिट मिलता है इससे माता-पिता को अपने बच्चे की शिक्षा और करियर के लक्ष्यों के लिए बचत करने में मदद मिलती है। माता-पिता अपनी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार 8, 10 या 12 वर्ष की प्रीमियम भुगतान अवधि चुन सकते हैं

हॉलीबुड सितारों ने मचाया धमाल

आगरा।डॉ. स्यूस की शानदार और अनोखी परंपरा में, द कैट इन द हैट बड़े पर्दे पर उनकी एनिमेटेड थिएटर फीचर फिल्म डेब्यू के तौर पर आ रही है। यह एक बिल्कुल नया, एपिक एडवेंचर है जिसमें कुछ हटके है, जहाँ शरारत, जादू और तबाही सबसे ऊपर है। बिल हैडर की आवाज में, कैट अपने मजेदार, खास और अनोखे अंदाज में बच्चों में खुशी फैलाता है, उन्हें और दर्शकों को एक ऐसी दुनिया के शानदार सफर पर ले जाता है जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं देखा।हैडर के साथ मैट बेरी, क्विंटा ब्रूनसन, जोचिटल गोमेज, जियानकार्लो एस्पोसिटो और अमेरिका फेरेरा हैं।

मुकदमे की अंतिम बहस के समय नया बचाव पेश करने की अनुमति नहीं, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि मुकदमे की सुनवाई पूरी होने और अंतिम बहस के स्तर पर पहुंचने के बाद लिखित बयान में नया बचाव शामिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, जब तक पक्षकार यह संतुष्ट न कर दे कि पूरी सतर्कता बरतने के बावजूद वह तथ्य मुकदमे की सुनवाई शुरू होने से पहले सामने नहीं ला सका था। कोर्ट ने कहा कि केवल यह दावा करना पर्याप्त नहीं है कि संबंधित जानकारी बाद में मिली थी। इसके लिए देरी का संतोषजनक कारण बताना जरूरी है। न्यायमूर्ति डॉ. योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कानपुर नगर के गोपी किशन खंडेलवाल की याचिका खारिज करते हुए यह आदेश दिया। याची ने लघुवाद न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें लिखित बयान में संशोधन की अर्जी खारिज कर दी गई थी। बाद में पुनरीक्षण अदालत ने भी इस आदेश को बरकरार रखा था। मामला मकान खाली कराने, किराया बकाया और क्षतिपूर्ति की वसूली से जुड़ा है। मकान मालकिन अर्चना त्रिपाठी ने वर्ष 2020 में मुकदमा दाखिल किया था। याची ने अपने बचाव में कहा कि विवादित संपत्ति का वर्ष 2019 में ही विभाजन हो चुका था। कानपुर नगर निगम के प्रस्ताव के आधार पर कृष्णा त्रिपाठी के हिस्से को अलग मकान नंबर 92-ए दिया गया था, जबकि अर्चना त्रिपाठी के हिस्से का मकान नंबर 92 था। याची का तर्क था कि इससे किरायेदारी भी विभाजित हो गई और अर्चना त्रिपाठी अकेले मुकदमा नहीं चला सकतीं। याची ने सितंबर 2025 में लिखित बयान में संशोधन की अर्जी दी थी। उसका कहना था कि उसे संपत्ति के विभाजन की जानकारी अगस्त 2025 के अंतिम सप्ताह में मिली। हालांकि, कोर्ट ने पाया कि कथित विभाजन मुकदमा दाखिल होने से पहले का था।

संगीतकार-डायरेक्टर वार्ता करते भावुक हुए

आगरा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न में एक भावुक बातचीत देखने को मिली, जब संगीतकार हिमेश रेशमिया, फिल्म निमार्ता सूरज बड़जात्या और अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी आगामी फिल्म ये प्रेम मोल लिया के संगीत पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए। फिल्म की एक रचना के पीछे की कहानी पर बात करते हुए हिमेश अपने पिता को याद कर भावुक हो गए। वहीं, इसी तरह की व्यक्तिगत क्षति का अनुभव कर चुके आयुष्मान भी इस पल से गहराई से जुड़ गए और उन्होंने अपने पिता से जुड़ी यादों को साझा किया।हिमेश की भावुक अभिव्यक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए आयुष्मान ने कहा, मैं ये कहना चाहता हूं कि एचआर की आंखों में आंसू हैं। इनको इमोशनल मैंने पहली बार देखा है।

साक्ष्यों की अनदेखी करना आपराधिक न्याय व्यवस्था का मजाक बनाने जैसा: हाईकोर्ट

43 साल पुराने हत्या के मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले पर तल्ख टिप्पणी, तीन दोषियों की अपील खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 43 साल पुराने हत्या और मारपीट के मामले में निचली अदालत के फैसले पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण साक्ष्यों की अनदेखी कर यांत्रिक तरीके से उनका मूल्यांकन करना आपराधिक न्याय व्यवस्था का मजाक बनाने जैसा है। खासकर ऐसे मामले में, जिसमें गंभीर चोटों के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई हो, साक्ष्यों का निष्पक्ष और समग्र मूल्यांकन जरूरी है। न्यायमूर्ति संतोष राय की एकलपीठ ने यह टिप्पणी करते हुए फतेहपुर के तीन दोषियों की अपील खारिज कर दी। मामला वर्ष 1983 में फतेहपुर के ललौली थाना क्षेत्र का है। जमीन पर निर्माण के लिए नींव खोदने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। विरोध करने पर आरोपियों ने चंकू, भदौवा और टिटुली पर लाठी-डंडों और अन्य कठोर वस्तुओं से हमला कर दिया था। हमले में तीनों घायल हुए थे। गंभीर चोटों के कारण भदौवा की मौत हो गई थी। मामले में सत्र न्यायालय ने आरोपियों को गंभीर चोट पहुंचाने और मारपीट का दोषी ठहराते हुए पांच साल और छह-छह महीने की कैद सुनाई थी। इसके खिलाफ बाबूलाल, घसीटवा उर्फ घसीटा, रामदास और रामलाल ने हाईकोर्ट में अपील की थी। अपील लंबित रहने के दौरान घसीटवा की मृत्यु हो गई। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि मृतक के सिर की हड्डियां टूटी थीं और मस्तिष्क की झिल्लियों के साथ मस्तिष्क में भी गंभीर चोटें थीं। मेडिकल साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से हमले की गंभीरता स्पष्ट थी। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट को इन परिस्थितियों का अधिक सावधानी और समग्रता से मूल्यांकन करना चाहिए था। निचली अदालत की ओर से साक्ष्यों के मूल्यांकन में गंभीर कानूनी त्रुटि हुई थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि कम से कम आरोपियों को गैर इरादतन हत्या के अपराध में दोषी ठहराए जाने का आधार बनता था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि महत्वपूर्ण साक्ष्यों की अनदेखी और रिकॉर्ड से अलग निष्कर्ष निकालना न्यायिक जिम्मेदारी के निर्वहन में गंभीर चूक है। हालांकि, राज्य या पीड़ित की ओर से सजा बढ़ाने अथवा दोषसिद्धि को अधिक गंभीर अपराध में बदलने की अपील नहीं की गई थी। इसलिए आरोपियों के खिलाफ इस अपील में सजा बढ़ाना उचित नहीं होगा। आरोपियों की उम्र 60 साल से अधिक होने के आधार पर प्रोबेशन देने की मांग भी कोर्ट ने ठुकरा दी। कोर्ट ने कहा कि अधिक उम्र हो जाने मात्र से प्रोबेशन का लाभ स्वतः नहीं मिल जाता। अपराध की प्रकृति और उसके परिणामों को भी देखना जरूरी है। हाईकोर्ट ने तीनों की सजा बरकरार रखते हुए उन्हें 10 दिन के भीतर संबंधित अदालत में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है।

छात्रवृत्ति घोटाले के आरोपी को राहत नहीं, डिस्चार्ज अर्जी दाखिल करने की छूट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मेरठ में छात्रवृत्ति राशि के कथित गबन से जुड़े मामले में आरोपी मोहम्मद तैयब उर्फ तैयब की याचिका पर हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने आरोप पत्र रद्द करने से इन्कार करते हुए आरोपी को ट्रायल अदालत में 30 दिन के भीतर डिस्चार्ज प्रार्थना पत्र दाखिल करने की छूट दी है। याची के खिलाफ थाना ईओडब्ल्यू, मेरठ में एफआईआर दर्ज है।केस में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया है। याचिका में 25.मार्च.2025 के संज्ञान आदेश और विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट), मेरठ की अदालत में लंबित सत्र वाद राज्य बनाम शमशाद व अन्य की पूरी कार्यवाही रद्द करने की मांग की गई थी आवेदक के अधिवक्ता सुनील चौधरी ने कहा कि एफआईआर में केंद्र सरकार की छात्रवृत्ति योजना के तहत 2,48,000 रुपये नकद और तय प्रक्रिया के बिना बांटे जाने का आरोप है। एफआईआर के मुताबिक सत्यापन नहीं हुआ और बैंक खाते भी नहीं खोले गए। बचाव में कहा गया कि वितरण जिला कृषि अधिकारी, मेरठ की देखरेख में 18.मई.2011 के आदेश के अनुसार हुआ और इसके अभिलेख पेपर बुक में मौजूद हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि साक्ष्य पर्याप्त हैं या नहीं, इसका परीक्षण निचली अदालत डिस्चार्ज के स्तर पर करेगी। इस चरण पर यह तय नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अर्जी दाखिल होने पर संबंधित अदालत उसे विधि अनुसार तय करे।

हाई कोर्ट ने बर्खास्तगी को सही ठहराया

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पेपर प्लांट की मशीन में लोहे की पट्टी डालकर उसे बंद करने के आरोप में नौकरी से हटाए गए शिफ्ट सुपरवाइजर अनिल कुमार शर्मा की याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने यह आदेश दिया। अनिल कुमार शर्मा मेसर्स पसवारा पेपर्स (प्रा.) लिमिटेड में शिफ्ट सुपरवाइजर थे। 16 फरवरी 1992 को सुबह करीब 5 बजे ड्यूटी के दौरान प्लांट की मशीनें रुक गईं। जांच में मशीन में लोहे की पट्टी फंसी मिली। इसके बाद घरेलू जांच बैठी, जिसमें चार दशक से अधिक अनुभव वाले अधिवक्ता को जांच अधिकारी बनाया गया। आरोप सिद्ध पाए जाने पर 28 मई 1992 को उन्हें सेवा से हटा दिया गया।

प्रथम पृष्ठ के शेष

राहुलने फिर...

बना सकते हैं, लेकिन वह आमने-सामने की बहस के लिए तैयार हैं। राहुल ने दावा किया कि ऐसी चर्चा के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रह पाएंगे। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने प्रधानमंत्री के दिवाली मिलन समारोह में टेलीप्रॉम्प्टर के इस्तेमाल को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि कार्यक्रम, लोग और माहौल सब प्रधानमंत्री के अपने थे, फिर भी उन्हें स्क्रिप्ट की जरूरत पड़ी। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री बहस में भी टेलीप्रॉम्प्टर लेकर आ सकते हैं और अपनी पसंद का निर्णायक चुन सकते हैं, लेकिन उन्हें बहस के लिए सामने आना चाहिए।

बिहार : सड़क हादसे...

घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया। दुर्घटना में शंभु सिंह, उनकी पत्नी उषा देवी और पड़ोसी मंजु रानी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, कार चालक समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ विनोद कुमार और थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए कटिहार भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटाने और यातायात व्यवस्था सामान्य कराने की काररवाई शुरू की। एसडीपीओ विनोद कुमार ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि कार चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों का कटिहार में इलाज चल रहा है।

बिहारमें चार...

लगातार अपनी जमीन बेच रहा था। 7 कट्ठा जमीन की उसने रजिस्ट्री कर दी थी। इस बात की जानकारी होने पर परिवार में विवाद शुरू हो गया ।राहुल की पत्नी सीमा देवी जमीन की रजिस्ट्री का नकल लेकर आई थी। इसी बात को लेकर घर में कहासुनी हुई ।विवाद बढ़ने पर राहुल घर छोड़कर चला गया। इसके बाद परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया। राहुल की मां निर्मला देवी 55 वर्ष, पत्नी सीमा देवी और बेटे मुन्ना 12 वर्ष की मौत हो गई। जबकि बेटी ऋषिका की हालत गंभीर है। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

सबरीमाला घी...

ओडुनछत्रम निवासी वेंकटेश्वरन और कुमारन के रूप में हुई है। दोनों थोक में घी का कारोबार करते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, उनकी गिरफ्तारी गुरुवार शाम दर्ज की गई। जांच एजेंसी के अनुसार, दोनों व्यापारियों ने कथित तौर पर उस घी को खरीदा था, जिसे ठेकेदार एसएस बिनु ने सबरीमाला मंदिर पहुंचाने के बजाय दूसरी जगह भेज दिया था। बिनु को त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के साथ हुए अनुबंध के तहत डेयरी से सबरीमाला मंदिर तक मिल्मा का घी पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी। मिल्मा, केरल कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (केसीएमएमएफ) का ब्रांड है। पिछले सबरीमाला तीर्थयात्रा सीजन के दौरान मंदिर में घी की आपूर्ति का ठेका इसी ब्रांड को मिला था। वीएसीबी के मुताबिक, आरोप है कि बिनु ने मंदिर के लिए भेजे जाने वाले घी की खेप सबरीमाला पहुंचाने के बजाय तमिलनाडु के ओडुनछत्रम में दोनों व्यापारियों को बेच दी। इस सौदे की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है।

विपक्षको...

से कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा हम संविधान और उसके मूल्यों के लिए लड़ रहे हैं। हम इसलिए लड़ रहे हैं क्योंकि हमारे देश की वे सभी संस्थाएं, जो संविधान और उसके मूल्यों को बनाए रखती हैं, उन्हें बीजेपी द्वारा सुनियोजित तरीके से नष्ट किया जा रहा है। महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए केंद्र सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। सरकार का दावा है कि बिल को पारित कराने के लिए उसके पास पर्याप्त संख्या बल से डेढ़ दर्जन अधिक सदस्यों का समर्थन है। 91 दिन बाद भी मानसून सत्र के सत्रावसान न होने पर विशेष सत्र को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सरकार के सूत्र ने कहा कि जरूरी संख्या बल जुटाने के लिए सरकार की ओर से करीब-करीब सभी दलों से संपर्क साधा गया है। सभी दलों से कहा गया कि सरकार का इरादा आनुपातिक रूप से हर राज्य की लोकसभा और विधानसभा की सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी करने का है। इसे विधेयक के मूल मसौदे में भी शामिल किया जायेगा।

मुख्यमंत्रीको...

फर्जी नाम दर्ज होने के कारण मतदाता सूची से हटाये गये हैं। अखिलेश ने दावा किया कि भाजपा मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों से लोगों को लाकर मतदाता बनवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए ऐसे लोगों को शामिल करने की योजना बनायी जा रही है, जिनका नाम पहले से पंजीकृत नहीं है। सपा अध्यक्ष ने भाजपा की बैठक और मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर पार्टी की रणनीति पर सवाल उठाये। सपा अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट कर चंद्रशेखर-ओवैसी गठबंधन पर कहा था कि पीडीए समाज की आवाज उठाने वाले हर दल का करेंगे सहयोग; बोले- मोर्चों से लोकतंत्र मजबूत होता है, लेकिन मंशा समाज की भलाई की होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी के 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' का स्वागत किया है। सामाजिक स्तर पर परिवर्तन जरूरी है, लेकिन वास्तविक सफलता तभी मिलेगी, जब राजनीतिक परिवर्तन का मोर्चा भी सक्रिय होगा। अखिलेश ने दावा किया कि इस तरह के नये राजनीतिक विकल्प से भाजपा को दो से तीन प्रतिशत वोटों का नुकसान हो सकता है। पीडीए समाज के हित में साम्प्रदायिक ताकतों से लड़ने और उसकी आवाज उठाने वाले दलों की ईमानदार आवाज जनता तक पहुंचाने में सपा सहयोग करेगी।

मणिपुरमें वाहनों...

सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास एक इलाके में दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान 42 साल की एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वहीं, दो पुरुष घायल हो गये थे। मणिपुर में मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू हुई थी। यह हिंसा घाटी में रहने वाले मैतेई समुदाय और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच शुरू हुई थी। इस हिंसा में अब तक कम से कम 306 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 49 लोग अब भी लापता हैं। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नागा समुदायों के बीच झड़पें हो रही हैं। इन झड़पों में अब तक कम से कम 50 लोगों की मौत हो चुकी है।

भारतको जानना...

सफर करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कर्नाटक दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इनमें पिंक लाइन मेट्रो और वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत के साथ-साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए चार रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी शामिल है। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नई मेट्रो लाइन पर सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे और तवारेकेरे से आईआईएम (आईआईएम) बंगलूरू मेट्रो स्टेशन तक सफर करेंगे। इसके अलावा, वे बंगलूरू में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। साथ ही, एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एस-व्यासा यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह और आरएसएस के पूर्व महासचिव एच.वी. शेषाद्रि की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कर्नाटक की राज्यपाल सुधा यादव और आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले भी मौजूद रहें।

बंगालमें बारह...

ने पैसे लौटा दिये हैं। बाकी लोगों से भी ऐसा ही करने को कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि पिछली सरकार के दौरान हुए कथित संस्थागत भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। अधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों ने इन लाभार्थियों को धोखाधड़ी से आर्थिक सहायता प्राप्त करने में मदद की, उनकी पहचान की जायेगी और उनके खिलाफ काररवाई की जायेगी। हम सीआईडी जांच भी शुरू करेंगे। टीएमसी सरकार पर गरीबों के लिए बनी ग्रामीण आवास योजना का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए अधिकारी ने कहा कि उन्होंने झूठा दावा किया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो उनकी बंगलार बारी परियोजना के तहत आने वाले 18-19 लाख लोगों को पैसे नहीं मिलेंगे।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
हल्द्वानी- कालाढूंगी रोड
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९७०
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१

ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५

पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए अनुज कुमार कुलश्रेष्ठ जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

गर्लफ्रेंड को शिक्षक के साथ पिज्जा खाते देख बौखलाया प्रेमी

खुलासा, चाकू पर धार लगवाई और कर दी हत्या

आगरा। कोचिंग संचालक और शिक्षक ओमप्रकाश यादव 58 की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शिक्षक की हत्या किसी पेशेवर अपराधी ने नहीं, बल्कि उनकी पूर्व छात्रा के प्रेमी निखिल 22 ने की थी। हत्या के पीछे की वजह प्रेम संबंधों को लेकर पैदा हुआ शक बताया जा रहा है। आरोपी को संदेह था कि शिक्षक उसकी गर्लफ्रेंड को अपने प्रभाव में लेकर ब्लैकमेल कर रहे हैं। कुछ दिन पहले उसने अपनी गर्लफ्रेंड को शिक्षक के साथ पिज्जा खाते देख लिया था। इसी बात ने उसके मन में शक और गुस्से को और बढ़ा दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि निखिल ने शिक्षक की हत्या की योजना पहले से बना ली थी। वारदात से तीन दिन पहले उसने घर में रखे मटन काटने वाले चाकू को 30 रुपये खर्च करके धार लगवाई थी, इसके बाद दो नवंबर की शाम वह चाकू और कपड़ों से भरा बैग लेकर कोचिंग पहुंचा। वहां शिक्षक से गर्लफ्रेंड को लेकर बातचीत शुरू हुई, जो देखते ही


निखिल,आरोपी

देखते विवाद और फिर खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि निखिल ने शिक्षक पर चाकू से कई वार किए और पीछे से उनका गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने कोचिंग के ब्लैकबोर्ड पर मार्कर से ओपी यादव द रेपिस्ट लिख दिया, ताकि पुलिस की जांच को दूसरी दिशा में मोड़ा जा सके। इसके बाद वह शिक्षक का मोबाइल और स्कूटी लेकर फरार हो गया। चार दिन तक कोचिंग के बेसमेंट में शिक्षक का शव पड़ा रहा। छह नवंबर को दुर्गंध आने पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि निखिल का एक 21 वर्षीय युवती के साथ करीब 11 महीने से प्रेम संबंध था। युवती लगभग दो साल पहले ओमप्रकाश यादव की कोचिंग में पढ़ती थी। इसी दौरान शिक्षक से उसका परिचय हुआ था। निखिल को संदेह था कि शिक्षक और उसकी गर्लफ्रेंड के बीच सामान्य छात्र-शिक्षक के रिश्ते से ज्यादा कुछ चल रहा है। आरोपी को लगता था कि शिक्षक ने उसकी गर्लफ्रेंड को अपने प्रभाव में ले रखा है और उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। उसने पहले भी ओमप्रकाश यादव से इस संबंध में बातचीत की थी। कुछ दिन पहले उसने अपनी गर्लफ्रेंड को शिक्षक के साथ पिज्जा खाते देख लिया।

इस घटना के बाद उसका शक गहरा गया और उसने शिक्षक को रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया। पुलिस की पूछताछ में हत्या की तैयारी से जुड़ी चैंकाने वाली जानकारी सामने आई है। आरोपी ने वारदात से तीन दिन पहले घर में रखे मटन काटने वाले चाकू को धार लगवाया था।

दो नवंबर की शाम निखिल एक बैग में चाकू और कपड़े लेकर कोचिंग पहुचा। पुलिस के मुताबिक, कोचिंग संचालक ओमप्रकाश यादव ने उसे देखते ही नाराजगी जताई। इसके बाद दोनों के बीच गर्लफ्रेंड को लेकर बातचीत शुरू हुई। निखिल शिक्षक का मोबाइल चेक करना चाहता था, ताकि उसे अपने संदेह से जुड़ी जानकारी मिल सके। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि शिक्षक ने निखिल के साथ मारपीट की और बचाव में उस पर ताला भी फेंका।

इसी संघर्ष के दौरान निखिल ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। हड़बड़ी में पहला वार शिक्षक के चेहरे पर लगा। इसके बाद वह लड़खड़ाकर जमीन पर गिर पड़े। शिक्षक के जमीन पर गिरने के बाद भी आरोपी नहीं रुका।

उसने उनकी पीठ पर कई वार किए और फिर पीछे से उनका गला रेत दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शिक्षक के शरीर पर चोट के नौ निशान मिले थे। इनमें सात निशान धारदार हथियार से किए गए वार के थे। हत्या के बाद आरोपी ने कुछ देर तक यह सुनिश्चित किया कि शिक्षक की मौत हो चुकी है। इसके बाद उसने खून से सने कपड़े बदले और ब्लैकबोर्ड पर मार्कर से ह्यओपी यादव रेपिस्ट लिख दिया और फरार हो गया।

ताजनगरी में हनीट्रैप का सनसनीखेज मामला

लड़की से मिलवाने के बहाने लड़के को बुलाया, कमरे में बंधक बनाया

कपड़े उतारे, अश्लील वीडियो बनाने का प्रयास, पांच लाख की रंगदारी मांगी, 8 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

आगरा। ताजनगरी में हनीट्रैप के जरिए युवक को फंसा कर बंधक बनाने और उससे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बताया गया है कि न्यू आगरा क्षेत्र के रंगदारों ने पहले युवक को व्हाट्सएप कॉल के जरिए लड़की से मिलवाने का झांसा दिया फिर उसे मिलने के बहाने कृष्णबाग दयालबाग स्थित एक कमरे पर बुला लिया।

युवक जैसे ही कमरे में पहुंचा, वहां पहले से मौजूद 7 युवा मौजूद थे। उन्होंने युवक को घेर लिया इसके बाद दरवाजा बंद कर उसके साथ मारपीट की गई और उसके कपड़े उतार कर अश्लील वीडियो बनाने का प्रयास किया गया।

आरोप है कि आरोपियों ने तमंचे के बल पर युवक को डराया, धमकाया एवं जान से मारने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी, इसी दौरान युवक रंगदारों के चंगुल से निकल कर सीधे थाना न्यू आगरा पहुंचा। उसने पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी। पुलिस ने पीडित युवक की तहरीर के आधार पर आठ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। मामले की गम्भीरता के मद्देनजर थाना न्यू आगरा पुलिस ने पीडित की शिकायत के आधार पर मुख्य आरोपी हेमंत शर्मा के अलावा सात अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों पर गम्भीर धाराएं लगाई हैं। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगा।

पुलिस मामले की छानवीन में जुटी है। ताजनगरी में यह घटना कोई पहली नहीं हैं, इससे पूर्व भी हनीट्रैप के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। पुलिस ने बताया कि हैंडशमल लड़कें व्हाट्सएप एआई के जरिए खुद को लड़की बता कर इसी तरह हाई प्रोफाइल लड़कों को हनीट्रैप में फंसाते हैं, फिर उनसे उगाही करते हैं।

मौसम बदलते ही डेंगू ने पैर पसारे

आगरा। ताजनगरी में मौसम के बदलते ही डेंगू ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। गुरूवार को 17 मरीजों के सैम्पल लिए गए इनमे चार मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है इनमें दो बच्चे शामिल हैं। सीएमओ डॉ, अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि तेज बुखार और मांसपेशियों में दर्द वाले मरीजों की जांच कराई गई, इनमें चार को डेंगू की शिकायत है, जिनका घर पर ही इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग मरीजों की हर रोज मॉनिटरिंग कर रहा है, मरीजों की तवियत सुधर रही है, उधर जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अभी दो से तीन सप्ताह तक डेंगू का खतरा बना रहेगा। आगरा जनपद में अब तक 32 मरीज सामने आ चुके हैं, जो कि स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि बाहर का तापमान कम होने से मच्छर घरों के कोनों एवं पर्दों आदि के पीछे छिप जाते हैं इसलिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं आसपास सफाई का विशेष ख्याल रखें साथ ही इन दिनों पानी का स्टॉक न करें। टंकी की सप्ताह में एक बार सफाई करें, गमले आदि में ज्यादा पानी न डालें। डेंगू से डरने की नहीं अहतियात बरतने की जरूरत है।


माहराणा प्रताप कॉलोनी नरक में तब्दील, चहुंओर जलभराव।

नगर निगम और वन विभाग की टीम ने लंगूर को रेस्क्यू किया

पेड़ पर तीस घंटे तक जिंदगी और मौत से जूझता रहा

आगरा। ताजनगरी के नामनेर के लोरिस कॉम्प्लेक्स के समीप पेड पर तीस घंटे से जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे एक लंगूर को नगर निगम एवं वन विभाग ी टीम ने रेस्क्यू किया, वेजुवान की जिंदगी बचा ली वरना लंगूर काल कल्वित हो जाता। बताया गया है कि लोरिस कॉम्प्लेक्स स्थित एक होटल संचालक ने बंदरों को भगाने के लिए लंगूर पाल रखा है। विगत दिवस सुबह होटल के समीप लगे पेड़ पर लंगूर चढ़ गया, इसी दौरान उसके गले में बंधी रस्सी पेड़ की डाल में फंस गई। लंगूर ने खुद को छुडाने की बहुत कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहा।

लंगूर को पेड पर उलटा लटका देख आसपास के लोगों की भीड जमा हो गई। होटल संचालक ने मामले की जानकारी तत्काल नगर निगम एवं वन विभाग सहित पुलिस को दी। लंगूर को पेड पर लटके लंबा समय बीत गया। वह जिंदगी और मौत से जूझता रहा। सूचना के बाद नगर निगम एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दोनों विभागों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया, करीब तीस मिनट की भारी मशक्कत के बाद लंगूर को केन की मदद से नीचे उतारा गया, उसके गले में फंसी रस्सी को खोला तब कहीं उसकी जान बची वरना वह काल कल्वित हो जाता।

स्पाइसजेट की नान शेड्यूल फ्लाइट ने खेरिया एयरपोर्ट पर स्टाफ को कवायद कराई

आगरा। स्पाइस जेट की एक फ्लाइट की ताजनगरी में देर रात लैडिंग यहां खेरिया एयरपोर्ट पर होनी थी, जिसने स्टाफ की खूब कवायद कराई। फ्लाइट के आने की जानकारी तो दी गई लेकिन तय समय पर फ्लाईट नहीं आई और न ही उसके देरी से आने की जानकारी समय रहते दी गई, इससे ऊहापोह की स्थिती बनी रही इसके बाद रात साढ़े दस बजे अचानक फ्लाइट आगरा खेरिया एयर पोर्ट पहुंची। आनन-फानन में स्टाफ को बुलाया गया, एवं सभी इंतजाम कर फ्लाइट की लैडिंग कराई गई। विमान में करीब अस्सी विदेशी मेहमान थे जो कि रात्रि प्रवास करने के बाद शुक्रवार की दोपहर फ्लाइट नई दिल्ली को रवाना हो गई। खेरिया हवाई अड्डे के निदेशक विवेक शर्मा ने बताया कि यह हवाई अड्डे पर नॉन-शेड्यूल फ्लाइटों का आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने बताया कि नॉन शेड्यूल फ्लाइटें एक प्रकार से चार्टर विमान सेवाओं की तरह होती हैं और खेरिया हवाई अड्डे पर ऐसी फ्लाइटें आती रहती हैं।

दो समुदाय के आपसी झगड़े में मुकदमा दर्ज

फतेहपुर सीकरी।थाना क्षेत्र सीकरी के कस्बा में गुरुवार शाम दो पक्षों के झगड़े में आधा दर्जन लोगों के गंभीर चोटें आई वहीं दूसरी पक्ष की ओर से एक के खिलाफ अश्लीश कमेंट छेड़छाड़ तथा जान से मारने की धमकी में मुकदमा दर्ज हुआ है पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। कस्बा में उस समय हड़कंभ मच गया जब दों पक्षों में मारपीट होने लगी। मारपीट में घायल सुनील गोयल, लक्ष्य गोयल, अनूप गोयल, प्रमोद चाहर, दिलीप आदि के चोट आई है। पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर आरोपी भूरी पुत्र शैलेश एवं ,अज्ञात के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लीश कमेंट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी हे।

इजरायली पर्यटक की मददगार बनी कमिश्नरेट पुलिस



फतेहपुर सीकरीं। ऐतिहासिक स्मारकों का भ्रमण करने फतेहपुर सीकरी पहुचे एक इजरायली पर्यटक की बाइक कुछ समय के लिए गुम हो गई। परेशान पर्यटक ने सीकरी थाने पहुंचकर पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बाइक की तलाश की और उसे खोजकर पर्यटक के सुपुर्द कर दिया। बाइक मिलने पर पर्यटक ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने बताया कि इजरायली पर्यटक नोबेल अपनी महिला मित्र लीना के साथ बाइक से भारत भ्रमण पर निकले हैं। शुक्रवार को दोनों फतेहपुर सीकरी के ऐतिहासिक स्मारकों को देखने पहुचे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी बाइक गुलिस्तां पार्किंग के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वे वापस लौटे तो बाइक निर्धारित स्थान पर नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर पर्यटक सीकरी थाने पहुंचे और पुलिस से सहायता मांगी।मामले की जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक गौरव मलिक पर्यटक को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और आसपास के क्षेत्र में बाइक की तलाश शुरू की। पुलिस के प्रयास से बाइक मिल गई और उसे पर्यटक के सुपुर्द कर दिया गया। बाइक वापस मिलने पर पर्यटक नोबेल ने राहत की सांस ली और सीकरी पुलिस का आभार व्यक्त किया।

कई चौकी प्रभारी इधर से उधर

आगरा। पुलिस कमिश्नरेट के नगर जोन में दरोगाओं के बंपर तबादलों ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। डीसीपी सिटी रविंद्र कुमार ने शहर की कई महत्वपूर्ण चैकियों के प्रभारियों को बदलते हुए नए दरोगाओं को जिम्मेदारी सौंपी है। इस फेरबदल की सबसे बड़ी चर्चा यह है कि लंबे समय से महत्वपूर्ण चैकियों पर जमे कई मठाधीश और विवादित छवि वाले दरोगाओं को हटाकर साइडलाइन कर दिया गया है। नए चेहरों पर भरोसा जताते हुए उन्हें महत्वपूर्ण इलाकों की कमान सौंपी गई है।इस बदलाव के बाद पुलिस महकमे में चचाओं का बाजार गर्म है। जिन दरोगाओं की चैकियां बदली गई हैं, उनमें कुछ अपनी वरिष्ठता और अनुभव का हवाला देकर तबादला सूची पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं विभाग के दूसरे पुलिसकर्मियों का तर्क है कि चौकी की जिम्मेदारी केवल वरिष्ठता के आधार पर नहीं मिलती, बल्कि कार्यशैली, अनुशासन और जवाबदेही भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में इस फेरबदल को नगर जोन में पुलिसिंग की कार्यशैली बदलने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।नगर जोन में कुछ ऐसे दरोगा भी महत्वपूर्ण चैकियों पर पहुंचने में सफल रहे थे, जिनका पूर्व में विवादों से नाता रहा है। विभागीय चचाओं के मुताबिक, इनमें से कुछ को अलग-अलग मामलों में निलंबन या लाइन हाजिरी जैसी कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। हालांकि, कुछ समय बाद बहाली होने पर वे फिर नगर जोन में तैनात हो गए और उन्हें महत्वपूर्ण चैकियों की जिम्मेदारी भी मिल गई, इससे विभाग के भीतर यह सवाल उठता रहा कि यदि किसी दरोगा के खिलाफ गंभीर शिकायतों या विवादों के चलते कार्रवाई की गई थी तो कुछ समय बाद उसे फिर उसी तरह की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कैसे मिल गई? अब ताजा फेरबदल में ऐसे कई पुराने चेहरों को चौकी प्रभारी की कुर्सी से हटा दिया गया है। इसे पुलिस महकमे में लंबे समय से जमे लोगों की जिम्मेदारियों में बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।डीसीपी सिटी रविंद्र कुमार ने शहर की कई महत्वपूर्ण चैकियों पर नए प्रभारी नियुक्त किए हैं। सराय ख्वाजा, शाहगंज डिवीजन, बोदला, आगरा फोर्ट, फैक्ट्री एरिया, बसई, ताजगंज, ताजमहल, रुनकता, बेलनगंज और शहीद नगर समेत कई चैकियों पर बदलाव किया गया है।

स्कूटी का हैंडल लगने पर हुआ घमासान, इलाके में भगदड़

तेलीपाड़ा में दो पक्षों के बीच जमकर पथराव

पुलिस ने किया लाठी चार्ज, तनावपूर्ण शांति

आगरा। थाना ताजगंज क्षेत्र में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच ऐसा विवाद हुआ कि देखते ही देखते जमकर पथराव और मारपीट शुरू हो गई। मोहल्ला तेलीपाड़ा में स्कूटी का हैंडल एक युवक की भाभी के हाथ में लगने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के लोगों ने फोन कर अपने-अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद दोनों ओर से ईंट-पत्थर बरसने लगे। अचानक हुए पथराव से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी और थाना ताजगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उपद्रव कर रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बल प्रयोग किया और दोनों पक्षों के लोगों को मौके से खदेड़ा। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर आठ नामजद समेत 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।जानकारी के मुताबिक, तेलीपाड़ा में अनमोल नामक युवक की भाभी के हाथ में स्कूटी का हैंडल लग गया था। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। शुरूआत में मामूली दिख रहा यह विवाद कुछ ही देर में बढ़ गया। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे से भिड़ गए। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से लोगों ने फोन करके अपने परिचितों और साथियों को बुला लिया। इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई और देखते ही देखते मारपीट के साथ पथराव शुरू हो गया। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर जमकर



ईंट-पत्थर फेंके गए।इलाके में पथराव और मारपीट की सूचना पर पीआरवी और ताजगंज थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। उस समय दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर हमलावर थे। पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए बल प्रयोग किया और उपद्रव कर रही भीड़ को मौके से खदेड़ दिया। पुलिस की कार्रवाई के बाद स्थिति नियंत्रित हुई।पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया है। प्रथम पक्ष की ओर से अनमोल, शिवम और चैब सिंह निवासी बसई कलां को नामजद किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से फैजान, बंटी, हुसैन, चांद और नसरु निवासी तेलीपाड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है, इसके अलावा दोनों पक्षों के 10 से 12 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

वार्ष्णेय सभा का वार्षिकोत्सव 15 नवंबर को, प्रतिभाओं का होगा सम्मान

आगरा। श्री वार्ष्णेय सभा के वार्षिकोत्सव-2026 का आयोजन 15 नवंबर को दोपहर दो बजे से सूरसदन प्रेक्षागृह में होगा। शुक्रवार को सौंठ की मंडी स्थित अक्रूर वाटिका में समारोह के आमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की और समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। सभा के अध्यक्ष दाऊदयाल गुप्ता और कार्यक्रम संयोजक संजीव बाबू गुप्ता ने बताया कि वार्षिकोत्सव समाज की एकजुटता, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर है। कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान किया जाएगा। मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ अक्रूर वाटिका में आयोजित खेलकूद और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मंत्री विनोद कुमार गुप्ता और स्वागत अध्यक्ष डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि समारोह में 31वें सनातन-संस्कृति विशेषांक और सभा की वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण भी किया जाएगा। महिला अध्यक्ष श्वेता वार्ष्णेय ने बताया कि आयोजन में समाज की सांस्कृतिक, धार्मिक और साहित्यिक गतिविधियों को भी प्रस्तुत किया जाएगा।



एडीए उपाध्यक्ष विजय कुमार ताजमहल के समीप विकास कार्यों का निरीक्षण करते।

मनरेगा में फर्जी लेबर फीडिंग का आरोप, मंडलायुक्त ने दिए जांच के आदेश

पदमनेर ग्राम पंचायत में नौ मजदूरों के काम के बदले 96 की फीडिंग कराने का दावा

शिकायतकर्ता ने स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने और सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने की मांग की



मैनपुरी। विकासखंड बेवर की ग्राम पंचायत पदमनेर में मनरेगा कार्यों के नाम पर कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। संपर्क मार्ग निर्माण से जुड़े कार्य में वास्तविक मजदूरों की संख्या से अधिक श्रमिकों की ऑनलाइन फीडिंग कराए जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में आगरा मंडलायुक्त को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, ग्राम पंचायत में एक व्यक्ति के घर से नाले की पुलिया तक कराए जा रहे कार्य में मौके पर नौ मजदूर काम कर रहे थे, जबकि 29 सितंबर 2026 से प्रतिदिन 96 लेबर की फीडिंग किए जाने का दावा किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ऑनलाइन पोर्टल पर करीब नौ सौ मजदूरों की संख्या दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि पहले जिला विकास अधिकारी से शिकायत की गई थी। इसके बाद खंड विकास अधिकारी को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए गए। आरोप है कि जांच की जानकारी पहले ही ग्राम प्रधान को मिल गई, जिसके बाद मजदूरों की उपस्थिति दिखाने के लिए मौके पर फोटो खिंचवाए गए और शाम को 96 लेबर की फीडिंग करा दी गई। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि ऑनलाइन दर्ज 96 लेबर में 38 महिला मजदूर शामिल थीं, जबकि शिकायतकर्ता के अनुसार मौके पर खिंचवाई गई तस्वीरों में कोई महिला मजदूर दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने मामले से संबंधित ऑनलाइन वीडियो उपलब्ध होने की बात भी कही है।

स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग

शिकायतकर्ता ने मंडलायुक्त से किसी अन्य संस्था या स्वतंत्र टीम से जांच कराने की मांग की है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। साथ ही कहा है कि यदि अनियमितता प्रमाणित होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

विकास योजनाओं की खराब प्रगति पर डीएम नाराज, अधिकारियों को नोटिस के निर्देश

कई विभागों को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर मिले 10 में से सिर्फ पांच अंक

एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर जिम्मेदारी तय कर होगी दंडात्मक कार्रवाई

मैनपुरी। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड और मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान कई विभागों की खराब प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कुछ विभागों की कार्यशैली के कारण जनपद की रैंकिंग में गिरावट आई है।

कई योजनाओं के क्रियान्वयन में 10 में से केवल पांच अंक मिलना अधिकारियों की लापरवाही को दशार्ता है। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, जनजाति, सामान्य और पिछड़ा वर्ग की पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, फैमिली आईडी, सेतुओं का निर्माण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पोषण अभियान और सीआईएमएस के अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति पर असंतोष जताया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं और परियोजना प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि एक सप्ताह में प्रगति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि नियमित समीक्षा के बावजूद कुछ अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने तत्काल प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को प्रतिदिन कम से कम पांच-पांच विद्यालयों का भ्रमण करने को कहा गया। साथ ही छात्रवृत्ति के लंबित आवेदन पत्रों को अग्रसारित कराने के निर्देश दिए, ताकि पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिल सके।

धान खरीद और राजस्व मामलों में भी सुधार के निर्देश

धान खरीद में डी-श्रेणी मिलने पर जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को सभी क्रय केंद्र सक्रिय रखने और किसानों का धान निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदकर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में धान खरीद की स्थिति बेहद निराशाजनक है। अंश निर्धारण के तीन आवेदन डिफॉल्टर श्रेणी में पाए गए। इनमें दो तहसील सदर और एक किशनी में लंबित हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। आबकारी, नाम संशोधन, भू-आवंटन और स्वामित्व से जुड़े मामलों में भी प्रगति सुधारने को कहा।

विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने निजामपुर में लगाई चौपाल, सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं रखीं, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने पर दिया जोर

भोगांव। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निजामपुर में विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं विधायक के सामने रखीं। विधायक ने एक-एक कर समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान विधायक ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पात्र ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजू लोधी, जितेंद्र बाबू राजपूत, प्रताप राजपूत, रोहन लाल वर्मा, संजीव राजपूत, सुनील राजपूत, बोबी मिश्रा, विश्वंभर तिवारी, राहुल यादव, प्रधान सोनी यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

करंट की चपेट में आकर युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

टीचर कॉलोनी के पास सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से लगा करंट

28 वर्षीय युवक ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम, चार साल का है बेटा

बेवर। कस्बे की शर्मा वाली गली निवासी नितिन मिश्रा (28) की शुक्रवार दोपहर करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। थाने में तहरीर देते हुए रोहित कुमार मिश्रा पुत्र सुनील कुमार निवासी टीचर कॉलोनी ने बताया कि उनका चचेरा भाई नितिन मिश्रा शुक्रवार दोपहर घर से बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान टीचर कॉलोनी के पास सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल की चपेट में आने से उसे करंट लग गया।

गंभीर हालत में परिजन और स्थानीय लोग उसे जिला अस्पताल मैनपुरी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, नितिन की शादी वर्ष 2020 में हुई थी और उसका चार साल का एक बेटा है। पत्नी लकी का रो-रोकर बुरा हाल है। नितिन दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई बाहर काम करता है, जबकि पिता मजदूरी करते हैं।

सेंट मेरीज स्कूल में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर मैजिक शो, बच्चों ने उठाया आनंद

जादूगर एनएस सम्राट ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, अंधविश्वास और नशामुक्ति पर दिया संदेश



मैनपुरी। बाल दिवस की पूर्व संध्या पर सेंट मेरीज स्कूल में विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक और शिक्षाप्रद मैजिक शो का आयोजन किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक दीपक जी. दास ने जादूगर एनएस सम्राट का बुके भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद जादूगर और उनकी टीम ने विभिन्न करतब दिखाकर विद्यार्थियों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में 'वाटर ऑफ इंडिया' जादू आकर्षण का केंद्र रहा। करीब एक घंटे तक चले शो में बच्चों ने खूब आनंद लिया। जादूगर ने विद्यार्थियों को बताया कि जादू कोई चमत्कार नहीं, बल्कि नजरों का धोखा, हाथ की सफाई और अभ्यास की कला है। शो के माध्यम से विद्यार्थियों को अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने, नशाखोरी के नुकसान, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, शिक्षकों के सम्मान, रक्तदान और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मोबाइल और इंटरनेट के दुष्प्रभावों से बचने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मयंक सक्सेना ने किया। प्रधानाचार्य डेमियन एंथनी ने जादूगर की टीम और आयोजन में सहयोग करने वालों के प्रति आभार जताया। इसी क्रम में कचहरी रोड स्थित विद्यालय में भी जादूगर एनएस सम्राट ने मैजिक शो प्रस्तुत किया। सुबह प्रार्थना सभा के बाद छात्र-छात्राएं मैदान में एकत्रित हुए। प्रधानाचार्या ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और जादूगर का स्वागत किया। जादू के करतब देखकर बच्चों ने तालियों और हंसी के साथ उत्साह जताया। अंत में जादूगर ने समझाया कि जादू कोई चमत्कार या काला जादू नहीं, बल्कि हाथ की सफाई और अभ्यास से जुड़ी कला है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मनोरमा, प्रबंधक दीपक जी. दास, सहायक निदेशक कुशाग्र दास, प्रधानाचार्य डेमियन एंथनी, उपप्रधानाचार्य दीपांकर विश्वास, इंचार्ज कमलेश गेरा, केजी सेक्शन इंचार्ज अंजना अधिकारी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

जनपद के विकासखंड सोरों के निरीक्षण में कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित, डीएम ने जताई नाराजगी

कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने विकासखंड सोरों का औचक निरीक्षण कर कार्यालय की व्यवस्थाओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुपस्थित कर्मचारियों से तत्काल स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुपस्थित कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का परीक्षण किया जाए तथा जवाब संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों के वेतन कटौती की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान लेखाकार सुनीत कुमार के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने विशेष नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बाल विज्ञान कांग्रेस में विद्यार्थी दिखाएंगे वैज्ञानिक प्रतिभा

28 नवंबर को सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल में होगा जिला स्तरीय आयोजन

कासगंज। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और नई तकनीकों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला स्तरीय आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं।

प्रतियोगिता का आयोजन 28 नवंबर को बिलराम गेट स्थित सेंट जोसेफ पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपने वैज्ञानिक मॉडल और नवाचार आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता की मुख्य थीम ‘सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार’ निर्धारित की गई है। जिला विज्ञान क्लब एवं एनसीएससी यूपी (पश्चिम) के समन्वयक डॉ. जयंत गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित होगी। इसमें 10 से 14 वर्ष तक के विद्यार्थी जूनियर और 14 से 17 वर्ष तक के विद्यार्थी सीनियर वर्ग में हिस्सा लेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक रजनेश कुमार ने सभी राजकीय, सहायता प्राप्त, वित्तविहीन एवं सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पंजीकृत विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थी एक से तीन दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजन के लिए डॉ. बीपी मौर्य और अभिषेक पांडे को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

झगड़े में दिखा रहे थे तेवर, थाना दक्षिण पुलिस ने छह युवकों के कस दिए पेच, पहुंचा दिया मजिस्ट्रेट के दरबार



फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र में लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था प्रभावित करने की आशंका में पुलिस ने छह युवकों को गिरफ्तार किया। एसएचओ योगेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मोहम्मद अकरम ने अमित कुमार (22) व अनिल कुमार (25) पुत्रगण ईश्वर चन्द्र निवासी 16 फुटा रोड हिमायूपुर, मुकेश निषाद (22) पुत्र नत्थीलाल व आदित्य (19) पुत्र राजकुमार निषाद निवासी रामनगर छारबाग थाना लाइनपार, राजेश निषाद (26) पुत्र पप्पू सिंह व भूदेव (25) पुत्र मुन्नालाल निवासी मडुआ थाना बसई मोहम्मदपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया।

लालऊ में झगड़ा, थाना दक्षिण पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार



फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र के ग्राम लालऊ में लड़ाई-झगड़ा कर शांतिभंग की आशंका पैदा करने वाले तीन लोगों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया। शुक्रवार को एसएचओ योगेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सोनू भाटी ने कार्रवाई करते हुए उज्जैन पुत्र जॉन मसी (50 वर्ष), राजकुमार पुत्र जॉन मसी (40 वर्ष) एवं सागर पुत्र उज्जैन (30 वर्ष), निवासीगण ग्राम लालऊ, थाना दक्षिण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद के न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है।

पुलिस ने गिरफ्तार किया वारंटी

कासगंज। थाना सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस ने क्षेत्र से एक वारंटी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे संबंधित न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारंटी विजय उर्फ टिन्कू पुत्र अभिलाख सिंह निवासी लधौली को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी का आपराधिक इतिहास भी उजागर किया है।

नियमों की अनदेखी कर रहे वाहन चालकों पर कसा शिकंजा

280 वाहनों के चालान कर पांच लाख आठ हजार रुपये का शमन शुल्क किया अधिरोपित

कासगंज। यातायात माह नवम्बर में नियमों की अनदेखी कर विभिन्न मार्गों पर दौड़ रहे वाहन चालकों पर पुलिस लगातार शिकंजा कर रही है। वाहन को चिन्हित कर चालकों पर शमन शुल्क अधिरोपित किया जा रहा है। शुक्रवार को भी यातायात पुलिस ने यह अभियान जारी रखते हुए 280 वाहनों के चालान कर पांच लाख आठ हजार रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया है। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने हमराहों के साथ कासगंज के चांडी तिराहा सहावर रोड़, राजकोल्ड तिराहा पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान प्रेशर हॉर्न लगे छह वाहन, मोडिफाइड साइलेंसर पर दो वाहन, पॉल्यूशन के मामले में दो वाहन व नशे में वाहन चलाने पर तीन वाहन चालकों, इंटरसेप्टर वाहन से ओवर स्पीड कर रहे 85 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। वाहन चालकों पर ऑनलाइन शमन शुल्क पांच लाख आठ हजार रुपये अधिरोपित किया गया है।

मंदिर ले जाकर युवक से मारपीट, नामजद पर रिपोर्ट

कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र के धनसिंहपुर गांव में एक युवक को मंदिर ले जाकर सरिया, लाठी डंडों से पीटकर घायल करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित पिता ने नामजद आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट में धनसिंहपुर गांव निवासी अवनीश कुमार पुत्र लटूरी सिंह ने बताया है कि उसका बेटा नैतिक चैहान गत दिवस गांव में ही दुकान से घर आ रहा था, तभी रास्ते में गांव का ही आयुष उर्फ जौंटी पुत्र संजीव चैहान मिला और उसे अकेले में कुछ बात करने की कहकर मंदिर में ले गया। जहां आयुष ने नैतिक के साथ मारपीट की। वह किसी तरह से जान बचाकर घर आया और परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया है और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

कंपनी मालिक पर इकहत्तर हजार बकाया वेतन रोकने का आरोप

पुलिस से की शिकायत

हसायन। कोतवाली क्षेत्र की सलेमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित औद्योगिक क्षेत्र सलेमपुर में स्थित एक कंपनी में वेतन भुगतान को लेकर विवाद सामने आया है। कंपनी में गैसिफायर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत ग्वालियर (मध्य प्रदेश) के रहने वाले युवक ने शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

बृजेश सोनी पुत्र किशन लाल सोनी निवासी ग्वालियर मध्य प्रदेश ने एक संयत्र के कंपनी मालिक पर इकहत्तर हजार रुपए का बकाया वेतन रोकने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने हसायन कोतवाली पुलिस के प्रभारी इंस्पेक्टर मनीष चिकारा को शिकायत देकर कंपनी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित कराने तथा मामले को भविष्य की कानूनी कार्रवाई के लिए रिकॉर्ड पर लेने की मांग की है।

बृजेश सोनी ने बताया कि 29 अक्टूबर 2026 को शाम करीब चार बजकर दस मिनट से चार बजकर बीस मिनट बजे के बीच वेतन विवाद को लेकर कंपनी मालिक और उनके बीच बातचीत हुई थी। इस दौरान डायल एक सौ बारह पुलिस भी मौके पर मौजूद थी। पीड़ित का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने वेतन भुगतान के कानूनी प्रावधानों को लेकर कंपनी मालिक को समझाया था। इसके बाद कंपनी मालिक की ओर से सुपरवाइजर रंजीत कनौजिया के माध्यम से उन्हें बीस हजार रुपये नकद दिलवाए गए। साथ ही दिवाली के बाद प्लांट का काम सुचारू होने पर शेष धनराशि का भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था। पीड़ित ने आगे बताया कि उनका मासिक वेतन एक लाख बीस हजार रुपए तय हुआ था। कंपनी के गैसिफायर प्लांट में एयर और स्टीम लीकेज की गंभीर समस्या थी, जिसके कारण गैस ठीक से तैयार नहीं हो पा रही थी और बर्नर तक पानी पहुंच रहा था। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने प्लांट का शैल खाली करवाकर एयर-स्टीम लीकेज की वेल्डिंग कराई और तकनीकी खराबी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पीड़ित का आरोप है कि अनुभवी ऑपरेटरों के कार्य के बावजूद कंपनी प्रबंधन ने लेबर रजिस्टर में कम धनराशि दर्ज कर उनके वास्तविक वेतन का भुगतान रोक दिया। उनका कहना है कि कंपनी के स्टोर रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में इन गतिविधियों और पैसों के लेनदेन से संबंधित घटनाक्रम रिकॉर्ड हो सकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज और वीडियो बैकअप को तत्काल सुरक्षित कराने तथा संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनीष चिकारा ने बताया कि शिकायतकर्ता व कंपनी मालिक दोनों के बीच समझौता हो गया।

कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अलीगढ़।

पत्रांक- क्षे.प्र./अली./कैण्टीन-स्टॉल/ठेका-नीलामी/2026- 5918 दिनांक 13-11-2024

ई-टेण्डर/निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. परिवहन निगम, अलीगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न बस स्टेशनों पर यात्रियों के सुविधार्थ रिक्त एवं नवसृजित कैन्टीन/स्टॉल को संचालित कराये जाने हेतु ई-टेण्डर/निविदायें दिनांक-27.11.2026 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित किये गये है, जिनकी निविदायें दिनांक-27.11.2026 को समय अपरान्ह 03:00 बजे क्षेत्रीय समिति द्वारा खोली जायेंगी। इच्छुक व्यक्ति विस्तृत जानकारी परिवहन निगम की वेबसाइट www.upsrtc.com एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, उ.प्र. परिवहन निगम, अलीगढ़ से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
अलीगढ़।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सिकन्दराराऊ (हाथरस)

पत्रांक 2831 दिनांकः- 13/11/26

शुद्धिपत्र

समस्त को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका कार्यालय पत्रांक 2777 ई.टै./न.पा.परि. सि.राऊ दिनांक 02.11.2026 के द्वारा 'ई-निविदा सूचना' का प्रकाशन किया गया था, जो कि ई-निविदा पोर्टल पर दिनांक 06.11.2026 से प्रदर्शित होनी थी, जिसमें दिनांक 16.11.2026 तक प्रतिभाग किया जाना था, जो कि दिनांक 17.11.2026 को खोली जानी थी, किन्तु राजकीय अवकाश, त्यौहार आदि अपरिहार्य कारणों से उक्त कार्य की निविदा ई-निविदा पोर्टल पर दिनांक 06.11.2026 के स्थान पर 17.11.2026 से प्रदर्शित होगी, जिनमें दिनांक 16.11.2026 के स्थान पर 26.11.2026 तक प्रतिभाग किया जा सकता है, तथा दिनांक 17.11.2026 को खुलने के स्थान पर दिनांक 27.11.2026 को खोली जायेंगी। शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिकन्दराराऊ, हाथरस।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः T-21-N-2026-27 दिनांकः 11.11.2026

निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

टेन्डर संख्याः T-21-N-2026-27

कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः आगरा मंडल में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम वाले रिले रूमों में, सामान्य प्रकार के स्प्लिट AC को इंडस्ट्रियल ग्रेड AC से बदला जाना।, कार्य पूरा करने की अवधि 12 माह

कार्य की अनुमानित लागतः Rs. 10169562.56

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल वेब पोर्टल Indian Railways website www.ireps.gov.in पर 13:00 बजे तक दिनांक 05.12.2026 तक टेन्डर डाल सकते है। 2572/26 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांकः- DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION दिनांकः- 12.11.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

एसेट्स डिटेल्स	ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय	ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय
श्रेणीः PMBJK	केटलॉग संख्याः PMBJK- AGRA-26-2	
आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र' के संचालन और रखरखाव के ठेके के संबंध में।	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:00	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:30
श्रेणीः ADVT	केटलॉग संख्याः ADVT- AGRA-26-11	
DHO-AGC-PWL मुख्य लाइन की बाउंड्री वॉल पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन के संचालन के ठेके के संबंध में।	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:00	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:30
मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार और दूसरे प्रवेश द्वार के सर्कुलेटिंग एरिया में डिजिटल/वीडियो वॉल के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन के संचालन के ठेके के संबंध में।	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:10	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:40
श्रेणीः Misc-Static-Services	केटलॉग संख्याः NFR-AGRA-26-16	
कोसीकलां रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्षेत्र में मिलेट स्टॉल के संचालन और रखरखाव के ठेके के संबंध में।	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:00	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:30
होडल रेलवे स्टेशन पर नई इमारत की पहली मंजिल के हॉल में मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स के संचालन और रखरखाव के ठेके के संबंध में।	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:10	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:40
आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर, हॉल और छत (रूफटॉप) पर मल्टी-फंक्शनल कॉम्प्लेक्स के संचालन और रखरखाव के ठेके के संबंध में।	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:20	दिनांकः- 23.11.2026 समयः- 11:50

नोट- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध हैं। 2575/26 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर हमला, हाथ टूटा

जातिसूचक गालियां देने और मारपीट करने का भी आरोप, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

एटा। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव फगनौल में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर ईंट-पत्थरों से हमला कर क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। घटना में प्रतिमा का दायां हाथ टूट गया। मामले में गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव फगनौल निवासी चंद्रपाल पुत्र यादराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 नवंबर 2026 को शाम करीब 4रू30 बजे मंजेश पुत्र मुकेश, भोजराज पुत्र रघुनाथ और रिजवान पुत्र इरफान ने उनके साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर मारपीट की। इसके साथ ही बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर भी ईंट-पत्थर फेंके, जिससे प्रतिमा का दायां हाथ टूट गया। पुलिस ने चंद्रपाल की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 324(4), 352 बीएनएस तथा एससीध्एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वीए) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसों में छह लोग घायल, दो महिलाओं समेत तीन की हालत गंभीर

एटा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में छह लोग घायल हो गए। घायलों में दो महिलाओं समेत तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। पहला हादसा रिजोर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शिकोहाबाद रोड स्थित जयपुरिया स्कूल के पास हुआ। यहां तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में फिरोजाबाद जिले के गांव दयाराम निवासी दो महिलाओं और एक पुरुष को गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों को जिला मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया। एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। दूसरी दुर्घटना अलीगंज क्षेत्र में जिटौराभान और तिसौरी गांव के बीच हुई। यहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में जिटौराभान निवासी कैलाश चंद्र (28), मदनपाल (65) और लोकेंद्र (25) घायल हो गए। डायल 112 पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज पहुंचाया। चिकित्साधिकारी डॉ. अखलाक खान के अनुसार कैलाश चंद्र की हालत स्थिर है, जबकि लोकेंद्र और मदनपाल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

एटा में 11 कनिष्ठ सहायकों को मिली तैनाती, डी.एम. ने चार को दिये नियुक्ति पत्र



कनिष्ठ सहायक को नियुक्ति पत्र देतीं जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ।

एटा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 11 कनिष्ठ सहायकों को जनपद एटा में तैनाती दी गई है। विज्ञापन संख्या-08, परीक्षा-2023 के तहत कनिष्ठ सहायक (जनपद स्तर कार्यालय अधिष्ठान) के पद पर चयनित 1206 अभ्यर्थियों में से एटा के लिए 11 अभ्यर्थी आवंटित किए गए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने नवचयनित चार कनिष्ठ सहायकों ध्रुव कुमार, विनोद कुमार, विशाल एवं भावना राजपूत को नियुक्ति आदेश प्रदान किए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी नवचयनित कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासकीय सेवा में जनसेवा सर्वोपरि है। सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए कर्मचारी अपनी कार्यशैली से प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनाने में योगदान देंगे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अजय नारायण सिंह और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सीपी पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद।

दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म का आरोप, नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

एटा/अलीगंज। अलीगंज कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने ससुरालीजनों समेत नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दुष्कर्म, मारपीट और अश्लील हरकतें करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बीएनएस की धारा 85, 115(2), 351(2), 351(3), 74, 76, 109(1), 64(1) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3ध्4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि 22 अप्रैल 2026 को उसके जेठ और पति के जीजा के भतीजे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद 23 अगस्त 2026 को आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट की। बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और अश्लील हरकतें करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

फार्मासिस्ट संवर्ग ने 18 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निस्तारण को सीएमओ के माध्यम से शासन को भेजा मांग पत्र

फार्मासिस्टों का पदनाम बदलने से लेकर वेतनमान बढ़ाने तक की मांग, सीएमओ को भेजा ज्ञापन

एटा। उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट संवर्ग की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों के निस्तारण की मांग उठाई गई है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजकर फार्मासिस्टों की 18 सूत्रीय मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से फार्मासिस्ट का पदनाम बदलकर फामेर्सी अधिकारी तथा चीफ फार्मासिस्ट का पदनाम चीफ फामेर्सी अधिकारी किए जाने की मांग की गई है। विशेष कार्याधिकारी फामेर्सी का पदनाम सहायक निदेशक फामेर्सी करने और रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया पूरी कराने की भी मांग है। फार्मासिस्टों को प्राथमिक उपचार के साथ सीमित औषधियों का



मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए फार्मासिस्ट।

नुस्खा लिखने का अधिकार देने तथा नियुक्ति के लिए न्यूनतम तकनीकी योग्यता बीफार्मा अथवा फामेर्सी डिप्लोमा निर्धारित करने की बात कही गई है। इसके अलावा फार्मासिस्टों को 4600 रुपये ग्रेड पे, चीफ फार्मासिस्ट को 5400 रुपये तथा अन्य उच्च पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को पद के अनुरूप ग्रेड पे देने की मांग की गई है। चिकित्सकों की अनुपस्थिति में मिलने वाले प्रभार भत्ते को 75 रुपये से बढ़ाकर 750 रुपये प्रतिमाह करने का प्रस्ताव भी शामिल है।

ज्ञापन में फार्मासिस्टों की स्थायी वरिष्ठता सूची जारी करने, चिकित्सालयों तक दवाएं पहुंचाने की सरकारी व्यवस्था करने, स्वास्थ्य केंद्रों एवं ट्रामा सेंटरों में फार्मासिस्टों के पद बढ़ाने और प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चीफ फार्मासिस्ट का पद सृजित करने की मांग की गई है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेजों में परिवर्तित किए गए जिला चिकित्सालयों से फार्मासिस्ट संवर्ग के पदों सहित कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने तथा डॉट्स, मानसिक रोग क्लीनिक और एनसीडी जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में दवाओं का वितरण एवं रखरखाव फार्मासिस्टों से ही कराने की मांग की गई है।

शिव बारात में झूमे नगरवासीः गौरा विवाह में श्रद्धालुओं ने निभाई कन्यादान की रस्म

एटा। मिरहची में गुरुवार रात शिव विवाह समारोह हुआ। भगवान शिव की बारात में नगरवासी भक्ति गीतों पर नाचे। रात करीब 12:30 बजे धार्मिक प्रसंगों के साथ समारोह का समापन हुआ। कस्बे की गली जोगियान में जयप्रकाश कश्यप के घर के सामने कार्यक्रम हुआ। मुन्नालाल गोस्वामी एंड पाटीर्क कलाकारों ने गीत-संगीत के जरिए शिव विवाह के प्रसंग सुनाए। श्रद्धालुओं ने शिव बारात, गौरा विवाह और अन्य प्रसंग सुने। आयोजक जयप्रकाश कश्यप ने श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की। समापन से पहले श्रद्धालुओं ने गौरा माता के विवाह में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-पुण्य किया और हिंदू रीति-रिवाज से कन्यादान की रस्म निभाई। नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी उपाध्याय और चेयरमैन प्रतिनिधि सर्वेश उपाध्याय ने आरती की।

विद्यालय से एडमिट कार्ड लेकर लौट रहे दो छात्रों की बाइक को कैंटर ने मारी टक्कर-गंभीर घायल

अलीगंज। विद्यालय से एडमिट कार्ड लेकर लौट रहे दो छात्रों की वाईक में केंटर ने जोरदार टककर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार 20 वर्षीय निखिल सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। उसका साथी अनुराग भी घायल हो गया। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल निखिल काफी देर तक सड़क किनारे तड़पता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचायाए जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अलीगंज सर्किल के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव हरजू निवासी निखिल पुत्र राम लड़ैते और अनुराग पुत्र अशोक दोनों शुक्रवार को मोहम्मदाबाद स्थित अपने स्कूल से परीक्षा का एडमिट कार्ड लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अलीगंज क्षेत्र में कैल्ठा पेट्रोल पंप के पास पहुंची, सामने से आ रहे कैंटर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों छात्र सड़क पर जा गिरे। हादसे में निखिल गंभीर रूप से घायल हो गयाए जबकि अनुराग को भी चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल निखिल को सीएचसी अलीगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। दुर्घटना के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात ठप हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से कैंटर हटवाकर थाने में खड़ा कराया। काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाकर यातायात सुचारु कराया गया।

प्रेम संबंधों में बाधक बनने पर की थी रामसेवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

मृतक का मोबाइल बरामद, पत्नी को पहले ही जेल भेज चुकी है पुलिस



पुलिस हिरासत में आरोपी की जानकारी देते हुए उपनिरीक्षण।

एटा। पिलुआ थाना क्षेत्र में प्रेम संबंधों में बाधक बनने पर रामसेवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से मृतक का एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। मामले में मृतक की पत्नी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस के अनुसार, गांव भदवास निवासी भूप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई रामसेवक दिल्ली में रहकर गाड़ी चलाता था। गांव का ही आकाश पुत्र महीपाल भी दिल्ली में काम करता था। इसी दौरान आकाश और रामसेवक की पत्नी के बीच जान-पहचान हो गई। इसका विरोध करने पर आकाश ने रामसेवक को जान से मारने की धमकी दी थी। दिवाली पर रामसेवक परिवार के साथ गांव आया था। आरोप है कि आकाश ने उसे शराब पिलाई और बाद में उसकी हत्या कर दी। आठ नवंबर से लापता रामसेवक का शव 10 नवंबर को गांव भदुआ के पास जीटी रोड किनारे मिला था। एसएसपी डॉ. इलामारन के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 नवंबर को आरोपी आकाश (21) निवासी भदवास को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

16 से 30 नवंबर तक चलेगा स्व-गणना अभियान, अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करतीं जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली।

एटा। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी एम. अरुन्मोली ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत अधिकाधिक लोगों को ऑनलाइन स्व-गणना के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। डीएम ने शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पुलिस और उद्योग सहित सभी विभागों को निर्धारित दैनिक कार्ययोजना के अनुसार अभियान चलाने को कहा। विभागीय कर्मचारियों के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूरी होने पर मिलने वाली 11 अंकों की विशिष्ट एसई आईडी सुरक्षित रखनी होगी, जिसे जनगणना कर्मियों के घर पहुंचने पर उपलब्ध कराना होगा। अपर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश पाठक ने विभागवार कार्यक्रम की जानकारी दी। सीडीओ राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने भी निर्धारित समय पर कार्य पूरा करने को कहा। सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 और जिला कंट्रोल रूम 9454417781 जारी किया गया है।

पिकअप चालक पर चाकू से हमला कर 8,500 रुपये लूटे

एटा। जैथरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों पर पिकअप चालक से चाकू की नोक पर 8,500 रुपये लूटने का आरोप लगा है। शोर सुनकर ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपी अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जसरथपुर थाना क्षेत्र के नगला बिरयन निवासी सुमित कुमार पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि वह पिकअप से अलीगंज से अपने गांव लौट रहे थे। जैथरा कस्बे से दो अज्ञात बाइक सवार उनका पीछा करने लगे। संदिग्ध गतिविधियां देखकर उन्होंने रास्ते में वाहन नहीं रोका। आरोप है कि लालहट गांव में अंबेडकर प्रतिमा के सामने पिकअप रोकते ही दोनों युवकों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया और जेब में रखे 8,500 रुपये छीन लिए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे तो आरोपी बाइक छोड़कर भाग निकले। पीड़ित ने जैथरा थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और मौके से मिली बाइक कब्जे में ले ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

हत्या के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार, बंदूक कारतूस बरामद

कासगंज। थाना ढोलना में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक लाइसेंसी बंदूक, खोखा कारतूस बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है। ढोलना इंस्पेक्टर अवधेश कुमार भदौरिया ने बताया है कि गत दिवस हत्या के प्रयास के मामले में थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। इंस्पेक्टर ने बताया कि थाना पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी शैलेश कुमार पुत्र नत्थू सिंह निवासी नगला होती ढोलना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त की गई लाइसेंसी बंदूक, खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

गोष्ठी में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

कासगंज। शहर के अमांपुर रोड स्थित श्रीमती मीना देवी इंटर कालेज में शुक्रवार को यातायात जागरूकता पाठशाला हुई। इस दौरान प्रभारी यातायात लक्ष्मण सिंह ने कॉलेज के स्टाफ, छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ को यातायात नियमों का सदैव पालन करने की शपथ दिलाई। यातायात नियमों से सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए। छात्र-छात्राओं से अपील की कि वह स्वयं भी नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आस-पड़ोस के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरुक अवश्य करें।

लंबित मांगों को लेकर फार्मासिस्टों ने सीएमओ कार्यालय पर भरी हुंकार

20 नवंबर को लखनऊ में प्रदेशव्यापी धरना, मांगें पूरी नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी

कासगंज। अपनी लंबित मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना देकर शासन के प्रति नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से मांगें उठाने के बावजूद शासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि फार्मासिस्ट संवर्ग की कई वित्तीय और गैर वित्तीय मांगें वर्षों से लंबित हैं। पदनाम परिवर्तन, वरिष्ठता सूची जारी करने और उच्च पदों पर पदोन्नति जैसी मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारियों की ओर से लगातार आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन समस्याओं का



समाधान नहीं हो रहा है। धरने के माध्यम से मुख्यमंत्री से फार्मासिस्टों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निस्तारण कराने की अपील की गई। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 20 नवंबर को लखनऊ में महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश के कार्यालय के सामने प्रदेशव्यापी धरना दिया जाएगा। इस दौरान आंदोलन के अगले चरण और हड़ताल की भी घोषणा की जाएगी। प्रदर्शन में जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल, महिला अस्पताल सहित विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों में तैनात फार्मासिस्ट, चीफ फार्मासिस्ट और प्रभारी अधिकारी शामिल रहे।

आलोक का राष्ट्रीय अधिवेशन 15 को, कासगंज से भी शामिल होंगे लोग

कासगंज। अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ आलोक का पंचम राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 15 नवंबर को कांस्टीट्यूशन क्लब रफी मार्ग दिल्ली में होगा। यह जानकारी संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री कासगंज निवासी विजय राजपूत ने दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों को अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई पुरस्कार, नवनियुक्त सेवारत कर्मचारियों को राजा हृदय शाह पुरस्कार, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार, आलोक को गति देने वालों को आलोक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने लोधी समाज के नवनियुक्त सेवारत कर्मचारी, सेवानिवृत कर्मचारियों, समाजसेवियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू,, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

एटा/जलेसर। सर्किल क्षेत्र जलेसर के आवागढ़ में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हुई।

इसका आयोजन एसवीडी इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वतीके गीत की प्रस्तुति देकर उनका स्वागत किया।

रोडवेज बस पलटी, 16 यात्री घायल

एटा। एटा-टूंडला मार्ग पर एटा-फिरोजाबाद बॉर्डर के पास गुरुवार रात करीब 12 बजे आगरा से एटा आ रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में बस में सवार 15 से 16 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। हादसे में किसी की मृत्यु नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तत्काल मदद के लिए पहुंच गए। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और घटनास्थल पर यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जानकारी भी जुटाई। इधर, हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एटा-आगरा मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग सिंगल होने के बावजूद इस पर वाहनों का दबाव काफी अधिक रहता है।

एटा सहित आसपास के जिलों के हजारों लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क संकरी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 10 वर्षों से मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। लोगों ने शासन-प्रशासन से जल्द सड़क चैड़ीकरण कराने की मांग की है।

सहावर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर यात्री की मौत, चलती ट्रेन से उतरते समय बोगी व प्लेटफार्म के बीच फंस गया था यात्री

हादसे से परिवार में मचा कोहराम, जीआरपी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

कासगंज। सहावर में रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय बोगी व प्लेटफार्म के बीच फंसकर एक यात्री की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को सुबह सहावर रेलवे स्टेशन पर एक यात्री की मौत की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त 50



वर्षीय सुरेश बाबू पुत्र रतन लाल निवासी अंबिकापुरी कालोनी कासगंज के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सुरेश बाबू शुक्रवार की सुबह अपने



गांव नाथूपुर जाने के लिए ट्रेन से सहावर के लिए निकले थे। जबकि कुछ देर बाद ही उन्हें मौत की जानकारी मिली।

सुरेश की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सहावर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से नीचे उतरते समय उनका पैर प्लेटफार्म व बोगी के बीच फस गया। अन्य यात्रियों ने उसे देखा तो चीखपुकार की, लेकिन तब तक वह पूरी तरह से ट्रेन की बोगी के नीचे चला गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सुभाषित *बिना पढ़े ही गर्व करनेवाले, दरिद्र होकर भी बड़े-बड़े मनसूबे बांधनेवाले और बिना काम किये ही धन पानेकी इच्छा रखनेवाले मनुष्यको मूर्ख कहा गया है।* ❒ *विदुर नीति*

बेकाबू महंगी

खुदरा महंगीका दो वर्षोंके उच्चतम स्तर ६.०९ प्रतिशतपर पहुंचना गम्भीर चिन्ताका विषय है और इससे आम आदमीपर आर्थिक बोझ बढ़ेगा तथा अर्थव्यवस्थापर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तय अनुमानसे भी ऊपर पहुंच गया है। इसके पूर्व २०२४ में खुदरा मुद्रास्फीति ६.२५ प्रतिशत थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालयकी ओरसे गुरुवारको जारी आंकड़ोंके अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितम्बरमें ५.५४ प्रतिशत थी जो अक्तूबरमें बढ़कर ८.९४ प्रतिशत हो गयी। यह भी चिन्ताका विषय है कि शहरी क्षेत्रोंकी तुलनामें ग्रामीण क्षेत्रों खाद्य वस्तुओंकी महंगी अधिक हो गयी है। वस्तुत: महंगीका बढ़ना केवल बाजारमें वस्तुओंकी कीमतमें वृद्धिका मामला नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव आम आदमीकी क्रय शक्ति, घरेलू बजट, बचत, जीवन स्तर और आर्थिक सुरक्षासे है। विशेष रूपसे खाद्य पदार्थोंकी कीमतोंमें तेजीने मध्यम वर्ग, निम्न आय वर्ग और ग्रामीण परिवारोंकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इसलिए ग्रामीण परिवारोंकी आर्थिक स्थितिपर विशेष ध्यान देनेकी आवश्यकता है। भोजन, सब्जी, फल और रोजमर्राकी आवश्यक वस्तुएं हर परिवारके बजटका अनिवार्य हिस्सा हैं। इसलिए इनके महंगे होनेका प्रभाव भी तत्काल दिखायी देता है। घरेलू खर्चके लिए अब लोगोंको अपेक्षाकृत अधिक धन खर्च करना पड़ेगा। मध्यम वर्गपर दोहरा आर्थिक दबाव बढ़ेगा। बच्चोंकी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, मकानका किराया और परिवहन खर्च भी बढ़ जायगा। गरीब परिवारोंकी स्थिति और जटिल हो जायगी। आम जनताके जीवन स्तरपर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अक्तूबरमें महंगी बढ़नेके पीछे कई आर्थिक और मौसमी कारण हैं। खाद्य तेलकी कीमतोंमें उछाल, अनियमित मानसून, वर्षाका असमान होना, जलाशयोंमें पानीका स्तर और फसलोंकी उत्पादकतामें उतार-चढ़ाव खाद्य आपूर्तिको प्रभावित करते हैं। ऊर्जा और परिवहन लागत भी बढ़ी है। वैश्विक परिस्थितियां महंगी बढ़ानेमें काफी सहायक रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंकके सामने भी नयी चुनौतियां उत्पन्न हो गयी हैं। आरबीआई दिसम्बरमें पुन: रेपो रेट बढ़ा सकती है। इससे ब्याज महंगा हो जायगा। महंगीपर नियंत्रणके साथ विकासकी गति बनाये रखनेकी भी चुनौती है। आने वाले दिनोंमें निवेशपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और रुपयेपर भी दबाव बढ़ेगा। महंगीपर नियंत्रण अब प्राथमिक आवश्यकता बन गयी है। सरकार और आरबीआई दोनोंको समन्वित ढंगसे प्रभावी कदम उठाने होंगे अन्यथा स्थिति और विषम हो जायगी।

मुंहतोड़ जवाब जरूरी

जम्मू-कश्मीरके कुलगाम जिलेमें बुधवारको सीआरपीएफ जवानोंपर घात लगाकर किये गये हमलेके बाद जम्मू संभागके किश्तवाड़ जिलामें गुरुवार सुबह एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाको चुनौती देते हुए आतंकियोंने दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की हत्या कर दी। ये दोनों अधिकारी बुधवारको दच्छन क्षेत्रसे लापता थे, जिनका गोलियोंसे छलनी शव गुरुवार तड़के सुरक्षाबलने बरामद किये। दोनोंकी सर्विस राइफलें भी गायब हैं जिससे घटनामें आतंकी हमलेका सन्देह है। दोनों एसपीओ दच्छनके कियार गांवमें स्थानीय पुलिसकी एसओजीमें तैनात थे और घटनाके दिन अपने शिविरसे धारणामारवाह स्थित सेनाकी एक चौकीकी ओर जाते समय लापता हो गये थे। इन दोनों शहीद जवानों (एसपीओ) की कई आतंकरोधी अभियानोंमें सक्रिय भूमिका रही है। स्थानीय होनेके कारण क्षेत्रकी भौगोलिक स्थितिसे अच्छी तरह परिचित थे और सेनाके साथ आतंकवाद अभियानों और गश्तमें सहयोग करते थे। घटनास्थलसे पाकिस्तान निर्मित कारतूसका मिलना इस बातका प्रमाण है कि यह आतंकी हमला है और इसमें पाकिस्तानका हाथ है। अभी इसी हफ्तेमें एक खुफिया इनपुट मिला था जिसमें कहा गया था कि गुलाम कश्मीरके सात-आठ लांच पैड पूरी तरह सक्रिय कर दिये गये हैं, तभी इस बातकी आशंका प्रबल हो गयी थी कि सीमापारसे आतंकियोंकी घुसपैठका प्रयास किया जा सकता है। हालांकि भारतीय सुरक्षा सर्तक और घुसपैठके संवेदनशील इलाकोंकी घेराबंदी भी कर ली गयी है लेकिन लगता है कुछ आतंकी पहलेसे ही घाटीमें प्रवेश कर चुके हैं और स्थानीय स्लीपर सेलकी मददसे सुरक्षित छिपे हुए हैं। आपरेशन सिन्दूर खत्म नहीं हुआ है। इस बातको कई मंचोंसे और कई बार सरकारकी ओरसे कहा जा चुका है। यह भी कहा गया है कि पाकिस्तानकी ओरसे किये गये किसी भी आतंकी हमलेको जंगका ऐलान माना जायगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तानको इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाय। आतंकियोंने अब रणनीति बदल दी है। अब वे जनताको नहीं सुरक्षाबलोंको निशाना बनानेकी रणनीतिपर चल रहे हैं, ताकि जम्मू-कश्मीरमें आतंकवादकी राखमें दबी चिंगारीको फिरसे धधका कर दहशतका माहौल बनाया जा सके। इनकी गतिविधियोंपर सतर्क निगाह रखनेकी जरूरत है।

लोक संवाद

सर्दियों में ब्रेन स्ट्रोक का बढ़ता खतरा

महोदय,- ठंडके मौसममें ब्लड प्रेशर बढ़ना, खूनका गाढ़ा होना और शरीरकी रक्त नलिकाओंका सिकुड़ना स्ट्रोकका प्रमुख कारण बनता है। ब्रेनमें होने वाली ब्लड क्लॉटिंगकी वजह भी ब्रेन हेमरेजका कारण बन सकती है। एथेरोस्क्लेरोसिसकी वजहसे भी ब्रेन हेमरेजका खतरा बढ़ता है। ब्रेन स्ट्रोक आपके शरीरको कई तरहसे प्रभावित कर सकता है। इसे एक तरहसे आप लकवा भी कह सकते हैं। यह समस्या ५० सालसे अधिक उम्र वाले लोगोंमें देखनेको मिलती है। लेकिन बीते कुछ सालोंमें ३० से ३५ सालसे कम उम्र वाले लोगोंमें भी यह दिक्कत देखनेको मिल रही है। मेडिकल टर्ममें इसे इंट्राक्रानियल हेमरेजके नामसे जाना जाता है। ब्रेन हेमरेजको लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर यह कैसे होता है। ब्रेन हेमरेजके कई कारण हो सकते हैं। जैसे, कार दुर्घटना, सिरपर किसी तरहकी चोट लगनेसे ब्रेन हेमरेज हो सकता है। हाई बीपीकी वजहसे भी दिमागकी नसोंको जो ब्लड वेसेल्सकी दीवारोंको नुकसान पहुंचा सकता है और ब्लड वेसेल्सकी ब्लीडिंग या फटनेका कारण बन सकता है। ब्रेनमें होने वाली ब्लड क्लॉटिंगकी वजह भी ब्रेन हेमरेजका कारण बन सकती है। दिमागकी नसोंकी दीवारोंके अन्दर अमाइलाइड प्रोटीन यानी सेरेब्रल अमाइलॉइड एंजियोपैथीकी वजहसे भी ब्रेन हेमरेज होता है। ब्रेन ट्यूमर जो दिमागके टिश्यूपर दबाव डालता है इससे भी ब्लीडिंग हो सकती है और ब्रेन हेमरेज हो जाता है। जब ब्रेनको सही मात्रामें आक्सीजन नहीं मिल पाती है तो दिमागके सैल्स मरने लगते हैं। ऐसेमें शरीरकी गतिविधियां प्रभावित होने लगती हैं। जिसे इंट्राक्रानियल हेमरेज या सेरेब्रल हेमरेज कहा जाता है। ऐसेमें यदि तीनसे चार मिनटसे अधिक समयतक आक्सीजनकी कमी हो जाय तो इससे दिमागकी नसें बुरी तरहसे प्रभावित होती है। ऐसेमें शरीरके किसी भागमें लकवा मारना, शरीरका कोई हिस्सा सुन्न होना या कमजोरी होना। खाने-पीनेमें कठिनाई होना, आंखोंकी रोशनीपर असर पड़ना, दौरे पड़ना और सिरदर्द होना, इसकी वजह इनसानकी मौत भी हो सकती है। ब्रेन हेमरेजसे बचना है तो हमेशा अपना बीपी चैक करवाते रहें। खासकर हाई बीपीके मरीजको तो अकसर अपना बीपी चैक करवाते रहना चाहिए। हाई कोलेस्ट्रॉलको कंट्रोल करनेके लिए वजन कंट्रोलमें रहना बेहद जरूरी है। ऐसेमें शराब कम पियें साथ ही साथ हेल्दी डाइट लें और रोजाना एक्सरसाइज करें। डायबिटीज है तो शुगरको हमेशा कंट्रोलमें रखें। सर्दियोंमें ब्रेन स्ट्रोकका खतरा इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि इस मौसममें खून गाढ़ा हो जाता है। जिसके कारण ब्लडपर प्रेशर पड़ता है। ब्लड प्रेशरके मरीजोंको ब्रेन स्ट्रॉकका खतरा बढ़ता है। ब्लड प्रेशर ज्यादा होनेपर दिमागकी नसें फट सकती हैं या उसमें रुकावट पैदा हो सकती है। सर्दीके मौसममें बीपीको कंट्रोलमें रखना बेहद जरूरी है। ब्रेन स्ट्रोकके मरीजको तीन घंटेके अंदर अस्पताल ले जाना बेहद है जरूरी। किन लोगोंको बचकर रहनेकी जरूरत है टाइप-२ डायबिटीजके मरीज, हाई बीपीके मरीज, जिन लोगोंका ज्यादा वजन है, जिन लोगोंका कॉलेस्ट्रोल बढ़ा हुआ है। -के. जैन, वाया ईमेल।

भारत की घेराबंदी की कोशिश में तुर्किये

मक्का पैक्टमें यदि बंगलादेश शामिल होता है तो भारत और पाकिस्तानके बीच युद्धकी स्थितिमें ढाकाको इस्लामाबादका पक्ष लेना होगा। हालांकि बंगलादेशका इसमें शामिल होनेका कोई भी कदम भारतीय सहयोगको मुश्किल बना सकता है। यह भारतके लिए खतरेकी घंटी है।

❒ पुष्परंजन

बंगलादेशके प्रधानमंत्री तारिक रहमान तुर्किंयेके अंताल्यामें हैं। कॉन्फ्रेंस आफ द पार्टीज (सीओपी३१) के शिखर सम्मेलनमें उनका आना एक औपचारिकता और रस्मों-उल्फत निभाने जैसा नहीं है। यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) का ३१वां वार्षिक सत्र है। इस सम्मेलनकी मेजबानी तुर्किये कर रहा है। सम्मेलनका मुख्य मकसद वैश्विक तापमान वृद्धिको १.५ डिग्री सेल्सियसतक सीमित रखनेके प्रयासोंकी समीक्षा करना है। केन्द्रीयमंत्री भूपेन्द्र यादव जलवायु वार्तामें भारतके प्रतिनिधिमंडलका नेतृत्व कर रहे हैं। एर्दोआनसे रिश्ते बेहतर होते तो संभवत: प्रधान मंत्री मोदी वहां जाते। तुर्किंयेके राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआनने १० नवम्बरको तुर्किंयेके अंताल्यामें बंगलादेशसे संबंधोंको मजबूत करनेके लिए एक द्विपक्षीय बैठक की। लगभग तीस मिनटकी बैठकमें विदेशमंत्री डा. खलीलुर रहमान और विदेश मामलोंके राज्य मंत्री हुमायूं कोबीर भी मौजूद थे। विदेश सचिव सलाहुद्दीन नोमान चौधरीने बताया कि बंगलादेशकी मुख्य प्राथमिकताओं में अनुकूलनके लिए वित्त जुटाना, नुकसान और क्षतिके मुद्दोंको संबोधित करना और विकसित देशों द्वारा जलवायु वित्तके लिए किये गये वादोंको प्रभावी ढंगसे लागू कराना शामिल है।

विदेश सचिवने बताया कि सम्मेलनके दौरान जूट उत्पादोंके उपयोग और प्रचार-प्रसारको लेकर बंगलादेश और तुर्किंयेके बीच एक संयुक्त घोषणापत्रपर हस्ताक्षर होनेकी भी उम्मीद है। लेकिन असली कार्ड अभी खोला नहीं गया है। क्या बंगलादेश, 'मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट' का हिस्सा बनना चाहता है। मक्का संयुक्त रक्षा समझौता सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किंयेके बीच ७ अगस्त, २०२६ को मक्कामें हुआ एक त्रिपक्षीय रक्षा समझौता है। नाटोके अनुच्छेद-५ की तर्जपर किये गये समझौतेपर गौर कीजिए, जिसके अनुसार, तीनों देशों (सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये) मेंसे किसी एकपर भी किया गया सशस्त्र हमला तीनोंपर हमला माना जायगा। मक्का समझौतेके तहत तीनों देश आपसमें खुफिया जानकारी साझा करेंगे, रक्षा उत्पादन और हथियारोंके निर्माणमें एक-दूसरेकी मदद करेंगे और आतंकवादके खिलाफ संयुक्त रूपसे काम करेंगे। मक्का पैक्टमें यदि बंगलादेश शामिल होता है तो भारत और पाकिस्तानके बीच युद्धकी स्थितिमें ढाकाको इस्लामाबादका पक्ष लेना होगा।

यह भारतके लिए खतरेकी घंटी है। बंगलादेशके विदेशमंत्री खलीलुर रहमानने पिछले दिनों संसदमें एक सवालके जवाबमें कहा था, 'हम इस पैक्टको पॉजिटिव नजरियेसे देखते हैं।' जब बंगलादेशी नेताओं और राजनयिकोंके कमेंट्सके हवालेसे पूछा गया तो भारतने कहा कि इस पैक्टका उसकी राष्ट्रीय सुरक्षापर असर पड़ेगा और वह हालातपर करीबसे नजर रख रहा है। हालांकि बंगलादेशका इसमें शामिल होनेका कोई भी कदम भारतीय सहयोगको मुश्किल बना सकता है। दोनों देशों के बीच ४,०९६ किलोमीटरकी जमीनी सीमा है और उनके बीच मजबूत सांस्कृतिक-आर्थिक रिश्ते हैं। इन रिश्तोंमें कैसे दरार आये, इसका प्रयास एर्दोआन पाकिस्तानके सहयोगसे करने लगे हैं। ढाकामें नॉर्थ साउथ यूनिवर्सिटीके राजनीति विज्ञानके प्रोफेसर नवीन मुर्शिदकी धारणा है कि मक्का एग्रीमेंटके जरिये बंगलादेशको अपने साथ जोड़नेमें पाकिस्तानकी दिलचस्पी भौगोलिक और राजनीतिक वजहोंसे है। उन्होंने कहा, भारतके लिए, सिलीगुड़ी कारिडोर और उसकी पूर्वी सीमाकी सुरक्षा जरूरी बातें हैं। उन्होंने भारतके अपने उत्तर-पूर्वी राज्योंसे पतले जमीनी संपर्कका जिक्र करते हुए कहा कि उत्तरमें बंगलादेश उसे घेरे हुए है। उन्होंने समझाया कि ऐसे हालातमें बंगलादेशको साफ तौरपर यह तय करना होगा कि वह इस अलायंसमें शामिल होकर क्या करेगा और क्या नहीं करेगा। लेकिन ढाकामें रहने वाले पूर्व राजनयिक एम. हुमायूं कबीरको बंगलादेशके इस समझौतेमें शामिल होनेका कोई कारण नहीं दिखता। उनकी टिप्पणी थी, बंगलादेश पिछले ५० से ५५ वर्षोंमें किसी भी सैन्य गठबंधनमें शामिल नहीं हुआ है। जहांतक मेरा सवाल है, मेरा मानना है कि आज भी यह रुख बदला नहीं है।

दक्षिण एशियाके छोटे-छोटे देशोंमें राजनीतिक बदलावोंके बीच तुर्कियेने बंगलादेश और मालदीवके साथ अपने कूटनीतिक, मानवीय और रक्षा संबंधोंको तेज किया है। ये छोटे देश भारत और चीनके बीच संतुलन बनानेके लिए तुर्कियेको एक नये विकल्पके रूपमें देख रहे हैं, जिसका लाभ अंकारा अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए उठा रहा है। एर्दोआनकी पहली प्राथमिकता दक्षेसके मुस्लिम सदस्य देशोंको साधनेकी रही है, जिनमें पाकिस्तान, बंगलादेश, मालदीव और अफगानिस्तान उसके लक्ष्यमें हैं।

क्या वास्तवमें पूर्व राजनयिक एम. हुमायूं कबीर जो सोच रहे हैं, वह सही है। ऐसा लगता नहीं। बंगलादेशमें राजनीतिक बदलावोंके बाद, एर्दोआन प्रशासनने ढाकाके साथ अपने संबंधोंको काफी मजबूत किया है। बंगलादेशने तुर्कियेसे सैन्य उपकरण खरीदे हैं, जिनमें बायराक्तार टीबी-२ ड्रोन, टीआरजी-३०० मिसाइल सिस्टम, कोबरा बख्तरबंद वाहन और बोरान होवित्जर तोपें शामिल हैं। इसके साथ ही दोनों देश रक्षा उपकरणोंके संयुक्त उत्पादन और औद्योगिक सहयोगपर भी काम कर रहे हैं। तुर्कियेके राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआन और बंगलादेशके प्रधान मंत्री तारिक रहमानकी अंताल्यामें हुई मुलाकातको औपचारिक मत मानिये। इस दौरान उन्होंने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रोंमें आपसी सहयोग बढ़ानेपर चर्चा की। प्रधान मंत्री रहमानने एर्दोआनको बंगलादेशकी आधिकारिक यात्राके लिए भी आमंत्रित किया है। तुर्कियेका लक्ष्य २०३० तक दुनियाके शीर्ष रक्षा निर्यातकोंमें शामिल होना है। इसके लिए वह दक्षिण एशियाई साझेदारियोंका उपयोग प्रमुख बाजारों और उत्पादन केन्द्रोंके रूपमें कर रहा है।

एक बात तो सुनिश्चित है एर्दोआन हिन्द महासागर क्षेत्रमें अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए 'इस्लामिक एकजुटता', 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील देशों) के पक्ष वाले विमर्श और सुरक्षा सहायताका सहारा ले रहे हैं। इसके जरिये वे मुस्लिम जगतमें मौजूद प्रतिद्वंद्वी शक्ति संरचनाओंको चुनौती भी देना चाहते हैं। तुर्कियेने रोहिंग्या शरणार्थी मुद्देपर लगातार बंगलादेशका समर्थन किया है। एर्दोआनने कॉक्स बाजारमें मानवीय सहायता पहुंचायी और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय तथा इस्लामिक सहयोग संघटन (ओआईसी) में भी ढाकाके रुखका समर्थन किया है। विशेषज्ञोंका मानना है कि एर्दोआन खुदको वैश्विक मुस्लिम समुदाय (उम्माह) के एक प्रमुख संरक्षक और नेताके रूपमें स्थापित करना चाहते हैं।

इसके लिए वे कश्मीर, रोहिंग्या संकट और फिलस्तीन जैसे मुद्दोंको संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचोंपर प्रमुखतासे उठाते हैं, ताकि पारम्परिक खाड़ी देशों (जैसे सऊदी अरब) के समानांतर अपना प्रभाव बना सकें। दक्षिण एशियाके छोटे-छोटे देशोंमें राजनीतिक बदलावोंके बीच तुर्कियेने बंगलादेश और मालदीवके साथ अपने कूटनीतिक, मानवीय और रक्षा संबंधोंको तेज किया है। ये छोटे देश भारत और चीनके बीच संतुलन बनानेके लिए तुर्कियेको एक नये विकल्पके रूपमें देख रहे हैं, जिसका लाभ अंकारा अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए उठा रहा है। एर्दोआनकी पहली प्राथमिकता दक्षेसके मुस्लिम सदस्य देशोंको साधनेकी रही है, जिनमें पाकिस्तान, बंगलादेश, मालदीव और अफगानिस्तान उसके लक्ष्यमें हैं।

लोकसंस्कृति की जीवन्तता का महापर्व

किसी पर्वकी पहचान केवल उसकी धार्मिक मान्यताओंसे नहीं बनती, बल्कि उससे जुड़े जीवन-मूल्यों, लोकपरम्पराओं और सामूहिक संवेदनाओंसे भी बनती है। छठ महापर्व इसका एक सुन्दर उदाहरण है।

❒ महेन्द्र तिवारी

छठ महापर्वका मूल आधार सूर्योपासना और प्रकृतिके प्रति कृतज्ञता है। सूर्यको जीवन, ऊर्जा और प्रकाशका स्रोत माना गया है। इस पर्वमें सूर्यके साथ छठी मैयाकी आराधना की जाती है। लोकमान्यताके अनुसार छठी मैया संतानोंकी रक्षा करती हैं और परिवारमें सुख, समृद्धि तथा आरोग्य प्रदान करती हैं। इस पर्वकी सबसे विशिष्ट बात यह है कि इसमें केवल उगते सूर्यकी ही नहीं, बल्कि अस्त होते सूर्यकी भी उपासना की जाती है। संसार जहां प्राय: उगते सूर्यको प्रणाम करता है, वहीं छठ हमें अस्त होते सूर्यके प्रति भी सम्मान व्यक्त करना सिखाता है। चार दिनोंतक चलने वाला यह महापर्व नहाय-खायसे आरम्भ होता है। दूसरे दिन खरनाके अवसरपर व्रती पूरे दिन उपवास रखती हैं। इसके बाद लगभग छत्तीस घंटेका निर्जला व्रत आरम्भ होता है। तीसरे दिन संध्याके समय किसी जलाशयके किनारे अस्ताचलगामी सूर्यको अर्घ्य दिया जाता है। चौथे दिन प्रात:काल उदीयमान सूर्यको अर्घ्य अर्पित करनेके साथ व्रतका समापन होता है। बांसके सूप और दउरेमें सजे फल, नारियल, गन्ना, ठेकुआ और अन्य प्रसाद इस पर्वकी पारम्परिक पहचान हैं। छठके वैश्विक विस्तारके पीछे प्रवासी भारतीयोंकी महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा, रोजगार, व्यापार और बेहतर जीवनकी तलाशमें बिहार तथा पूर्वांचलके लाखों लोग दुनियाके अलग-अलग देशोंमें पहुंचे हैं। वे अपने साथ अपनी भाषा, लोकगीत, खान-पान और सांस्कृतिक परम्पराएं भी ले गये। यही कारण है कि आज मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, नेपाल, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर और खाड़ी देशोंमें छठ मनाया जाता है। भारत सरकारके संस्कृति मंत्रालयने भी सितंबर २०२५ में छठके अंतरराष्ट्रीय स्वरूपको रेखांकित करते हुए संयुक्त अरब अमीरात, सूरीनाम और नीदरलैंडके राजनयिक प्रतिनिधियोंके साथ इसकी बहुराष्ट्रीय मान्यताके लिए विचार-विमर्श किया था। मारीशसमें छठकी परम्परा विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। यहां भारतीय मूलके लोगोंकी बड़ी आबादी है, जिनकी सांस्कृतिक स्मृतियोंमें बिहार और पूर्वांचलकी परम्पराएं आज भी जीवित हैं। फिजी और सूरीनाममें भी भारतीय मूलके परिवार इस पर्वको अपनी सांस्कृतिक विरासतके रूपमें संजोये हुए हैं। नेपालके तराई क्षेत्रमें छठकी परम्परा अत्यंत प्राचीन और व्यापक है। संयुक्त राज्य अमेरिकाके न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, टेक्सास और अन्य क्षेत्रोंमें भारतीय समुदाय सामूहिक रूपसे इस पर्वका आयोजन करता है। ब्रिटेनके लंदन, बर्मिंघम और लीसेस्टरमें भी छठके अवसरपर श्रद्धालु एकत्र होते हैं।

विदेशोंमें छठ मनाना आसान नहीं होता। भारतके गांवोंकी तरह हर जगह नदी, तालाब या पारम्परिक घाट उपलब्ध नहीं हैं। कहीं कृत्रिम जलकुंड बनाये जाते हैं तो कहीं झीलों और सार्वजनिक जलाशयोंके किनारे पूजाकी व्यवस्था की जाती है। बांसके सूप, मिट्टीके दीपक और अन्य पारम्परिक पूजन सामग्री जुटाना भी चुनौतीपूर्ण होता है। इसके बावजूद श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य और उपलब्ध संसाधनोंके अनुसार परम्पराओंका निर्वाह करते हैं। यह दृश्य बताता है कि संस्कृति केवल भौगोलिक परिस्थितियोंकी मोहताज नहीं होती, वह मनुष्यकी आस्था और संकल्पसे जीवित रहती है। इस वैश्विक विस्तारका एक भावनात्मक पक्ष भी है। विदेशोंमें रहने वाले अनेक लोगोंके लिए छठ अपने गांव, घर, परिवार और बचपनकी स्मृतियोंसे मिलनेका अवसर है। विशेष बात यह है कि विदेशोंमें पली-बढ़ी नयी पीढ़ी भी अपने माता-पिता और दादा-दादीसे इस पर्वकी परम्पराएं सीख रही है। इस प्रकार छठ पीढ़ियोंके बीच सांस्कृतिक संवादका माध्यम बन रहा है। छठका महत्व केवल धार्मिक आस्थातक सीमित नहीं है। इसमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और सामुदायिक सहयोगके गहरे संदेश निहित हैं। सूर्य, जल, धरती और प्रकृतिके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला यह पर्व हमें प्राकृतिक संसाधनोंके महत्वका बोध कराता है। इसमें भव्य मंदिरों, महंगी सजावट और दिखावेकी आवश्यकता नहीं होती। नदी, तालाब, जल और स्वच्छ वातावरण ही पूजाके प्रमुख आधार हैं। घाटोंपर जाति, वर्ग और आर्थिक स्थितिके भेदभावको पीछे छोड़कर लोग एक साथ खड़े होते हैं। इस दृष्टिसे छठ सामाजिक समरसता और सामूहिक उत्तरदायित्वका भी उत्सव है।

छठको अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक पहचान दिलानेकी दिशामें भारत सरकारने महत्वपूर्ण पहल की है। संस्कृति मंत्रालयने इसे मानवताकी अमूर्त सांस्कृतिक विरासतकी प्रतिनिधि सूचीमें शामिल करानेके लिए बहुराष्ट्रीय नामांकनकी प्रक्रिया शुरू की। अगस्त २०२६ में भारत सरकारने राज्यसभामें जानकारी दी कि छठ महापर्वका नामांकन दस्तावेज यूनेस्कोको भेजा जा चुका है। इस पहलमें मॉरीशस सहित अन्य देशोंकी भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। हालांकि नामांकन भेजा जाना और अंतिम मान्यता प्राप्त होना अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं, लेकिन यह कदम छठकी वैश्विक सांस्कृतिक महत्ताको स्वीकार करनेकी दिशामें उल्लेखनीय है। इससे पर्वकी परम्पराओंका व्यवस्थित अभिलेखन, संरक्षण और भावी पीढ़ियोंतक उनका हस्तांतरण सुनिश्चित करनेमें सहायता मिलेगी। आज जब दुनिया सांस्कृतिक टकराव, पर्यावरण संकट और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियोंसे जूझ रही है, तब छठका सन्देश पहलेसे अधिक प्रासंगिक दिखाई देता है। यह पर्व हमें प्रकृतिके प्रति विनम्रता, जीवनके प्रति कृतज्ञता, कठिन साधनाके प्रति निष्ठा और समाजके प्रति सहयोगका भाव सिखाता है। इसमें आस्था है, लेकिन आडंबर नहीं, अनुशासन है, लेकिन प्रदर्शन नहीं, सामूहिकता है, लेकिन भेदभाव नहीं। छठ अब केवल बिहार या पूर्वांचलकी पहचान नहीं रह गया है। यह भारतीय लोकसंस्कृतिका ऐसा प्रकाशपर्व बन चुका है, जिसकी आभा महाद्वीपोंकी सीमाएं पार कर रही है। दुनियाके किसी भी कोनेमें जब कोई व्रती जलमें खड़ी होकर डूबते सूर्यको अर्घ्य देती है तो उसके हाथोंमें केवल पूजाका सूप नहीं होता, बल्कि अपनी मिट्टी, अपने पुरखों और अपनी सांस्कृतिक विरासतके प्रति अटूट प्रेम भी होता है। सच तो यह है कि छठका सूर्य भले ही अलग-अलग देशोंके आकाशमें अस्त और उदित होता हो, लेकिन उसके प्रति श्रद्धाका भाव पूरी मानवताको एक सूत्रमें बांधनेकी क्षमता रखता है।



आत्मा और परमात्मा

❒ श्रीराम शर्मा

पुरातन कालमें एक अपराजित हेय दैत्य कृतवीर्यके आतंकसे दसों दिशाओंमें हाहाकार मच गया था। देवता और मनुष्योंमेंसे कोई उससे लोहा ले सकनेकी स्थितिमें नहीं था। सभी असहाय बने जहां-तहां अपनी जान बचाते फिरते थे। उपाय ब्रह्माजीने सोचा। भगवान शंकरको एक प्रतापी पुत्र उत्पन्न करनेके लिए सहमत किया। वही इस प्रलय दूतसे लड़ सकता था। कार्तिकेय स्वामी जन्मे। अग्निने उन्हें गर्भमें रखा। कृतिकाओंने पाला और इस योग्य बनाया कि वह अकेला ही चुनौती देकर कृतवीर्यको परास्त कर सके। ऐसा ही हुआ भी और संकट टलनेका सुयोग आया था। इस पौराणिक उपाख्यानमें कितना सत्य और कितना अलंकार है यह कहना कठिन है, परन्तु प्रस्तुत विभीषिकाएं सचमुच ही ऐसी हैं, जिन्हें कृतवीर्यके आतंक तुल्य ठहराया जा सके। जो सामने हैं, उनकी परिणति महाप्रलय होने जैसी मान्यता हर विचारशीलकी बनती जा रही है। अणु युद्धकी विभीषिका किसी भी दिन साकार हो सकती है और इस धरतीपर विषाक्तताके अतिरिक्त और कुछ बचनेके आसार नहीं हैं। बढ़ती जनसंख्याके लिए निर्वाह साधन अगले दिनों भी मिलते रहेंगे, इसकी कोई संभावना नहीं है। अन्न, जल ही नहीं, शुद्ध वायुतक मिलना संभव न रहेगा। लोग भूख, प्यास, घुटनसे दम तोड़ेंगे। व्यक्तिको स्वास्थ्य, संतोष, सुरक्षा, संपदा सभीसे वंचित होना पड़ेगा। अनाचारकी मान्यता देनेवाले समाजमें स्नेह, सहकार और न्यायके लिए क्या स्थान रहनेवाला है। विश्रृंखलित और विग्रही समाजका कोई भी सदस्य चैनसे न रह सकेगा। इन परिस्थितियोंका विवेचन हर क्षेत्रके मूर्धन्य विचारशील कर रहे हैं और एक स्वरमें इस निष्कर्षपर पहुंच रहे हैं कि समय रहते न चेता गया तो मनुष्य जातिको सामूहिक आत्महत्याके लिए बाधित होना पड़ेगा। इस प्रसंगमें शास्त्रकार, दिव्यदर्शी, ज्योतिषी, भविष्यवक्ता भी अपने-अपने तर्क प्रमाण प्रस्तुत करते हुए यह घोषित करते हैं कि दुर्दिनोंकी विपत्ति बेला अब कुछ ही दिनोंमें आ धमकनेवाली है। बढ़ते तापमानसे ध्रुव पिघलने, समुद्र उफनने और हिम युग वापस लौटने जैसी चर्चाएं आये दिन सुननेको मिलती रहती हैं। कोई चाहे तो इन परिस्थितियोंकी कृतवीर्य महादैत्यके समयसे तुलना कर सकता है, जो किसीके भी झुकाये न झुक पा रहा है। ऐसे समयमें अध्यात्म शक्ति ही कारगर होती रही है। विश्वामित्रका यज्ञ जिसकी रक्षा करने राम, लक्ष्मण गये थे, सामयिक आतंकको टालनेकी पृष्ठभूमि बनानेके लिए ही किया गया था। दधीचिके अस्थिदानके पीछे भी यही उद्देश्य था। कार्तिकेय जैसी अध्यात्म क्षमता उत्पादित करनेके प्रयत्नोंके साथ किसी प्रकार संगति बैठानी हो तो प्रज्ञा परिजनों द्वारा संचालित प्रज्ञा पुरश्चरणसे बैठ सकती है, जिसमें चौबीस लाख व्यक्ति एक समयपर एक विधानसे वातावरण संशोधनकी साधना करते हैं। इसीकी एक कड़ी इस अनुभव प्रयासके साथ जुड़ती है, जिसमें एकांतवासके साथ उग्र तपश्चर्या करनेका निर्धारण है।

बच्चों में बढ़ती आक्रामकता

❒ प्रमोद कुमार वाजपेयी

पिछले दिनों बच्चोंके हिंसक और असामान्य व्यवहारसे जुड़ी कई घटनाएं सामने आयीं। मध्य प्रदेशके मंदसौर जिलेमें एक १२ वर्षीय लड़कीने चार सालके बच्चेको छतपर बनी पानीकी टंकीमें डुबो दिया। वहीं, पंचकूलाके एक सरकारी स्कूलमें छह वर्षीय बच्चीके साथ हुई बर्बरताकी खबरने संवेदनशील समाजको भीतरतक झकझोर दिया। आखिर इतनी कम उम्रमें बच्चोंमें इतना गुस्सा कहांसे आ रहा है। स्कूल परिसरमें एक मासूम बच्चीकी सुरक्षा सुनिश्चित क्यों नहीं हो सकी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आज बचपन पहलेकी तुलनामें अधिक असुरक्षित होता जा रहा है। पंचकूलाकी घटनामें पीड़ित बच्चीकी पीड़ा और उसके भविष्यपर पड़ने वाले प्रभावके साथ हिंसा करने वाले आठ वर्षीय बच्चेके व्यवहारको समझना भी जरूरी है। बच्चीको न्याय, सुरक्षा और मनोवैज्ञानिक सहयोग मिलना चाहिए, लेकिन हिंसक व्यवहार करने वाले बच्चेके परिवेश और मन:स्थितिकी पड़ताल भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चा परिवार और परिवेशमें जो देखता है, उसे अपने व्यवहारमें उतारनेकी कोशिश करता है। दरअसल बाल हिंसाकी अवधारणा किसी बच्चेके साथ मारपीट या यौन शोषणतक सीमित नहीं है। इसमें शारीरिक दंड, मानसिक प्रताड़ना, अपमान, धमकी, भावनात्मक उपेक्षा, बुलिंग, बाल श्रम, तस्करी और डिजिटल माध्यमोंसे होने वाला शोषण भी शामिल है। हिंसा घर, विद्यालय और डिजिटल दुनियामें भी होती है। बच्चोंकी डिजिटल माध्यमोंतक पहुंच तेजीसे बढ़ी है, लेकिन सुरक्षा और मार्गदर्शनके उपाय उस अनुपातमें विकसित नहीं हुए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संघटनके मई २०२६ के तथ्यपत्रके अनुसार विश्वमें दोसे १७ वर्ष आयु वर्गके लगभग एक अरब बच्चे पिछले एक वर्षमें शारीरिक, यौन या भावनात्मक हिंसा अथवा उपेक्षाका अनुभव कर चुके हैं। यह समस्या किसी देश, संस्कृति या आर्थिक वर्गतक सीमित नहीं है। भारतकी स्थिति भी चिन्ताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरोके अनुसार, वर्ष २०२३ में बच्चोंके विरुद्ध अपराधके १,७७,३३५ मामले दर्ज हुए, जो वर्ष २०२२ के १,६२,४४९ मामलोंकी तुलनामें ९.२ प्रतिशत अधिक थे। बाल हिंसाका सबसे चिन्ताजनक पहलू यह है कि हिंसाका भुक्तभोगी बच्चा कई बार स्वयं हिंसक व्यवहार करने लगता है। घरमें मारपीट, गाली-गलौज, अपमान और भयका वातावरण बच्चेके मनपर गहरी छाप छोड़ता है। वह ताकतके इस्तेमालको अपनी बात मनवानेका तरीका समझने लगता है और अपने भीतरके अभाव, हताशा एवं आक्रोशको दूसरे बच्चोंपर उतार सकता है। आज परिवारोंकी संरचना, जीवनशैली और प्राथमिकताओंमें तेजीसे बदलाव आया है। माता-पिताकी व्यस्तता, प्रतिस्पर्धाका दबावए पारिवारिक कलह और बच्चोंके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बितानेका अभाव एक नयी चुनौती बनकर उभरे हैं। कई बार माता-पिता बच्चोंकी भौतिक आवश्यकताओंको पूरा करना ही अपनी जिम्मेदारी समझ लेते हैं, जबकि उनकी भावनात्मक जरूरतों, असुरक्षाओं और मनमें चल रहे द्वंद्वको समझनेके लिए समय नहीं निकाल पाते।

डिजिटल माध्यमोंने इस चुनौतीको और जटिल बना दिया है। मोबाइल गेम, सोशल मीडिया, हिंसक वीडियो और इंटरनेटपर उपलब्ध अनुपयुक्त सामग्री बच्चोंकी सोच और व्यवहारको प्रभावित कर सकती है। समस्या तब गम्भीर हो जाती है, जब ऐसी सामग्रीपर कोई नियंत्रण न हो और बच्चा वास्तविक एवं आभासी दुनियाके अन्तरको समझनेमें कठिनाई महसूस करे। विद्यालयोंकी भूमिका भी केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने और परीक्षा परिणाम सुधारनेतक सीमित नहीं रह सकती। स्कूलोंमें सुरक्षित वातावरण, प्रशिक्षित शिक्षक, प्रभावी निगरानी और शिकायत निवारणकी व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए।

पंचकूलाके जिस स्कूलमें घटना घटी, वहां ८०० बच्चे और २० शिक्षक हैं, लेकिन घटना वाले दिन १२ शिक्षक अनुपस्थित थे। यानी उस दिन प्रभावी रूपसे प्रति सौ बच्चोंपर केवल एक शिक्षक उपलब्ध था। इतने शिक्षकोंका एक साथ अनुपस्थित होना चिन्ताजनक है। भारतमें बाल संरक्षणके लिए किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और शिक्षाका अधिकार अधिनियम जैसे कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। आवश्यकता इनके प्रभावी क्रियान्वयनकी है। स्कूलोंमें नियमित मनोवैज्ञानिक परामर्श, व्यवहार संबंधी कठिनाइयोंकी समय रहते पहचान, शिक्षकोंका संवेदनशील प्रशिक्षण और अभिभावकोंके लिए सकारात्मक पालन-पोषण संबंधी कार्यक्रम विकसित किये जाने चाहिए। बच्चोंको यह विश्वास होना चाहिए कि वे किसी भी भय, दुर्व्यवहार या परेशानीके बारेमें बिना डरे किसी विश्वसनीय वयस्कको बता सकते हैं। हिंसाके शिकार बच्चोंके लिए शारीरिक उपचारके साथ दीर्घकालीन मनोवैज्ञानिक सहयोगकी व्यवस्था होनी चाहिए। दूसरी ओर हिंसक व्यवहार करने वाले बच्चोंके मामलेमें भी उनकी उम्र, मानसिक परिपक्वता, पारिवारिक परिस्थितियों और व्यवहार संबंधी समस्याओंको ध्यानमें रखते हुए विशेषज्ञोंकी सहायता ली जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति न हो और हिंसक प्रवृत्ति वाले बच्चोंको समय रहते समझकर संभाला जा सके। सवाल केवल यह नहीं है कि बच्चे हिंसाके शिकार क्यों हो रहे हैं। सवाल यह भी है कि हम उन्हें ऐसा बचपन देनेमें क्यों असफल हो रहे हैं, जिसमें हिंसाकी जगह संवेदना, भयकी जगह विश्वास और आक्रामकताकी जगह संवाद हो।

जनगणना-२०२७ और मतदाता पुनरीक्षण की तैयारियां तेज

१६ नवंबर से स्व-गणना, १७ नवंबर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान शुरू

मथुरा। जनपद में जनगणना-२०२७ एवं विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। दोनों अभियानों के संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने दोनों कार्यक्रमों की समय-सारणी एवं प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी दी।जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि जनगणना-२०२७ देश की १६वीं तथा आजादी के बाद आठवीं जनगणना होगी। इस बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूरा हो चुका है। द्वितीय चरण में १६ से ३० नवंबर तक स्व-गणना तथा एक दिसंबर २०२६ से चार जनवरी २०२७ तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना होगी। चार जनवरी की रात्रि बेघर लोगों की गणना तथा पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा। जनपद में



जनगणना के लिए २४ चार्ज एवं ६,०५४ ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं। इसके लिए ५,६०५ प्रगणक एवं ९१९ पर्यवेक्षक सहित कुल ६,५२४ कार्मिक तैनात किए गए हैं। आमजन िजचे://म.बमदेने.हवअ.पद पोर्टल पर अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना में कुल ४० सवाल पूछे जाएंगे। व्यक्तिगत जानकारी जनगणना अधिनियम १९४८ के तहत गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से बैंकिंग पासवर्ड, एटीएम पिन, यूपीआई पिन एवं ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करने की अपील की।जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक जनवरी २०२७ की अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण १७ नवंबर से शुरू होगा। इसी दिन मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। १७ नवंबर से १६ दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त होंगी। प्रारूप ६, ७ एवं ८ के माध्यम से नाम जुड़वाने, हटवाने एवं संशोधन के आवेदन किए जा सकेंगे। दावे-आपत्तियों का निस्तारण २८ दिसंबर तक तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चार जनवरी २०२७ को होगा। इसके लिए २१, २२, २८ एवं २९ नवंबर को विशेष अभियान दिवस निर्धारित किए गए हैं।जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि जनपद की अनुमानित जनसंख्या ३२,८९,६७८ है, जबकि वर्तमान मतदाता सूची में १७,०५,२३८ मतदाता दर्ज हैं। इनमें १८ से १९ वर्ष आयु वर्ग के १८,४३८ युवा, १४,२५३ दिव्यांग तथा ८५ वर्ष से अधिक आयु के ९,५०४ वरिष्ठ नागरिक मतदाता शामिल हैं। अभियान के लिए पांच निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, १५ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, ३५ जोनल अधिकारी, २३९ सेक्टर अधिकारी, २१९ सुपरवाइजर एवं २,२६३ बीएलओ तैनात किए गए हैं। मतदाता पंजीकरण एवं शिकायतों के लिए कलेक्ट्रेट स्थित ईओसी में जिला संपर्क केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसका हेल्पलाइन नंबर १९५० होगा, जो १७ नवंबर से संचालित होगा। वहीं मांट विधानसभा क्षेत्र के २०,७३७ मतदाता पहचान पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनका पंजीकृत डाक से वितरण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने आमजन से दोनों अभियानों में सहयोग करने तथा पात्र युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने पत्रकारों से भी जनगणना एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ओजस्वी राज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जनगणना अश्वनी कुमार, राज्य मास्टर ट्रेनर बलवीर सिंह वर्मा एवं गिरिश कौशिक सहित अन्य अधिकारी एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

ट्रेन में यात्री की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

महोबा से दिल्ली इलाज कराने जा रहा था

मथुरा। महाकौशल एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक कैंसर पीड़ित यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिवार के लोग उन्हें उपचार के लिए दिल्ली एम्स लेकर जा रहे थे। मथुरा जंक्शन के समीप हालत बिगड़ने पर यात्री को ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परि. जनों ने रेलवे विभाग पर समय से मदद नहीं करने का आरोप लगाया है। वहीं जीआरपी थाना प्रभारी ने परिजनों के आरोपों को निराधार बताया है। दिल्ली एम्स में चल रहा था उपचार- जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ५५ वर्षीय श्याम सुंदर पुत्र स्वामी दीप निवासी पनवाड़ी, जनपद महोबा के रूप में हुई है। परिजनों के मुता. बिक, श्याम सुंदर की तबीयत पहले से खराब थी। वह कैंसर से पीड़ित थे और उनका उपचार दिल्ली एम्स में चल रहा था। परिवार के लोग उन्हें स्वास्थ्य जांच कराने और दवाएं लेने के लिए दिल्ली लेकर जा रहे थे। इसी दौरान वह महाकौशल एक्सप्रेस में परिवार के साथ सफर कर रहे थे। मथुरा के पास अचानक बिगड़ी तबीयत- ट्रेन के मथुरा जंक्शन के समीप पहुंचने के दौरान अचानक श्याम सुंदर की तबीयत बिगड़ गई। उनकी हालत देखकर परिवार के लोग घबरा गए और रेलवे विभाग से मदद मांगी। परि. जनों का आरोप है कि उन्हें रेलवे की ओर से अपेक्षित सहायता नहीं मिल सकी। इसके बाद परिवार के लोगों ने खुद एंबुलेंस की व्यवस्था की और श्याम सुंदर को मथुरा जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जीआरपी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि श्याम सुंदर कैंसर से पीड़ित थे और उनका उपचार दिल्ली एम्स में चल रहा था। वह स्वास्थ्य जांच कराने और दवाएं लेने के लिए दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। जीआरपी प्रभारी ने स्पष्ट किया कि परिजनों द्वारा रेलवे पर मदद नहीं करने के लगाए गए आरोप निराधार हैं। दिल्ली में उपचार कराने की उम्मीद लेकर निकले परिवार को मथुरा में ही अपनों को खोना पड़ा। यात्री की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद रेल यात्रा के दौरान आपातकालीन स्थिति में यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

विधनसभा चुनाव से पहले फेरबदल, मथुरा में 147 दरोगाओं के ट्रांसपफर

मथुरा। जनपद में आगामी विधानसभा चुनाव २०२७ की तैयारियों के बीच पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने शुक्रवार रात करीब ३ बजे १४७ उपनिरीक्षकों की तबादला सूची जारी की। इसके तहत शहर से लेकर देहात तक के थानों और चौकियों में नई तैनाती की गई है। इस फेरबदल में एक दर्जन से अधिक चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। वहीं, पुलिस लाइन में रिजर्व चल रहे उपनि. रीक्षकों को भी थानों और चौकियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कई दरोगाओं को शहर से देहात और देहात से शहर के थानों में भेजा गया है। तबादला सूची में नंदगांव, अद्धा, कस्बा छाता, बाग बहादुर, रैपुरा जाट, ओल, जाजमपट्टी, देवसेरस, खानपुर, वृंदावन गेट, आझई, छटीकरा, लक्ष्मीनगर, कोकिला. वन, कोटवन, बंगाली घाट, बीएसए और बाजना कट चौकियों के प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है। आनंद कुमार शर्मा को नंदगांव से अद्धा चौकी भेजा गया है। अंकित मलिक को कस्बा छाता से बाग बहादुर चौकी और सौरभ तेवतिया को रैपुरा जाट से कस्बा राया चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। शहर और देहात के थानों में भी बदलाव- थाना स्तर पर भी बड़े पैमाने पर तैनाती बदली गई है। कोतवाली, सदर बाजार, गोविंदनगर, वृंदावन, हाईवे, रिफाइनरी, गोवर्धन, बरसाना, छाता, फरह, जैत, जमुनापार, कोसीकलां, महावन, मांट, नौहझील, राया, शेरगढ़ और सुरीर समेत कई थानों में उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारी दी गई है। इस बदलाव में कई उपनिरीक्षकों को शहर के थानों से देहात और देहात के थानों से शहर में तैनात किया गया है। पुलिस लाइन से भी थानों और चौकियों में तैनाती- पुलिस लाइन में रिजर्व चल रहे उपनिरीक्षकों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। ज्ञानेश बाजपेयी को आझई चौकी और केशल कुमार वशिष्ठ को सिविल लाइन चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा महिला उपनिरीक्षकों को भी अलग-अलग थानों में तैनाती दी गई है। चुनाव की तैयारियों के तहत किया गया फेरबदल-पुलिस विभाग के अनुसार, यह फेरबदल आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-२०२७ के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक स्थापना के निर्देशों के अनुपालन में किया गया है। चुनाव से पहले बड़े स्तर पर हुए इस बदलाव को जिले में पुलिस व्यवस्था को व्यवस्थित करने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

जैत पुलिस की लुटेरों से मुठभेड़, एक को लगी गोली, दूसरा गिरफ्तार

असम और मुंबई की श्रद्धालु महिलाओं के पर्स लूटकर हुए थे फरार, ११,५०० रुपये, मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद

चौमुहाँ। श्रद्धालु महिलाओं को निशाना बनाकर पर्स लूटने वाले दो आरोपियों को जैत पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गोवर्धन-राधाकुंड मार्ग पर पुलिस की घेराबंदी देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके साथी को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से लूट की नकदी, मोबाइल, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। सीओ सदर वरुण मिश्रा के अनुसार, दो दिन पहले असम और मुंबई से आईं श्रद्धालु महिलाओं के साथ अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटनाएं हुई थीं। टेंपो और ई-रिक्शा में सफर कर रही महिलाओं के पर्स बदमाशों ने झपट लिए थे। पर्स में मोबाइल, नकदी, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड सहित जरूरी सामान था। घटनाओं की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही जैत पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि दोनों आरोपी दोबारा लूट की वारदात करने के इरादे से गोवर्धन-राधाकुंड मार्ग पर घूम रहे हैं। इस पर जैत पुलिस ने स्वाट टीम प्रभारी महावीर सिंह और सर्विलांस टीम के साथ नगला पिसावा मोड़ के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आ रहे संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में जगदीश उर्फ काले निवासी ततारपुर, बरसाना के दाहिने पैर में गोली लग गई। वहीं, उसके साथी रामकिशन को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से ११,५०० रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड, एक तमंचा, दो खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा लूट में इस्तेमाल बिना नंबर प्लेट की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी मिली है। पुलिस के मुता. बिक, जगदीश उर्फ काले के खिलाफ हत्या के प्रयास, चोरी, अवैध हथियार और एनडीपीएस एक्ट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। रामकिशन का भी आपराधिक रिकॉर्ड है। दोनों के खिलाफ लूट, पुलिस टीम पर जानलेवा हमला और अवैध हथियार रखने के आरोपों में कार्रवाई की जा रही है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

मथुरा में बकरी की मौत, इलाज कराकर गांव लौट रहे थे

मथुरा। बकरी का इलाज कराकर गांव लौट रहे बाइक सवार दो युवक कार की टक्कर से घायल हो गए। हादसे में बकरी की मौत हो गई। थाना मुरसान के गांव बंका निवासी सचिन कुमार, दिनेश कुमार और रमेश चंद्र पुत्र शेर सिंह बाइक नंबर यूपी ८६ ए क्यू ७२०४ से मथुरा बैटनरी कॉलेज गए थे। वे बकरी का इलाज कराकर शुक्रवार शाम गांव लौट रहे थे। शाम करीब ६ बजे राया-हाथरस मार्ग पर गांव बिरहना के पास सामने से आ रही अर्टिगा कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए और बकरी की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय डॉक्टर के पास पहुंचाया। उन्होंने बकरी का इलाज भी कराया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। सचिन कुमार ने बताया कि बकरी की डिलीवरी नहीं हो रही थी। इसलिए वे उसे इलाज के लिए मथुरा बैटनरी कॉलेज ले गए थे और वहां से गांव लौट रहे थे।

दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार कोतवाली पुलिस ने होली गली से पकड़ा

मथुरा। युवतियों से दुष्कर्म के मामले में वांछित ३५ वर्षीय आरा. पी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे १३ नवंबर २०२६ को दोपहर करीब १:२० बजे सौंख रोड स्थित होली गली से पकड़ा। पुलिस ने आरोपी की पहचान विशाल के रूप में बताई है। वह स्वर्गीय श्याम का बेटा और होली गली, होली गेट, थाना कोतवाली मथुरा का निवासी है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में मुकदमा संख्या ७८९/२०२६ दर्ज है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा ६४(१), ११५(२), ३१६(२), ३५१(३) और पॉक्सो एक्ट की धारा ३/४ लगाई गई हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ जरूरी कानूनी कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक सुनील कुमार यादव, उपनिरीक्षक सूरजमल सिंह और कांस्टेबल राजीव कुमार शामिल थे।

जीएसटी अधिकारी ने नमकीन-पेप्सी से भरी पिकअप पकड़ी: मथुरा के भरतपुर रोड पर चालक गाड़ी लेकर भागा, धनगांव रोड पर पकड़कर दस्तावेजों की जांच शुरू

मथुरा। शहर के वार्ड नंबर ११ में भरतपुर रोड पर जीएसटी अधिकारी ऋचा ने पेप्सी और नमकीन से भरी पिकअप पकड़ी। चालक मंडी चौराहे से सामान लेकर अपने गांव जा रहा था। जीएसटी अधिकारी को देखकर चालक ने गाड़ी भगाने की को. शिश की। अधिकारी ने पीछा कर धनगांव रोड पर पिकअप रोक ली और चालक से पूछताछ शुरू की। इसके बाद गाड़ी में रखे सामान और उससे जुड़े दस्तावेजों की जांच शुरू की गई। पेप्सी और नमकीन के बिल और जीएसटी दस्तावेज भी जांचे जा रहे हैं। मौके पर मौजूद पत्रकारों ने अधिकारी से पूछा कि गाड़ी किस वजह से पकड़ी गई और चालक से क्या पूछताछ हो रही है। खबर के मुताबिक, पत्रकारों ने जांच का वीडियो बनाया, लेकिन ऋचा ने अपने ड्राइवर से वीडियो डिलीट करा दिया। अधिकारियों की ओर से आगे की जानक. ारी मिलने पर मामले की स्थिति साफ होगी।

यतेंद्र मुकद्दम को फिर महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली:

मथुरा। कांग्रेस हाईकमान ने मथुरा-वृंदावन महानगर कांग्रेस कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष पंडित यतेंद्र मुकद्दम को फिर महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस पर वार्ड ५८ के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। शहर के हालनग. ंज में हुए कार्यक्रम में दिनेश विंदल, कीर्ति कुमार कौशिक, जुगल वार्ष्णेय और क्षेत्र के अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पंडित यतेंद्र मुकद्दम को बधाई दी। क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि हाईकमान ने पंडित यतेंद्र मुकद्दम पर फिर भरोसा जताया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में मथुरा-वृंदावन में कांग्रेस संगठन मजबूत होगा और कार्यकर्ता जनहित के मुद्दे उठाएंगे। कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और पंडित यतेंद्र मुकद्दम को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

सजल महोत्सव १५ को

मथुरा। सजल सर्जना समिति,मथुरा के तत्वावधान में स्थानीय आर सी ए कन्या (पीजी) कॉलेज में संस्था के आठवें वार्षिकोत्सव का आयोजन रविवार १५ नवम्बर को किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अनिल गहलौत ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग २५० प्रमुख साहित्यकार भाग लेकर हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं के सम्बन्ध में चर्चा करेंगे तथा राष्ट्रभाषा हिंदी के उत्थान हेतु कार्ययोजना तैयार करेंगे। कार्यक्रम में लगभग चार दर्जन सजल कृतियों का लोकार्पण किया जाएगा। संस्था के सचिव इंजीनियर संतोष कुमार सिंह के अनुसार समारोह में देश के विभिन्न अंचलों से पधार रहे दर्जनों साहित्यकारों को सम्मानित भी किया जायेगा।

मथुरा में आयकर विभाग की गुरूकृपा ग्रुप के प्रतिष्ठानों पर रेड बिल्डर और होटल व्यवसाई के प्रतिष्ठानों पर पहुंची टीम,

नोएडा और आगरा की टीमें कर रही छापेमारी

मथुरा। शुक्रवार को आयकर विभाग की कई टीमों ने एक साथ छापेमारी की। इनकम टैक्स विभाग की १० से ज्यादा टीमों ने यहां के प्रतिष्ठित बिल्डर और होटल व्यवसाई के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। इस टीम में नोएडा,गाजियाबाद और आगरा के विभाग के अधिकारी हैं। सुबह से चल रही इस रेड के लंबी चलने की संभावना है। शुक्रवार की सुबह आयकर विभाग की टीम धौलीप्याऊ क्षेत्र स्थित गुरु कृपा बिल्डर के प्रतिष्ठानों पर पहुंची। शंकर अग्रवाल के अलग-अलग होटल और प्रोजेक्ट पर पहुंची टीम ने दस्तावेज खंगालते हुए आय के श्रोतों की जानक. ारी एकत्रित करना शुरू कर दिया। टीम यहां सुबह करीब ५ बजे पहुंची थी। बताया जा रहा है करीब ५० गाड़ियों से टीम के सदस्य अलग-अलग जगह पहुंचे। इनकम टैक्स विभाग की टीम मथुरा के अलावा वृंदावन में भी पहुंची। टीम रमण रेती इलाके में स्थित आनंद वन इलाके में भी पहुंची। यहां टीम ने जांच की और अन्य जानकारी जुटाई। इसके अलावा छठीकरा रोड स्थित एक नामचीन होटल भी पहुंची। यहां भी टीम के सदस्यों ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की यह कार्यवाही लंबी चल सकती है।

यमुना के विभिन्न घाटों पर २४ नवंबर को देव दीपावली के पावन अवसर पर दीपदान उत्सव का के संबंध में बैठक संपन्न

मथुरा। जिलाधिकारी के आदेशानुपालन में देव दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा के संबंध में बैठक हुई संपन्न। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री यमुना मैया जी के पावन तट पर २३वें भव्य देव दीपावली /दीपदान उत्सव का आयोजन किये जाने के संबंध में अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन श्री अमरेश कुमार एवं नगर मजिस्ट्रेट श्री अनुपम कुमार मिश्रा द्वारा आयोजकगणों तथा सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान जनपद मथुरा में २४.११.२०२६ को २३वें देव दीपावली / दीपदान उत्सव का आयोजन किये जाने हेतु श्री यमुना जी के किराने विभिन्न घाटों को सुसज्जित करने, उत्कृष्ट साज-सज्जा, दीपों का अलंकार, रंगोली तथा दीप प्रज्ज्वलन कराने के साथ-साथ घाटों पर समुचित प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था आदि कराये जाने हेतु घाटों का आवंटन किया गया, जिसमें आयोजक समिति से सोहन लाल शर्मा, कल्यान दास, नीरज वशिष्ठ, योगेश आवा, प्रयागनाथ चतुर्वेदी, विजय बहादुर सिंह, महेन्द्र आचार्य, पंकज शर्मा एवं योगेश गौतम मौजूद रहे। बैठक में सहायक नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा-वृन्दावन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, श्रम अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी / कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

एनएसएस स्वयंसेवक तुषार का प्री-पीआरडी परेड शि. विर के लिए चयन,

महाविद्यालय में हर्ष की लहर

मथुरा। किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक तुषार का प्री-पीआरडी परेड शिविर के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। चयनित स्वयंसेवक तुषार आगामी २६ जनवरी २०२७ को दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता की दिशा में आगे बढ़ेंगे। तुषार का चयन ५ नवंबर २०२६ को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्व. विद्यालय, आगरा में आयोजित चयन प्रक्रिया के दौरान किया गया। विश्वविद्यालय की कुल. पति प्रो. आंशू रानी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के निदेशक समरदीप सक्सेना, डॉ पूनम तिवारी विश्वविद्यालय समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन अग्रवाल एवं एनसीसी प्रभारी डॉ. कपिल कौशिक ने तुषार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तुषार का चयन महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी राष्ट्रीय सेवा एवं सामा. जिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने के लिए प्रेरित करेगी।

युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए होगा ईएलसी क्लब का गठन

मथुरा। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से आज आरसीए स्नाकोत्तर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब के औपचारिक गठन को समझाया गया जिसमें बहुत बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डॉ. दीन दयाल ने ईएलसी क्लब गठन में कोऑर्डिनेटर, नोडल एवं सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से प्रत्येक विभाग से छात्रों का चयन करना है और उनकी भूमिका मतदाता साक्षरता क्लब में कैसे तय करनी है। डीएलएमटी मनीष दयाल द्वारा महाविद्यालय में फॉर्म ६ के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रिया की जानक. ारी प्रदान करी। उन्होंने सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालय से अपील करी कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शीघ्र अपने-अपने संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब का गठन कर के उसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराएं। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजूबाला ने ईएलसी क्लब के गठन की विस्तारपूर्वक जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्वीप टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया और अपने संस्थान में शीघ्र ही ईएलसी क्लब का गठन करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्राध्यापकों और छात्राओं ने निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान करने की शपथ ली। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) कल्पना वाजपेई, प्रो. (डॉ.)अर्चना पाल, डॉ. मंजू, डॉ.अर्चना, डॉ.सीमा, डॉ.पल्लवी, डॉ. धर्मेंद्र एवं डॉ. सुषमा आदि स्टाफ तथा बहुत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

ठाकुर बाल कृष्ण लाल मंदिर में कुनबाड़े का आयोजन

मथुरा। ठाकुर बाल कृष्ण लाल मंदिर में कार्तिक मास के दौरान परंपरागत कुनबाड़े का आयोजन किया गया। मंदिरों में इस महीने ठाकुरजी के मनोरथ भी हो रहे हैं। इस दौरान मंदिर में विराजमान ठाकुरजी के बाल स्वरूप की विशेष सेवा-अर्चना की गई। कार्तिक मास में रोज ठाकुरजी के लाड़ लड़ाए जा रहे हैं। मंदिर में श्रद्धालु ठाकुरजी के दर्शन कर रहे हैं। इन आयोजनों के जरिए ब्रज की पुरानी धार्मिक परंपराओं और सेवा भाव को दर्शाया जा रहा है।

वार्ड ४० में सफाई अभियान चलाया गया: पार्षद धनंजय सिंह लोधी के निर्देशन में नगर निगम कर्मचारियों ने गलियों,

मथुरा। जनपद के वार्ड नंबर ४० में पार्षद धनंजय सिंह लोधी के निर्देशन में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड की गलियों, सड़कों और सार्वजनिक जगहों की सफाई की गई। नालियों से कचरा भी हटाया गया। धनंजय सिंह लोधी ने कहा कि वार्ड की सफाई और लोगों को स्वच्छ वातावरण देना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए नगर निगम के कर्मचारियों से नियमित सफाई कराई जा रही है। उन्होंने वार्ड के लोगों से आसपास सफाई बनाए रखने और कूड़ा तय जगह पर डालने की अपील की।

सत्संग में मुलाकात, आश्रम में शोषण कथावाचक इंद्रदेव महाराज बुरे फंसे,

महिला ने दर्ज कराई एफआईआर पुलिस जांच शुरू

मथुरा। महाराष्ट्र की एक महिला ने वृंदावन के कथावाचक इंद्रद. ेव महाराज पर शारीरिक शोषण और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। ठाणे में दर्ज प्राथमिकी वृंदावन कोतवाली पहुंचने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर पीड़िता से बयान के लिए संपर्क किया है। महाराष्ट्र की महिला द्वारा वृंदावन के कथावाचक इंद्रदेव महाराज पर लगाए गए शारीरिक शोषण के आरोप के मामले में वृंदावन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के काशीमीरा थाने में दर्ज प्राथमिकी के ऑनलाइन वृंदावन कोतवाली स्थानांतरण पर पुलिस ने पीड़िता से बयान के लिए संपर्क किया है। कथावाचक ने पारिवारिक परेशानी दूर करने के नाम पर महिला से शारीरिक शोषण किया और अश्लील कॉल की थी। इसकी वॉइस रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। महाराष्ट्र के ठाणे क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसकी कथावाचक से मुलाकात अप्रैल २०२३ में मुंबई के सांताक्रूज में आयोजित सत्संग के दौरान हुई थी। महिला ने उनसे दीक्षा ली थी। महिला दिसंबर २०२३ में अपनी बेटियों के साथ वृंदावन परिक्रमा मार्ग स्थित सेवा धाम आश्रम पहुंची। आरोप है कि इसी दौरान रात करीब साढ़े दस बजे उसे महाराज के कमरे पर बुलाया। वहां कैमरे बंद होने की बात कहकर दरवाजा बंद कर लिया और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। १७ जून २०२६ को फोन पर धमकी दिए जाने के बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की और प्रमाण के तौर पर ऑडियो रिकॉर्डिंग भी प्रस्तुत की। महिला की शिकायत पर महाराष्ट्र के ठाणे जिले के काशीमीरा थाने में अक्तूबर में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सीओ वृंदावन संदीप सिंह ने बताया कि ऑनलाइन जांच वृंदावन थाने में आ गई है।

१७ नवंबर को गोपाष्टमी पर चार दिवसीय महोत्सव शुरू होगा: मथुरा में कंस वध मेले का भी शुभारंभ, निकलेगी शोभायात्रा

मथुरा। जनपद में १७ नवंबर को गोपाष्टमी के अवसर पर चार दिवसीय श्रीकृष्ण महोत्सव और कंस वध मेले की शुरुआत होगी। आयोजन श्री मथुरा चतुर्वेद परिषद के तत्वावधान में होगा। महोत्सव की शुरुआत पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें ब्रज की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। शोभायात्रा की तैयारियां की जा रही हैं। कंस वध मेले की तैयारियों के तहत चतुर्वेद समाज के लोग पारंपरिक लाठियों पर तेल लगाकर उन्हें चमका रहे हैं। चार दिवसीय महोत्सव में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी जानकारी

हाथरस। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल व मुख्य विकास अधिकारी पीएन दीक्षित के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या के नेतृत्व में विकास खण्ड हसायन में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें उनके द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुये योजना का लाभ आम जन-मानस तक पहुँचाने के साथ, बीमा योजनाएं, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पात्र लाभार्थियों के आवेदन कराने को प्रेरित किया। महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी



विमल कुमार शर्मा द्वारा बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य रूप से ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक के बारे में अवगत कराते हुये समय से बैठक कराकर उसकी कार्यवृत्ति उपलब्ध कराने के साथ-साथ महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, दत्तक ग्रहण योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, निराश्रित महिला पेंशन योजना के साथ बाल विवाह अधिनियम 2006 के बारे में कहा कि अंतर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालक का विवाह न कराये जाने की अपील कर जागरूक किया गया तथा बाल विवाह होने के कारण एवं उसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत रूप से जानकरी दी गई। बाल विवाह की जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 पर सूचित करने के साथ ही पास के पुलिस थाने में अथवा 112 इमरजेंसी नम्बर पर सूचना दिये जाने को जागरूक किया गया। उन्होने यह भी बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा-9 एवं 10 के अन्तर्गत बाल विवाह सम्पादित किये जाने पर 1 लाख रुपये का जुर्माना अथवा 2 वर्ष तक की सजा हो सकती है। एमओआईसी डाक्टर कुमार चौधरी ने जननी सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आईसीडीएस विभाग मुख्य सेविका रीतू द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के साथ विभागीय योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर फारिहा नोशी ने वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं कानूनी सहायता, अस्थाई आश्रय, मनोसामाजिक परामर्श, चिकित्सीय सहायता एवं पुलिस सहायता की सुविधा मिलती है तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा, पोश एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। बेसिक शिक्षा विभाग से आये जितेन्द्र पाल सिंह ने शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में जानकारी दी गई। पीएलवी अजब सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।= बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रेम किशोर, उप निरीक्षक भिखारी दास, निशांत कुमार, वीपीएम स्वास्थ्य विभाग, जय सिंह, बीएमएम, आउटरीच कार्यकर्ता कैलाश चन्द्र एवं विकास खण्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उपस्थिति रहीं।

केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

बाल मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हाथरस। तालाब चौराहा स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मे पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस बाल दिवस के रूप मे मनाया और बाल मेले का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर बच्चों की उमंग, उत्साह और रचनात्मकता से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, प्राचार्य महाभारत सिंह, विशिष्ट अतिथि चतुर सिंह, एसएचओ सतेंद्र सिंह राघव ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वललित करके किया। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य महाभारत सिंह ने की। बाल मेले के दौरान कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक कुरीति पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों को उजागर करते हुए



समाज को इस कुप्रथा के विरुद्ध जागरूक होने का संदेश दिया। प्रस्तुति को देखकर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने विद्यार्थियों की सराहना कर उत्साह बढ़ाया। एसपी को छात्र गरिमा यादव ने मधुबनी पेंटिंग उपहार में दी। एसपी ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता, रचनात्मक सोच का विकास होना भी बेहद जरूरी है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ ही उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास कराते हैं। इसके उपरांत बाल मेले का एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने फीता काटकर उद्घाटन किया और छात्रों द्वारा लगाई गयी स्टालों का निरीक्षण किया। एसपी ने छात्र एलन राज सहित अन्य छात्रों को खाद्यान्न सामिग्री वितरित की और जमीन पर बैठकर छात्रों से संवाद किया। बाल दिवस पर आयोजित बाल मेले ने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और सामाजिक विषयों पर विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक जितेन्द्र शर्मा, तस्किन बानो,)तु शर्मा, नीलम, मधुवनी, चंचल वर्मा, भावना पांडे,)तु नेहा मेडम, नीलम मैडम, सूर्य प्रताप सिंह, अजित कुमार, राहुल यादव, पंकज कुमार, पवन कुमार, विनय त्यागी, तरुण सक्सेना, सुरभि मित्तल, डीडी रावत, ज्योति, मंजीत कुमार, सुनील कुमार, अभय कुमार गुप्त मौजूद थे।

दो भाईयों के बीच घरेलू बंटवारे को लेकर हुई मारपीट , पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेने के बाद की कार्रवाई

हसायन। कोतवाली क्षेत्र की सलेमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव नगला कांच में शुक्रवार को दो सगे भाईयो के बीच आपस में घरेलू प्रकरण के दौरान घरेलू बंटवारे के विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। दो भाईयो के बीच हुई गाली गलौज के प्रकरण के दौरान विवाद हो गया। गाली गलौज मारपीट के दौरान बडे भाई ने छोटे भाई की पत्नी के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी। दोनो पक्ष अपनी अपनी शिकायत करने के लिए सलेमपुर पुलिस चौकी व कोतवाली पर पहुंचे। तो पुलिस ने दोनो भाईयो को हिरासत में लेकर शांति भंग के तहत कार्रवाई कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। ग्राम पंचायत कलपुरा नगला रति के माजरा गांव नगला कांच में घरेलू बंटवारे के प्रकरण को लेकर सलीम पुत्र मुंशी लाल खां और रहीश पुत्र मुंशी लाल खां के बीच आपस में कहासुनी गाली गलौज मारपीट हो गई। इसी झगडे के दौरान सलीम ने अपने छोटे भाई रहीश की पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। इस संबंध में रहीश की पत्नी ने अपने जेठ सलीम के खिलाफ शिकायत कर दी, तो सलीम के परिवार के सदस्य भी रहीश पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत करने के लिए पहुंचे, तो पुलिस ने सलीम और रहीश दोनो भाईयो को ही हिरासत में ले लिया।

पुलिस दोनों भाईयो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

नगला भूरा में लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से परिवार पर हमला, आठ पर रिपोर्ट

सादाबाद। क्षेत्र के गांव नगला भूरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ओमवीर सिंह ने पड़ोसियों पर एकराय होकर लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से हमला कर परिवार के लोगों को बुरी तरह पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 8 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगला भूरा निवासी पीडित ओमवीर पुत्र चंद्रपाल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 11 नवंबर की शाम करीब 6.30 बजे वह अपने छोटे भाई सतीश सिंह, मां रूपा देवी और भाभी राजबाला देवी के साथ घर पर बैठे थे। तभी पड़ोसी सत्यवीर सिंह, उसकी पत्नी अनीता, पुत्र पोहप सिंह, कुलदीप सिंह, प्रशांत सिंह, राकेश, राहुल, बबीता और सुनील सिंह सहित अन्य लोग एकराय होकर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने घर के बाहर ही उनके और उनके परिजनों के साथ लाठी-डंडों व लोहे की सरिया से मारपीट की। हमलावर परिवार के लोगों को बुरी तरह घायल कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड है। उसने आरोप लगाया कि आरोपी आए दिन परिवार को परेशान करते हैं और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। कोतवाल विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आबकारी विभाग ने मदिरा की दुकानों का किया सघन निरीक्षण

हाथरस। आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम, संयुक्त आबकारी आयुक्त, आगरा जोन, आगरा एवं उप आबकारी आयुक्त अलीगढ़ प्रभार के निर्देश के अनुपालन में तथा जिला आबकारी अधिकारी हाथरस के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक द्वारा मय स्टाफ के देशी शराब एवं कंपोजिट शॉप की फुटकर दुकानों का आकस्मिक सघन निरीक्षण किया गया। दुकान में संचित मदिरा स्टॉक का मिलान किया गया एवं रैण्डम आधार पर क्यूआर कोड का



एक्साइज एप से स्कैन कर मदिरा का सत्यापन किया गया तथा विक्रेताओं को पॉश मशीन से 100 प्रतिशत मदिरा स्कैन करके बिक्री करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हाथरस। जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार, हाथरस में समस्त विभागाध्यक्षों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्व-गणना के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को अवगत कराया गया कि स्व-गणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित की जाएगी। इस अवधि में जनपद के निवासी स्वयं स्व-गणना पोर्टल अथवा वेब लॉगइन के माध्यम से अपने परिवार एवं संबंधित सदस्यों का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। सभी



जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्व-गणना के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करें तथा अधिक से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों द्वारा स्व-गणना कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी बताया गया कि स्व-गणना पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त स्व-गणना आईडी को सुरक्षित रखें तथा जब प्रगणक उनके घर पर गणना हेतु आएं, तो उन्हें अपनी स्व-गणना आईडी अवश्य दिखाएं। अधिकारियों को बताया गया कि स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर गणना की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, हाथरस, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

डीजे बजा रहे युवक के साथ की गाली-गलौज, मारपीट

हसायन। कोतवाली क्षेत्र के जलेसर सिकन्द्राराऊ मार्ग स्थित गांव जरैरा पुलिस चौकी अंतर्गत गांव सराय में डीजे.बजा रहे एक युवक के लाइट के तार बार बार निकाल दिए जाने के दौरान युवक ने नामजदों से विद्युत तार निकालने को लेकर विरोध किया, तो युवक के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर जब युवक के परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक को घायल अवस्था में अर्ध मूर्छित देख चीख पुकार मचाते हुए घायल युवक को उपचार कराए जाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गए।

ममतेश गौतम पुत्र नेम सिंह निवासी गांव जरेरा के माजरा गांव सराय का रहने वाला है। ममतेश के पिता नेम सिंह ने हसायन कोतवाली में अपने घायल पुत्र ममतेश को ले जाकर पुलिस से लिखित तहरीर देकर गांव के ही नामजद युवकों पर डीजे.बजाने के दौरान डीजे. के विद्युत तार निकाल दिए जाने का विरोध किए जाने पर ममतेश गौतम के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हुए मौके पर ममतेश को लहुलुहान अवस्था में छोडकर भाग गए। पीडित घायल युवक ममतेश गौतम के पिता नेम सिंह ने पुलिस से नामजदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने पीडित की लिखित तहरीर के आधार पर छानबीन प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनीष चिकारा ने बताया कि घटना के संबंध में छानबीन कराई जा रही है।

शराब के ठेका पर मनपसंद ब्रांड की शराब नहीं मिलने पर सेल्समैन और युवक में गाली गलौज मारपीट, दोनों हुए घायल

हसायन। कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर पुलिस चौकी अंतर्गत गांव नगला रति में हसायन मार्ग स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर शुक्रवार की दोपहर के करीब अंग्रेजी शराब के ब्रांड को लेकर ठेका पर तैनात कार्यरत सेल्समैन और एक शराब के शौकीन युवक के बीच वाद विवाद हो गया। मारपीट की घटना के दौरान ठेका सेल्समैन और शराब के शौकीन पियक्कड युवक दोनों चोटें आई हैं। पुलिस ने ठेका सेल्समैन के साथ गाली गलौज मारपीट करने वाले गांव सूसामई के रहने वाले युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंच गई। नगला रति के हसायन मार्ग पर ठेका अंग्रेजी शराब की दुकान पर शराब की बिक्री करने वाले कर्मचारी के रूप में ठेका सेल्समैन के रूप में गांव इन्द्रनगर सिकतरा का एक युवक कार्यरत है। तभी गांव सूसामई के रहने वाला एक युवक ठेका अंग्रेजी शराब की दुकान पर शराब की खरीददारी करने के लिए गया हुआ था, जिसने अपने मनपंसद ब्रांड की शराब ठेका शराब की दुकान पर तैनात सेल्समैन से मांगी सेल्समैन ने युवक से शराब नही होने की बात कही। इसी बात को लेकर सेल्समैन और शराब खरीदने के लिए आए युवक के साथ वाद विवाद होने लगा। इस दौरान ठेका शराब की दुकान पर तैनात सेल्समैन और सूसामई के रहने वाले युवक के चोट आने के दौरान दोनो घायल हो गए।

पुलिस ने युवक दीपू को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार चिकारा ने बताया कि शराब को लेकर झगडा हुआ है। अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है।

वैष्णवी ने हासिल किया प्रथम स्थान, कौशल द्वितीय और भावना तृतीय स्थान पर रहीं

राजकीय महाविद्यालय कुरसंडा में निबंध प्रतियोगिता आयोजित, मतदान के महत्व पर किया जागरूक

सादाबाद। राजकीय महाविद्यालय कुरसंडा, हाथरस में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता साक्षरता क्लब के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय शुशुद्ध मतदाता सूची का महत्व एवं मतदाता का महत्वश रहा। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए लोकतंत्र में मतदान की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ.



मृदुला गौतम ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक-एक वोट से सरकार बनती है और देश का भविष्य तय होता है। इसलिए प्रत्येक युवा को मतदान के प्रति जागरूक होना चाहिए और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, ईवीएम, निष्पक्ष मतदान और युवा मतदाताओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की वैष्णवी ने प्रथम, कौशल ने द्वितीय और भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. दिनेश तोमर, प्रो. डॉ. देवेन्द्र कुमार गौतम, डॉ. राधा शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव एवं संजय शर्मा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से नकदी-जेवर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

सादाबाद। कस्बा निवासी एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने एक युवक और उसके साथियों पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा घर में रखे 50 हजार रुपये और सोने-चांदी के जेवर ले जाने का आरोप लगाया है।

पीडित पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, घटना 11-12 नवंबर की रात करीब 2.30 बजे की है। परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। इसी दौरान उनकी पुत्री घर से लापता हो गई। पिता का आरोप है कि कस्बे का एक युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घर में रखे 50 हजार रुपये, सोने की दो अंगूठियां, एक पेंडल और चांदी की पाजेब भी गायब मिलीं।

उन्होने आशंका जाहिर की कि उक्त युवक के साथ आगरा निवासी दो अन्य युवक भी घटना में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने पुत्री की सुरक्षा को लेकर खतरा जताते हुए पुलिस से उसे सकुशल बरामद कराने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल विजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सादाबाद सीएचसी का जेडी हेल्थ ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को परखा

ओपीडी से लेकर उपचार कक्षों तक पहुंचकर ली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी



सादाबाद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं की हकीकत परखने के लिए गुरुवार को जेडी हेल्थ मोहन झा ने औचक निरीक्षण किया। मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। उनके अचानक अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई। निरीक्षण के दौरान जेडी हेल्थ ने अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने ओपीडी, मरीजों के उपचार कक्षों, इमरजेंसी वार्ड, वैक्सीन कक्ष दवा वितरण कक्ष और विभिन्न पटलों पर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति देखी। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिलने वाले उपचार, उपलब्ध संसाधनों, साफ-सफाई और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित कक्षों में तैनात कर्मचारियों से स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। उन्होंने उपचार प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

नोटिस बेअसर, अतिक्रमण हटवाने जेसीबी लेकर पहुंची नगर पंचायत की टीम

ढाबा संचालक ने मांगी मोहलत, शनिवार सुबह तक खुद अतिक्रमण हटाने की चेतावनी

सादाबाद। नगर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को उस समय हलचल मच गई, जब हाथरस रोड पर एसडीएम कोर्ट के सामने स्थित एक ढाबे पर नगर पंचायत और पुलिस की टीम जेसीबी लेकर पहुंच गई। टीम को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू की तो ढाबा संचालक ने खुद अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ समय मांग लिया। इस पर टीम वापस लौट गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शनिवार सुबह तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो जेसीबी से ध्वस्तीकरण कराया जाएगा। नगर पंचायत की ओर से 12 नवंबर को ढाबा संचालक को नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर



सड़क की पटरी से तंदूर, भट्टी आदि हटाने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस में कहा गया था कि आगरा-हाथरस मार्ग पर पटरी पर सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाला निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। ढाबे के सामने अतिक्रमण होने से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर शुक्रवार को नगर पंचायत की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची। ईओ विकास जैन के नेतृत्व में पहुंची टीम को ढाबा संचालक ने शनिवार सुबह तक अतिक्रमण हटाने का भरोसा दिया। चेयरमैन प्रतिनिधि राधारमन अग्रवाल ने बताया कि ढाबा संचालक को सुबह तक की मोहलत दी गई है। निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो जेसीबी से ध्वस्त करा दिया जाएगा।

गोवर्धन पूजा की तैयारी के दौरान दो पक्षों में मारपीट, पिता-पुत्र घायल

लाठी-डंडे और फरसा लेकर हमला करने का आरोप, एक युवक की हड्डी टूटी

सादाबाद। क्षेत्र के गांव जैतई में गोवर्धन पूजा की तैयारी के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के नरेंद्र सिंह ने अपने परिवार के लोगों पर लाठी-डंडों और फरसे से हमला करने का आरोप लगाया है। मारपीट में नरेंद्र सिंह और उनके दो पुत्र घायल हो गए। गांव जैतई निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र राजनलाल ने सादाबाद कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 10 नवंबर की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने परिवार के साथ गोवर्धन पूजा की तैयारी कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान परिवार के ही संजू सिंह, प्रभाकांत, कृष्णकांत, दिलीपकांत और देवेश पुरानी रंजिश के चलते एकराय होकर पहुंचे। गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और फरसे से हमला कर दिया। मारपीट में वह और उनके पुत्र दुर्गेश व जितेंद्र को चोटें आईं। आरोप है कि जितेंद्र के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि दुर्गेश की कोहनी की हड्डी टूट गई। पीड़ित पक्ष के अनुसार, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घायलों का सादाबाद में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। कोतवाल विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

युवक के साथ मारपीट, गुप्तांग में आई चोट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

सादाबाद। क्षेत्र के गांव चमरपुरा में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने गांव के ही तीन युवकों पर उसके बेटे के साथ मारपीट कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। गांव चमरपुरा निवासी अनिल कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 11 नवंबर की शाम करीब 7.30 बजे अनिल कुमार के बेटे अवय कुमार के साथ गांव के ही राजू, कन्हैया और विष्णु ने मारपीट की। आरोप है कि मारपीट में अवय के गुप्तांग में चोट आई। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के पिता अनिल ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

उधारी के रूपए को लेकर दो पक्षों में मारपीट , दो महिला सहित तीन घायल

हसायन। कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर में उधारी के रुपए को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर वाद विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष से दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ़्तार कर शांति भंग के तहत चालान कर कार्रवाई की है। योगेश पुत्र भगवान सिंह ने गांव के ही जयपाल पुत्र रूकमपाल सिंह के बीच उधार रूपए के लेनदेन किए जाने पर दोनो पक्षों के बीच गाली गलौज मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान रेनू पत्नी योगेश, योगेश पुत्र भगवान सिंह तथा विमलेश पत्नी भगवान सिंह को मारपीट में चोटें आईं। घटना की जानकारी पीडित पक्ष के द्वारा डायल एक सौ बारह व कोतवाली पुलिस को दी गई। झगडे की जानकारी मिलते ही डायल एक सौ बारह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों पीडित घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाकर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए उपचार कराया और मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने दूसरे पक्ष के गांव रसूलपुर निवासी जयपाल सिंह पुत्र रुकमपाल, गोविंद पुत्र मनोज कुमार तथा गौतम पुत्र रुकमपाल को हिरासत में लेकर तीनों युवकों का भी मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद पुलिस ने तीनों नामजद युवकों के खिलाफ शांति भंग के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

संगठन में मेहनत और समर्पण का मिला सम्मान, इंजी. दिनेश कुमार राजपूत को भाजपा ब्रज क्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी

निवर्तमान जिला महामंत्री से ब्रज क्षेत्र ओबीसी मोर्चा के आईटी संयोजक तक का सफर

■ संगठन के प्रति सक्रियता और तकनीकी समझ को मिली नई पहचान




फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में लगातार सक्रिय भूमिका निभाने वाले इंजी. दिनेश कुमार राजपूत को भाजपा ब्रज क्षेत्र ओबीसी मोर्चा का आईटी संयोजक बनाए जाने से उनके राजनीतिक एवं संगठनात्मक सफर में एक नया अध्याय जुड़ गया है। फिरोजाबाद महानगर ओबीसी मोर्चा के निवर्तमान जिला महामंत्री रहे इंजी. दिनेश कुमार राजपूत ने संगठन के प्रति अपनी सक्रियता, जिम्मेदारियों के निर्वहन और आधुनिक तकनीक में रुचि के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाने का प्रयास किया है।

नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बताया कि आज का दौर डिजिटल क्रांति का है और आईटी एवं सोशल मीडिया संगठन की गतिविधियों तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इंजी. दिनेश कुमार राजपूत ने विश्वास जताया कि वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया के बेहतर उपयोग से संगठनात्मक कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके लिए पद से अधिक महत्वपूर्ण संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करेंगे।

बहुत गई, थोड़ी रही, थोड़ी भी अब जाए, श्रीमद्भागवत कथा में स्वामी प्रणव पुरी महाराज ने दिया जीवन की नश्वरता का संदेश





फिरोजाबाद। सर्वोदय ग्लास परिवार द्वारा फिरोजाबाद क्लब में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस उज्जैन से पधारे स्वामी श्री प्रणव पुरी महाराज ने जीवन की नश्वरता, वैराग्य और सच्ची भक्ति का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन का संदेश दिया। उन्होंने ह्यबहुत गई, थोड़ी रही, थोड़ी भी अब जाएह्ल का संदेश देते हुए विदुर और धृतराष्ट्र के प्रसंग में बताया कि विदुरजी ने धृतराष्ट्र को समझाया कि जीवन का अधिकांश समय बीत चुका है, शरीर जीर्ण हो रहा है, फिर भी सांसारिक सुखों और भोगों की लालसा कब तक बनी रहेगी। जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्र त्याग देता है, उसी प्रकार आत्मा भी पुराने शरीर का त्याग कर देती है। स्वामीजी ने कहा कि जीवन के अंतिम पड़ाव में सांसारिक मोह से विरक्त होकर ईश्वर भक्ति में मन लगाना ही कल्याण का मार्ग है। विदुरानी प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेमवश विदुरानी के हाथों केले के छिलके स्वीकार कर संसार को संदेश दिया कि प्रभु स्वादिष्ट व्यंजनों के नहीं, बल्कि भक्त के निर्मल प्रेम और भाव के भूखे हैं। इसके बाद माता देवहूति के आदर्श दांपत्य जीवन का वर्णन करते हुए उन्होंने पति-पत्नी के पारस्परिक समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व बताया। भगवान कपिल के अवतार प्रसंग में स्वामीजी ने कहा कि माता देवहूति को भगवान कपिल पुत्र रूप में प्राप्त हुए, जिन्होंने अपनी माता को दिव्य ज्ञान का उपदेश देकर आत्मकल्याण का मार्ग दिखाया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति और आध्यात्मिक संदेशों से भावविभोर नजर आए।

फिरोजाबाद की पांचों विधानसभाओं में दिखा लोकतंत्र का उत्साह, निबंध और क्विज प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



फिरोजाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता साक्षरता क्लब के अंतर्गत जनपद की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल तथा जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान, मतदाता सूची और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना रहा। फिरोजाबाद के डीएवी इंटर कॉलेज में एसडीएम सदर सुदर्शन कुमार, ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी डॉ. हिमांशु शर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. उपेंद्र नाथ शर्मा के संयोजन में प्रतियोगिता संपन्न हुई। वहीं टूंडला के ठाकुर बीरी सिंह इंटर कॉलेज, शिकोहाबाद के बीडीएम गर्ल्स इंटर कॉलेज, जसराना के एलएलआर इंटर कॉलेज तथा सिरसागंज के एमडी जैन इंटर कॉलेज में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। एसडीएम सदर सुदर्शन कुमार ने कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की पहचान हैं। डॉ. हिमांशु शर्मा ने बताया कि विधानसभा स्तर पर चयनित विद्यार्थी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। समापन पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान निर्णायक मंडल में डॉ. दीप चंद्र अग्रवाल, अवनीश कुमार, पंकज दीक्षित सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

माथुर वैश्य समाज की 139वीं जयंती पर फिरोजाबाद में दिखेगा एकता का दम, 15 नवंबर को स्कूटर रैली से गूंजेगा शहर



फिरोजाबाद। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा की 139वीं जयंती 15 नवंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी। समाज की एकजुटता और भाईचारे का संदेश देने के लिए भव्य स्कूटर रैली निकाली जाएगी।

शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में पदाधिकारियों ने बताया कि रैली सुबह नौ बजे सुहागनगर स्थित माथुर वैश्य भवन से प्रारंभ होकर सुहागनगर चैराहा, बाईपास रोड, ट्रॉमा सेंटर सर्विस रोड, जैन मंदिर एवं महावीर नगर सर्विस रोड होते हुए दोपहर 12 बजे आगरा रोड स्थित महावीर वाटिका पहुंचेगी। मंडलाध्यक्ष अश्वनी कुमार गुप्ता ने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान करते हुए कहा कि जयंती का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और संगठन को मजबूती प्रदान करना है। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता मामा, राष्ट्रीय महामंत्री शंकर गुप्ता, डॉ. ध्रुव कुमार आचार्य, मंडल मंत्री सुनील कुमार गुप्ता, दिनेश गोलस, देवेंद्र बादलस, मनीष कुमार, प्रदीप, केला देवी, कुलभूषण गुप्ता, अनिल लहरी, अनिल गुप्ता, राखी गुप्ता, अलका, आशा, कमलेश, कीर्ति, सोनिया, रूबी, शशि, अखिलेश एवं शिल्पी सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

लड़ाई-झगड़ा करना पड़ा भारी, थाना दक्षिण पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार



फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए लड़ाई-झगड़ा कर रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को उपनिरीक्षक सुधीर कुमार एवं सोनू भाटी ने कार्रवाई करते हुए मोहित वर्मा पुत्र चन्द्रप्रकाश वर्मा निवासी कोटला रोड, औझा नगर गली नंबर एक थाना उत्तर, अजय राठौर (29) पुत्र बलवीर सिंह निवासी लोहा मंडी, विनय सिंह (32) पुत्र बलवीर सिंह निवासी लोहा मंडी तथा मोनू (28) पुत्र बबलेश निवासी लालऊ, थाना दक्षिण को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चारों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए नगर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। थाना प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

फिरोजाबाद में उमड़ा किसानों का सैलाब, खेत बचाओ अभियान में पहुंचे एक हजार अन्नदाता, डीएम ने दिया मिट्टी बचाने का मंत्र





फिरोजाबाद। उद्यान विभाग परिसर में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में खेत बचाओ अभियान के तहत भव्य किसान मेले का आयोजन हुआ। इसमें जनपद के लगभग एक हजार किसानों ने सहभागिता की। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने किसानों को आधुनिक खेती, मृदा संरक्षण और जैविक खाद अपनाने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही किसानों की समृद्धि और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। परियोजना संयोजक डॉ. संजय सिंह राठौर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ऋषि राज ने किण्वित जैविक खाद , संतुलित उर्वरक प्रबंधन और जलवायु अनुकूल खेती की जानकारी दी। मेले में आधुनिक कृषि उपकरणों, उन्नत बीजों और सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान किसान बलराम एवं छोटेलाल को ट्रैक्टर की चाबियां सौंपी गईं। शेर सिंह यादव, सर्वेश सिंह बघेल, हरिशंकर यादव एवं विपिन कुमार को अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के तहत लाभान्वित किया गया, जबकि बाबूराम, रामसनेही, डूमर सिंह एवं हाकिम सिंह को सरसों की मिनी किट वितरित की गई। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी सुमित चैहान सहित बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

राजमल में गूंजेंगे जैन धर्म के जयकारे, 29 नवंबर से सजेगा भव्य पंचकल्याणक महोत्सव, देशभर से उमड़ेंगे श्रद्धालु



(फिरोजाबाद)। टूंडला के निकट राजमल स्थित दिगंबर अतिशय क्षेत्र छोटे गिरनार जी तीर्थक्षेत्र में आर्यिका 105 विशुद्धमति माताजी के पावन सानिध्य में 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक सात दिवसीय भव्य पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित होगा। आयोजन को लेकर जैन समाज में जबरदस्त उत्साह है। आगरा, दिल्ली, कोलकाता और मुंबई सहित देश के विभिन्न शहरों से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया है। तीर्थक्षेत्र के अध्यक्ष रवि जैन उर्फ बंटू जैन ने बताया कि यह आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन, विधायक प्रेम प्रकाश धनगर, मनीष असीजा, संजीव दिवाकर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। महोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

19 क्वार्टर देशी शराब समेत आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से एक आरोपी को 19 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। गंजडुंडवारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चमन कुमार गोस्वामी ने बताया है कि कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की रात मोहनपुर रेलवे फाटक के निकट से विजेन्द्र पुत्र जय सिंह निवासी जयधर थाना गंजडुंडवारा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 19 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

सट्टा पर्चा नकदी समेत आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने सट्टे के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने सट्टा पर्ची, 810 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चमन कुमार गोस्वामी ने बताया है कि कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की शाम सट्टे के मामले में कल्लू उर्फ दर्शन पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला राजेन्द्र नगर गंजडुंडवारा को वन विभाग के कार्यालय के निकट से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

बाबा नाती को मारपीट कर किया घायल, तीन पर रिपोर्ट

कासगंज। ढोलना थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में बाबा नाती से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में दिनेश सिंह पुत्र भूप सिंह ने बताया है कि उसके गांव का ही खेमकरन उर्फ बोबी उसकी पत्नी से फोन पर बातचीत करता था। उसने खेमकरन से फोन पर बातचीत करने के लिए मना किया। इसी बात को लेकर खेमकरन, रूपेंद्र, सुरेश ने उसके पिता भूप सिंह व बेटे निखिल को घेरकर मारापीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दीपावली आनंद महोत्सव में बिखरेगी मुंबई-मुरादाबाद के कलाकारों की चमक, माता महालक्ष्मी की भव्य झांकी बनेगी आकर्षण का केन्द्र

आज तिलक इंटर कॉलेज मैदान में सजेगी सांस्कृतिक महफिल, लकी ड्रॉ में भाग्यशाली दर्शकों को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार



फिरोजाबाद। संस्कार भारती महानगर शाखा के तत्वावधान में 14 नवंबर को तिलक इंटर कॉलेज मैदान में दीपावली आनंद महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में संस्था के अध्यक्ष बृजेश यादव एवं संयोजकों ने बताया कि महोत्सव में मुंबई और मुरादाबाद के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ सोनी टीवी के कलाकार राहुल अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। वहीं अयोध्या एवं वृंदावन के कलाकारों द्वारा सजाई जाने वाली माता महालक्ष्मी की विशाल एवं मनमोहक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, मुख्य वक्ता सदर विधायक मनीष असीजा, कार्यक्रम अध्यक्ष चरण जी अग्रवाल तथा विशेष आमंत्रित अतिथि महापौर कामिनी राठौर एवं मीना दीक्षित रहेंगी। जितेंद्र यादव, किशन बंसल एवं नृपेंद्र प्रकाश मित्तल दीप प्रज्ज्वलन करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में उमाशंकर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संजय प्रकाश मित्तल, विनोद कुमार जैन, प्रमोद कुमार गोयल, अनुपम शर्मा एवं विवेक अग्रवाल शामिल रहेंगे। महोत्सव में रंगीन विद्युत सजावट, चाट एवं खानपान के स्टॉल, स्वदेशी उत्पाद, बच्चों के झूले और मनोरंजक खेल भी आकर्षण बढ़ाएंगे।

प्रवेश कार्ड के माध्यम से होगा तथा लकी ड्रॉ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। संस्था ने नगर आयुक्त से आयोजन स्थल के आसपास सफाई, प्रकाश, पेयजल एवं सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है। पत्रकार वार्ता में उद्देश्य तिवारी, रमेश बंसल, शिवकांत पलिया, प्रवीण अग्रवाल, नितिन बंसल, रवींद्र बंसल, मयंक सारस्वत, विकास बंसल एवं मीडिया प्रभारी अनुग्रह गोपाल अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

19 कंपनियों द्वारा 688 अभ्यर्थियों को किया गया शॉर्टलिस्ट

रोजगार मेले में 754 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग



कासगंज। जनपद के के0ए0 (पी0जी0) डिग्री कॉलेज, अमांपुर रोड, कासगंज में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 19 कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें जनपद के 754 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु साक्षात्कार दिया। विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 688 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ जिला महामंत्री भाजपा आकाश दीप वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता एवं कौशल के आधार पर चयन प्रक्रिया संपन्न की। इस अवसर पर विनय कुमार जैन, सचिव प्रबंध समिति के0ए0 कॉलेज, सहायक निदेशक सेवायोजन अधिकारी अलीगढ़ सिद्धार्थ मित्तल, प्राचार्या डॉ0 मिथिलेश कुमारी सहित सेवायोजन कार्यालय अलीगढ़ प्रधान सहायक योगेश शर्मा, सुशील सिंह, शमीम अहमद, निशांत वशिष्ठ, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, डिम्पल सिंह तथा रंजना सिंह उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने एम.पैक्स. सोरों का किया निरीक्षण

गोदाम में खाद की उपलब्धता एवं स्टॉक की स्थिति का लिया जायजा



कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने विकास खंड सोरों स्थित एम0पैक्स0 का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोदाम में रखे खाद के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया तथा उपलब्ध खाद की मात्रा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने खाद लेने आए किसानों से खाद के निर्धारित मूल्य के संबंध में जानकारी ली तथा पूछा कि उन्हें खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है। उन्होंने किसान बही एवं फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से खाद वितरण की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान गोदाम में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को शासन के निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराई जाए तथा खाद वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अशोक कुमार चैधरी सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेलकूद प्रतियोगिता में रोशनी बनी ब्लॉक चैंपियन

विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित



कासगंज। ब्लॉक अमांपुर की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन शुक्रवार को अभयपुरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, विशिष्ट अतिथि बीएसए विकास कुमार सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी नेहा सिंह तथा एबीएसए शशिकांत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने ध्वजारोहण, फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं की शुरूआत की।

प्रतियोगिता में प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में प्रांजल, 100 मीटर में विशाल, 200 मीटर में सुमित और लंबी कूद में अभय प्रथम रहे। बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में जानवी, 100 मीटर में चांदनी और 200 मीटर में संजना ने बाजी मारी। जूनियर बालक वर्ग की 100 और 200 मीटर दौड़ में दिलवर तथा 400 मीटर में प्रियांशु प्रथम रहे। जूनियर बालिका वर्ग की 100 और 200 मीटर दौड़ में रोशनी, 400 मीटर में प्रार्थना और लंबी कूद में रोशनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रोशनी को बालिका जूनियर वर्ग का ब्लॉक चैंपियन घोषित किया गया। कबड्डी के प्राथमिक बालक वर्ग में बहटा विजेता और वीरपुर उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में बहोपुर विजेता और रामपुर उपविजेता बना।

जूनियर बालक वर्ग में किशोरपुर विजेता तथा नगला कटीला उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग में बहोपुर विजेता और बहटा उपविजेता रहा। समापन पर अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पीटीआई राजेंद्र सिंह, जिला समन्वयक सुनील यादव सहित शिक्षक, निर्णायक मंडल और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जनपद में 18 नवंबर को होगा युवा उत्सव, पांच विधाओं में प्रतिभा दिखाएंगे युवा

कासगंज। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद स्तर पर एक दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन 18 नवंबर 2026 को प्रातः 9 बजे से द्रौपदी देवी जाजू बालिका इंटर कॉलेज, निकट नदरई गेट, कासगंज में किया जाएगा। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद (वीबीवाईएलडी-2026) के अंतर्गत युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से युवा उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें नुक्कड़ नाटक (समूह), कविता लेखन, पेंटिंग, लोक नृत्य (समूह) एवं लोकगीत (समूह) सहित पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले युवाओं की आयु 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है। आयु प्रमाणित करने के लिए आधार कार्ड एवं हाईस्कूल की अंकतालिका साथ लाना आवश्यक होगा। सभी प्रतिभागियों के लिए माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक युवा निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

ई-रिक्शा चालक से मारपीट के मामले में रिपोर्ट

कासगंज। पटियाली थाना में किराए के रुपये मांगने पर ई-रिक्शा चालक से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में पटियाली कस्बा के मोहल्ला सराफा बाजार निवासी भूरे राईन पुत्र गफूर राईन ने बताया है कि वह ई-रिक्शा चलाता है। गत 11 नवम्बर को वह ई-रिक्शा से सवारी लेकर सिढ़पुरा की ओर जा रहा था, करनपुर के समीप कुलदीप ई-रिक्शा रुकवाकर उतरकर जाने लगा। जब उसने रुपये मांगे तो कुलदीप ने साथी को बुलाकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

आज संदीप सिंह, सौरभ सिंह की सगाई, सीएम से लेकर अंडमान-निकोबार के उप राज्यपाल तक आएंगे

❑ दर्जनों मंत्रियों के काफिला सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पहुंचेगा, ताला नगरी में बना हैलीपैड

अलीगढ़। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, सौरभ सिंह के ताला नगरी में होने वाले सगाई समारोह में यूपी के सीएम से लेकर अंडमान निकोबार तक के उप राज्यपाल इस आयोजन में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। इस वीआइपी और वीव. ीआइपी कार्यक्रम को लेकर शासन से लेकर प्रशासनिक अफसर तैयारियों में पूरजोर से जुटे हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। वह मुख्यमंत्री मेरठ से राजकीय हेलीकॉप्टर से दोपहर 2:55 बजे तालानगरी स्थित हेरिटेज स्कूल ग्राउंड के हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां से कार द्वारा कार्यक्रम स्थल, तालानगरी स्थित रामघाट कल्याण मार्ग पहुंचेंगे, दोपहर 3:05 बजे से 3:25 बजे तक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, सौरभ सिंह के सगाई समारोह



में शामिल होंगे। इसके बाद वह 3:30 बजे हेलीपैड हेरिटेज स्कूल ग्राउंड पहुंचेंगे और 3:35 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से आगरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी दोपहर 12:15 बजे संदीप सिंह, सौरभ सिंह के सगाई समारोह में तालानगरी स्थित रामघाट कल्याण मार्ग पर शामिल होंगे, जिसके बाद 12:45 बजे सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रति. निधियों के साथ बैठक के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उप राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उससे पहले वह एसजेडी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल टीकाराम कॉलोनी में आयोजित जलवायु परिवर्तन संवाद में पहुंचेगे। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास उत्तर प्रदेश धर्मपाल सिंह दोपहर दो बजे सर्किट हाउस में विभाग के अफसरों के संग बैठक करने के बाद 03:30 बजे सगाई समारोह में पहुंचेगे।

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह दोपहर 03:30 बजे सगाई समारोह में पहुंचेंगे। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक दोपहर 12:15 बजे सगाई समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद 12:35 बजे सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रति. निधियों और उनके बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अफसरों संग बैठक करेंगे। राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल (मन्नू कोरी) दोपहर तीन बजे सगाई समरोह में पहुंचेगे। अगले दिन रविवार सुबह 11 बजे विभागीय समीक्षा बैठक करेंगे। सभापति प्रेम सिंह शाक्य यूपीआरएनएसएस भी इस कार्यक्रम में आएंगे। राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी, मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास, सेवा एवं पुष्टाहार बेबी रानी मौर्य सगाई समारोह में तालानगरी स्थित रामघाट कल्याण मार्ग पर शामिल होंगी।

डीजे से भी दिया जा रहा है निमंत्रण

मंत्री संदीप सिंह व उनके छोटे भाई सौरभ की सगाई शनिवार की है। सगाई के लिए अतरौली क्षेत्र में निमंत्रण देने का सिल. सिला जारी है।सगाई समारोह को लेकर अतरौली में तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यकर्ता घर-घर जाकर निमंत्रण दे रहे हैं और नाम, मोबाइल नंबर व हस्ताक्षर सहित रिसीव ले रहे हैं।

प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी, पूर्व जनप्रतिनिधि, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी और बूथ अध्यक्षों के माध्यम से हर घर तक निमंत्रण पहुंचाया जा रहा है। कई गांवों में नाई न्योता दे रहे हैं, तो गांवों में मुनादी कराई जा रही है। डीजे पर पूर्व मंत्री राजवीर सिंह का निमंत्रण वाला ऑडियो मैसेज भी प्रसारित किया जा रहा है। पूर्व मंत्री राजवीर सिंह ने सोशल मीडिया और जगह-जगह होर्डिंग्स लगवाकर लोगों से निमंत्रण स्वीकारने और कार्यक्रम में आने की अपील की है। शाही शादी में शामिल होने को लेकर लोगों में बेहद उत्साह है।

30 तक विधायक खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

❑डीएम ने एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित

अलीगढ़। डीएम अविनाश कुमार ने विधायक, सांसद, जोन सारीय खेल प्रतियागिताओं के आयोजन के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न आयु वर्ग सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में 08 खेल विधाओं-एथलेटिक्स, कबड्डी कुश्ती, वॉलीबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिण्टन में महिला, बालिका, पुरुष/बालक श्रेणी में विधाचार कराया जाना है।

डीएम ने विधायक खेल स्पर्धा आयोजन के लिए संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में विधानसभावार समिति का गठन किया। विधानसभा खैर के लिए एसडीएम खैर, विधानसभा बरौली के लिए एसडीएम गभाना, विधानसभा अतरौली एवं छर्रा के लिए एसडीएम अतरौली, विधानसभा कोल एवं अलीगढ़ के लिए एसडीएम कोल एवं विधानसभा इगलास के लिए एसडीएम इगलास की अध्यक्षता में समिति का गठन किया।

डीएम ने एसडीएम से कहा कि संबंधित विधानसभा के विधायक से विचार-विमर्श कर बैठक आयोजित कर विधायक खेल स्पर्धा के आयोजन कराएंगे। खेल संघों का यथा आवश्यक सहयोग प्राप्त करते हुए खेल स्पर्धा की निर्धारित तिथियों को खेल एसोसिएशन के कैलेण्डर में सम्मिलित करा लें। विधायक खेल स्पर्धा में न्यूनतम 1500 खिलाडियों को प्रतिभाग कराया जाना अनिवार्य है। विजेता खिलाडियों को जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग कराया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि विधायक खेल स्पर्धा में विभिन्न आयु वर्गों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवंबर तक कराना सुनिश्चित करें।

महुआ खेड़ा पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो पकड़े

अलीगढ़। महुआ खेडा पुलिस ने चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना महुआखेड़ा पुलिस टीम ने उमाशंकर गौतम निवासी बाबा कॉलोनी गाँधीपार्क, मुकेश कश्यप निवासी गांव असदपुरक्याम नगला देवी महुआ खेडा को चोरी के एलईडी टीवी., गैस सिलेंडर, इंवर्टर, बैटरी, घटना में प्रयुक्त लोहे का नुक. ीला सरिया, लोहे का पेचकश, घटना में प्रयुक्त ऑटोरिक्शा संग इलाके से गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस टीम में इंस्पेक्टर संजीव सिंह चौहान, एसआई अर्जुन सिंह, सुशील कुमार, सिपाही विकास शर्मा, रजत चौधरी आदि मौजूद रहे।

शेखा झील के पास लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



अलीगढ़। श्री गोगाजी धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रथम रिंग्स महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें गोरखनाथ जाहरवीर मंदिर, शेखा झील के सामने, पनैठी, छर्रा-कासगंज रोड पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर का आयोजन बाबा वृक्षनाथ हॉस्पिटल की ओर से किया, जिसमें सभी प्रकार की जांचें नि:शुल्क की। विधायक एवं राज्यमंत्री ठा. सुरेंद्र दिलेर की मां, जिला मलखान सिंह अस्पताल के सीएमएस डॉ. जगबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

सगाई समरोह में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर डीएम-एसएसपी ने दी सख्त हिदायतें

❑ ड्यूटियां सुबह 8 बजे से होंगी शुरू, सेफ हाउस-सेफ हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त के निर्देश





अलीगढ़। शनिवार को आयोजित होने वाले सगाई कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए डीएम अविनाश कुमार, एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने कार्यक्रम में तैनात पुलिस, प्रशासनिक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों की ब्रीफिंग कर निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी अधिकारियों की प्राथमिकता होगी। अधिकारी निर्धारित जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। मांगलिक कार्यक्रम है, जिसमें अपार जनसमूह भाग लेगा, ऐसे में ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी एवं पुलिस कार्मिक आमजन से मधुर व्यवहार बनाए रखें ताकि मंगल कार्य में कोई विघ्न उत्पन्न न हो।

दोनों अफसरों ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं पुलिस कार्मिकों की ड्यूटियां प्रात: 8 बजे से प्रारंभ हो जाएंगी। अधिकारी समय से निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं देंखे और आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। सेफ हाउस एवं सेफ हॉस्पिटल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रखी जाएं, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

यातायात एवं अग्निशमन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक यातायात को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कहा कि दोनों अधिकारी खुद व्यवस्थाओं की निगरानी करें और टीम के साथ पूरी मुस्तैदी से तैनात रहें। वाहनों की सुचारु आवाजाही एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही क्रेन और मैकेनिक की उपलब्धता भी रखें, जिससे वाहन के खराब होने की स्थिति में तत्काल समाधान किया जा सके। कार्यक्रम स्थल पर उद्घोषणा प्रणाली को भी पूरी तरह क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों को बताया कि कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश एवं निकास के लिए कुल पांच द्वार निर्धारित हैं। वीवीआईपी पास धारकों के वाहनों की पार्किंग कार्यक्रम स्थल के अंदर निर्धारित स्थान पर रहेगी। शहर की ओर से आने वाले लोगों के लिए कलश बैंक्वेट हॉल के सामने सामान्य पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं, अतरौली की ओर से आने वाले लोगों के वाहनों के लिए कार्यक्रम स्थल से पहले ट्राइडेंट स्कूल, दीनदयाल उपाध्याय स्कूल सहित अन्य निर्धारित स्थलों पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखें।

डीएम अविनाश कुमार ने कहा कि अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। अधिकारी निर्धारित पार्किंग एवं ड्यूटी स्थलों को पहले से देख लें और जिम्मेदारियों को समझें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, विद्युत एवं अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाओं में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए सतर्कता के साथ कार्य करें।

एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने सभी निरीक्षकों एवं उपनिरीक्षकों से कहा कि वायरलेस सेट के माध्यम से निरंतर संपर्क में रहें और अपने अधीनस्थ पुलिस कार्मिकों की तैनाती एवं ड्यूटी की निगरानी सुनिश्चित करें। किसी भी सूचना अथवा आवश्यकता पर संबंधित अधिकारी तत्काल समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। ब्रीफिंग के उपरांत जिला मजिस्ट्रेट एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर प्रवेश-निकास, पार्किंग, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

घूस मांगने वाला दरोगा सस्पेंड दो अन्य लाइन हाजिर

अलीगढ़। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसआइ रवि कुमार थाना इगलास को थाना छर्रा से एक्सीडेंट के मामले में पीड़ित से पैसों की मांग करना, कर्तव्यपालन में लापरवाही बरतने पर सीओ छर्रा की रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने निलंबित कर दिया।

वहीं दूसरी ओर बरला थाने में तैनात दरोगा अनूप कुमार द्विवेदी और छर्रा के कृष्ण पाल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

गैर समुदाय के युवक के संग महिला गायब, रिपोर्ट

खैर। सोफा चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने तीन बच्चों को छोडकर गैर समुदाय के प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई है। पीडित पति ने कस्बा निवासी युवक के खिलाफ कोतवाली खैर में अभियोग दर्ज कराया है।

पीडित पति के अनुसार ट्रक चालक होने के कारण अक्सर घर से बाहर रहता है। गांव में बर्तन की दुकान चलाने वाला कस्बा निवासी युवक पत्नी को बहला फुसलाकर ले गया। महिला दो बेटी व एक बेटे को घर पर ही छोड गई है। पति का आरोप है कि पत्नी अपने साथ सोने चांदी क आभूषण व अन्य सामान भी लेकर गई है। पत्नी के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पीडित पति ने खैर के मोहल्ला माल. ीपुरा निवासी वकील खां के खिलाफ कोतवाली खैर में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने बताया कि महिला की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है जल्द ही महिला को बरामद कर लिया जाएगा।

शनिवार को छुट्टी के दिन भी खुलेंगे निगम कार्यालय

अलीगढ़। संपत्ति कर में छूट का लाभ देने के लिए ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए नगर आयुक्त ने निर्णय लिया है। इस योजना के आवे. दन, लाभ लेने की अंतिम तिथि 14 नवंबर थी, नगर आयुक्त ने 14 नवंबर को दूसरा द्वितीय शनिवार के अवकाश के दिन भी निगम के संबंधित विभागों को सामान्य दिनों की तरह खुला रखने के निर्देश दिए। ताकि संपत्ति करदाताओं को योजना का लाभ प्राप्त करने में असुविधा न हो।

नगर आयुक्त ने संबंधित अफसरों और कर्मचारियों से कहा कि योजना की अंतिम तिथि को देखते हुए सुविधा को प्राथमिकता दी जाए और कार्यालयों आने वाले करदाता को जानक. ारी, सहयोग करें।

नशा मुक्त भारत अभियान पर दौड़, क्रॉस कंट्री, तथा नुक्कड़ नाटक हुआ

अलीगढ़। धर्म समाज महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें बालिकाओं के लिए 100 मीटर दौड़, बालक. ों के लिए 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो मुकेश कुमार भारद्वाज ने दौड़ का शुभारंभ किया। आईक्यूएसी प्रभारी प्रो मंजू गिरी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो अंजुल सिंह, महाविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो अवनीश कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार, डॉ राजीव कुमार शर्मा व डॉ रेखा तोमर आदि महाविद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे। बालिका 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान गुनगुन, द्वितीय स्थान सपना, तृतीय स्थान संगीता ने प्राप्त किया।

बालक दौड़ में प्रथम स्थान हिमांशु, द्वितीय स्थान विकास तथा तृतीय स्थान अमित कुमार ने प्राप्त किया। विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मुकेश कुमार भारद्वाज आदि ने सम्मानित किया। आज भूमि श्री एवं ज्योति की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्त भारत अभियान का संदेश दिया।

नुक्कड़ नाटक में मुख्य भूमिका ज्योति कुमारी, भूमि श्री, पायल, शिवानी विमल, कल्पना शर्मा, नरेश, जितेंद्र कुमार की। नुक्कड़ नाटक के कॉन्सेप्ट को देखकर महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने सभी का धन्यवाद अदा किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई तथा सभी ने जीवन में नशा न करने व दूसरों को न करने देने का संकल्प लिया। आज के संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार ने किया। आज के कार्यक्रम विशेष सहयोग करने वालों में जयदेव आर्य, प्रिंस राज वर्धन, शिवम, नेहा आदि का रहा।



खैर के दिल्ली वर्ल्ड स्कूल का मनाया 11वाँ स्थापना दिवस

❑हवन-पूजन के साथ शिक्षकों, पत्रकारों को किया सम्मानित

खैर। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल खैर का ग्यारहवाँ स्थापना दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य पंडित महेश गौतम ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं हवन कराकर किया। इस दौरान विद्यालय की सुख-समृद्धि, निरंतर प्रगति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। हवन-पूजन के उपरांत विद्यालय के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं कर्मठता से कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। वहीं पत्रकारों को भी पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आपसी सौहार्द और आत्मीयता के बीच सहभोज का आयोजन भी हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन राज. ेश गोयल ने कहा कि दस वर्षों का यह सफर विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें संस्कारवान, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा है। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। उपलब्धि विद्यालय परिवार की है। आने वाले समय में भी विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के विकास के लिए निरंतर नए प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य लक्ष्मी गौतम, निदेशक राज. कुमार गोयल, अंजू गोयल, बिशन गौतम आदि मौजूद रहे।



मिट्टी खिसकने से ट्रैक्टर रजबहा में गिरा, साले बहनोई घायल

अकराबाद। विजयगढ़ रोड पर केलनपुर गांव के पास शुक्रवार को रजबहा की पटरी की मिट्टी खिसकने से ट्रैक्टर रजबहा में गिर गया। हादसे में ट्रैक्टर सवार जीजा-साले घायल हो गए।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार इरखिनी गांव निवासी विकास कुमार शुक्रवार को अपने जीजा मिलन कुमार के साथ अकराबाद से ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। इसी बीच उन्होंने देखा कि रजबहा में कुछ लोग मछली पकड़ रहे हैं। वह ट्रैक्टर रोककर मछली पकड़ने वालों को देखने लगे, तभी अचानक ट्रैक्टर के नीचे से मिट्टी खिसक गई। इससे मिट्टी की ढाय के साथ ट्रैक्टर पलटते हुए रजबहा में गिर गया।

हादसे में दोनों घायल हो गए। मौके पर



मौजूद लोगों में हडकंप मच गया और आनन-फानन में उन्होंने ने दोनों को रजबहा से बाहर निकाला। इस बीच हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। थाना पुलिस ने मामले की जानकारी से इंकार किया।

12 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा

अलीगढ़। जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंकज कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार 12 दिसंबर को जिला न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव साक्षी गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों, विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों जैसे फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयो में लम्बित हो के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न विभागों आदि के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाएगा।

उन्होने सभी न्यायालय, कार्यालय व विभागों से अपेक्षा की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अपने-अपने न्यायालयों व विभागों से ज्यादा से ज्यादा मामलें चिन्हति करें और चिन्हित किये जाने वाले मामलों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराये एवं सम्बन्धित पक्षकारों को सम्मन या नोटिस जारी करके उन्हें भी सूचित करें।

गुमशुदा महिला को परिजनों को किया सुपुर्द

अलीगढ़।थाना इगलास पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को गुरूवार की देर शाम महिला गाँव तोछीगढ़ में अकेले घूमते हुए मिली। पीआरवी पर तैनात कर्मचारियों द्वारा उक्त महिला के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई तो पता चला कि महिला जनपद हाथरस की निवासी है जो दो दिन से अपने घर से बिना किसी को बताये निकली हुई थी।

महिला के परिजनों की तलाश की गई तथा बरामद महिला को सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्य में मुख्य आरक्षी अवनीश कुमार, जसवंत सिंह के अलावा श्याम बाबू का सहयोग रहा। परिजनों द्वारा महिला को सकुशल पाकर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

बुजुर्ग की हत्या के मामले में सात आरोपी गिरफ्तार, तीन महिलाएं भी शामिल

बुलंदशहर। थाना डिबाई क्षेत्र के गांव उदयपुर कलां में बुजुर्ग कल्याण सिंह की मारपीट के बाद उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चार पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक फावड़ा और डंडे भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर को गांव उदयपुर कलां निवासी प्रमोद पुत्र मनवीर ने थाना डिबाई में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने उसके ताऊ कल्याण सिंह के साथ मारपीट की थी। मारपीट में घायल कल्याण सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की थीं। इसी क्रम में शुक्रवार 13 नवंबर को थाना डिबाई पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए सात वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बादाम सिंह, विष्णु, राहुल और सागर पुत्रगण कल्लू उर्फ कलियान सिंह तथा प्रीती पत्नी बादाम, सपना पत्नी राहुल और रानी पत्नी रवि निवासीगण गांव उदयपुर कलां शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया एक फावड़ा और डंडे बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

ठा. सोमवीर सिंह को मिली दोबारा से कांग्रेस की कमान

❑रूही जुबैरी एवं पूर्व विधायक विवेक बंसल की मेहनत लाई रंग



अलीगढ़। वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी नेत्री रूही जुबैरी एवं पूर्व विधायक विवेक बंसल के सहयोग के पुनः अलीगढ़ जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह को बनाया गया। पुनः जिलाध्यक्ष बनने के बाद कांग्रे. सियो ने खुशी जाहिर की।

जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमव. ीर सिंह ने कहा कि दोबारा से पार्टी हाई कमान ने विश्वास जताते हुए हुए जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओ का सम्मान किया जायेगा और 2027 विधानसभा चुनाव मिशन में बढ़चढ़ कर भाग लेगे। राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाएगी। पुनः जिला अध्यक्ष बनने पर लखनऊ साथ गया मोहम्मद जियाउद्दीन राही जिला संगठन उपाध्यक्ष प्रभारी जिला कांग्रेस ने उनको मिठाई खिलाई कर बधाई दी।

मोहम्मद जियाउद्दीन राही जिला संगठन उपाध्यक्ष ने प्रियंका गांधी, राजेन्द्र पाल गौतम पूर्व मंत्री प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस, अराधना मिश्रा विधायक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस का धन्यवाद किया।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

बुलंदशहर। जीटी०रोड पर हजरतपुर गांव कट के पास शुक्रवार दोपहर को विपरीत दिशा की ओर से आ रही ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिनका जिला राजकीय चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। अगवाल गांव निवासी जावेद ने बताया कि उनका भाई आमिर और उसका दोस्त वारिस स्टील फैब्रीकेशन का काम करते हैं। शुक्रवार सुबह वह काम के चलते खुर्जा नगर गए थे। जहां से दोपहर 12 बजे वापस गांव लौट रहे थे। जब वह दोनों हजरतपुर गांव के पास पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे। तभी यू-टर्न पर अचानक ई-रिक्शा विपरीत दिशा की ओर आ गई। इसमें उनकी बाइक और ई-रिक्शा की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची ने दोनों को पहले जटिया अस्पताल पहुंचाया, जहां से उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भाई जावेद ने बताया कि 25 नवंबर को आमिर का निकाह तय हुआ है। जिसकी तैयारी चल रही थीं। अब उसके स्वस्थ होने की दुआ की जा रही



है। खुर्जा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में अभी किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई है। दोनों युवकों का जिला अस्पताल अस्पताल में उपचार चल रहा है।



कलेक्ट्रेट स्थित वीरी सिंह एड के कार्यालय पर आजाद समाज पार्टी (काशीराम) हिमाचल प्रदेश के प्रभारी महेश चौधरी और एआईएमआईएम के पश्चिमी यूपी के प्रदेश सचिव अनवर अहमद शेख एड. के सामाजिक परिवर्तन मोर्चा (गठबंधन) के बाद प्रथम आगमन पर वरिष्ठ अधिवक्ता वीरी सिंह ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अरविंद सिह, अर्जुन सिंह, युवराज सिंह, कौशल सिंह मौजूद रहे।

अतिक्रमण पर पालिका और पुलिस का चला डंडा, 1.27 लाख रुपये जुर्माना वसूला

जहांगीराबाद (बुलंदशहर)। नगर में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे किए गए स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों से कुल एक लाख 27 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। पालिका प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को दो दिन का समय देते हुए स्वयं कब्जा हटाने की चेतावनी दी है। शासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान टीम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटवाया। अभियान



में अतिक्रमण की जद में आए स्थायी और अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त कराया गया। अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वालों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक रास्तों और सड़कों पर किसी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाते हुए कुल 1,27,500 रुपये की वसूली की गई। पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण कारियों को दो दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया है। निर्धारित समय में कब्जा नहीं हटाने पर पालिका की टीम दोबारा अभियान चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त कराएगी। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों ने नगरवासियों से सड़क और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करने की अपील की है।

अभियान अधिशासी अधिकारी ओम गिरि और कोतवाली प्रभारी के संयुक्त निर्देशन में चलाया गया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक रोहित सिंह, लिपिक ऊधम सिंह, टीसी पवन कुमार, चौकी प्रभारी अजय सिंह सहित नगर पालिका के कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

सीमेंट व्यापारी की सड़क हादसे में मौत

बुलंदशहर। गुलावठी क्षेत्र के गांव बरमदपुर निवासी सीमेंट व्यापारी ओमकार सिंह (55) की सड़क हादसे में मौत हो गई। दिल्ली- मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर ततारपुर गांव के पास सीमेंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ओमकार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ सवार दो अन्य लोग घायल हो गए। शुक्रवार को उनका शव गांव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ओमकार सिंह गुलावठी की नई मंडी रोड पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान चलाते थे। वह मूल रूप से गांव बरमदपुर के रहने वाले थे। गुरुवार सुबह वह स्वराज ट्रैक्टर और दो पहियों वाली ट्रॉली पर सीमेंट लेकर मुरादाबाद के लिए निकले थे। सीमेंट बुलंदशहर के सिकंद. राबाद से ट्रॉली में लोड कराया गया था। उनके साथ दीपक निवासी नंगला और अनुज निवासी दादरी भी सवार थे। तीनों बिल्डिंग मटेरियल के कारोबार से जुड़े थे। बताया गया कि ट्रैक्टर चालक के नहीं आने के कारण ओमकार सिंह खुद ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहे थे। समय पर सीमेंट की डिलीवरी पहुंचाने के लिए उन्होंने पहली बार हाईवे पर ट्रैक्टर चलाया था। इसी दौरान ततारपुर गांव के पास अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गई। हादसे में ओमकार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दीपक और अनुज घायल हो गए। ओमकार सिंह के परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम रोकी और छोटे बेटे का नाम अवलेश है। शुक्रवार को जब उनका शव घर पहुंचा तो परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार के लोगों को दुखी देखकर गांव के लोग भी गमगीन हो गए। गुलावठी कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि गांव बरमदपुर निवासी ओमकार सिंह की सड़क हादसे में मौत हुई है। हालांकि हादसा हापुड़ जिले के देहात क्षेत्र में होना सामने आया है।

डीएम ने अनूपशहर चीनी मिल का किया निरीक्षण



बुलंदशहर। जिलाधिकारी एवं चीनी मिल के सभापति कुमार हर्ष ने शुक्रवार को किसान सहकारी चीनी मिल अनूपशहर का स्थलीय निरीक्षण कर गन्ना पेराई और चीनी उत्पादन की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान 72 घंटे के भीतर सुनिश्चित करने तथा मिल का संचालन सुचारू रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन नीतीश कुमार सिंह, मिल प्रबंधक निधि डोडवाल, एसडीएम०मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पानी पीने गए किसान की पैर फिसलकर होदी में डूबने से मौत



बुलंदशहर। औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव विसुंधरा में विगत देर शाम नलकूप पर पानी पीने गए एक किसान का पैर फिसल गया। नलकूप की होदी में डूबकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस नेताओं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। गांव विसुंधरा निवासी किसान मुकेश कुमार (40) वर्ष शाम के समय खेतों पर घूमने के लिए गए हुए थे। बताया जाता है कि वहां उनको प्यास लगने लगी। इस दौरान वह एक नलकूप पर पहुंच गए। जैसे ही वह पानी पीने के लिए हौदी के पास पहुंचे तो उनका पैर फिसल गया और वह हौदी में जा गिरे।

होदी में डूबकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। उधर से गुजर रहे ग्रामीण मोनू ने मुकेश कुमार का शव होदी में पड़ा देख परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।बाद में परिजनों ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को घटना की सूचना दी सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी सुखवीर सिंह ने बताया कि होदी में डूबकर किसान की मौत हुई है।

भाजपा के पूर्व विधायक 5 साल से काट रहे दफ्तरों के चक्कर

❑85 लाख का मुआवजा अटका ❑सुनवाई नहीं हुई, योगी से मिलेंगे

बुलंदशहर। भाजपा० के वरिष्ठ नेता और तीन बार विधायक रह चुके 86 वर्षीय हरपाल सिंह अपनी ही जमीन का मुआवजा पाने के लिए साढ़े पांच साल से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। अरनिया में टीएचडीसी पावर प्लांट के लिए अधिग्रहीत जमीन के एवज में मिलने वाले 85 लाख रुपये का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

पूर्व विधायक का दावा है कि टीएचडीसी मुआवजे की पूरी रकम जिला प्रशासन के खाते में जमा करा चुकी है। इसके बावजूद उन्हें भुगतान नहीं मिला। पूर्व विधायक हरपाल सिंह की गांव जावल स्थित जमीन टीएचडीसी पावर प्लांट परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई थी। उनका कहना है कि जमीन लिंक रोड पर स्थित थी। लेकिन प्रशासन ने सामान्य जमीन की दर से मुआवजा निर्धारित कर दिया।

इसके बाद उन्होंने मामले की जांच कराई। हरपाल सिंह के मुताबिक जांच रिपोर्ट उनके पक्ष में आई और करीब 85 लाख रुपये का मूल मुआवजा मिलना शेष रहा। उनका दावा है कि रिपोर्ट के बाद टीएचडीसी ने मुआवजे की धनराशि जिला प्रशासन के खाते में जमा भी करा दी। इसके बावजूद भुगतान नहीं किया गया। हरपाल सिंह के अनुसार वह पिछले साढ़े पांच साल से मुआवजे के लिए अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। हर बार भुगतान का आश्वासन मिलता है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होता। वहीं एडीएम०अभिषेक सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक की जमीन से संबंधित मामले में भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण न्यायालय का आदेश प्राप्त हुआ है।

इसमें पूर्व विधायक के पक्ष में फैसला सुनाया गया है। आदेश के अनुसार मूल धनरा. शि के साथ अतिरिक्त धनरा. शि जारी करने की मांग की गई है। जल्द ही जमीन अधिग्रहण की पूरी धनराशि जारी कर दी जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

बुलंदशहर। अरनिया ब्लॉक के हिसार गांव निवासी गणपत सिंह राघव की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। वे खेत में बोने के लिए गेहूं का बीज लेने बिजली घर चौराहे गए थे। उनकी उम्र करीब 70 साल थी। हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शाम करीब 4:30 बजे उनका शव गांव पहुंचा। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया।

ओमपाल सैनी का स्वागत किया



अलीगढ़। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज इकाई द्वारा एक बैठक जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सैनी टैक्स एडवोकेट की अध्यक्षता में शॉप नंबर 17 गांधी आई हॉस्पिटल शॉपिंग कंपलेक्स चंदनिया रोड निकट रामघाट रोड़ अलीगढ़ पर आहुत की गई। जिसमें ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रांतीय अध्यक्ष ओमपाल सैनी का स्वागत माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा डॉ अशोक सैनी प्रांतीय उपाध्यक्ष अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

बैठक में भाजपा द्वारा बृजकिशोर सैनी को महानगर उपाध्यक्ष अतिपिछड़ा वर्ग अलीगढ़ में बनाए जाने पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सौरभ सैनी, सचिन सैनी, भारत केसरी, राकेश सैनी लंबरदार, चंद्रभान सैनी, सुरजीत सैनी, सुनील सैनी, राजेश सैनी, डॉ पारस सैनी, सीए तरुण सैनी आदि थे।

स्व-जनगणना अभियान को लेकर एसडीएम ने की बैठक

बुलंदशहर। शिकारपुर एसडीएम० प्रतीक्षा पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील सभागार में पहासू विकासखंड के पंचायत सचिवों, सहायकों और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गई। इसके अलावा तहसील शिकारपुर के सभी कोटेदारों को भी बैठक कर अभियान के प्रति जागरूक किया गया और उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई।

तीनों बैठकों में 16 से 30 नवंबर तक चलने वाली स्व-जनगणना (अं-श्रंदहंकदं) के संबंध में वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसमें ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण, परिवार एवं आवास का विवरण भरने, सूचनाओं के सत्यापन तथा स्व-गणना पूरी होने पर मिलने वाली संदर्भ संख्या के महत्व की जानकारी दी गई।



हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में अगले 24 घंटे में बर्फबारी के आसार



- पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से चंबा, लाहौल-स्पीति और कुल्लू में बदलेगा मौसम
- प्रदेश में 2 से 6 डिग्री तक गिरा तापमान, 16 नवंबर से मौसम शुष्क रहने का अनुमान

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पिछले 24 घंटों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तापमान 2 से 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। इससे ठंड बढ़ गई है।

मौसम विभाग ने चंबा, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, कांगड़ा, मंडी और किन्नौर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। खासकर रोहतांग और बारालाचा दर्रे के आसपास बर्फ गिरने की संभावना है।

आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ अभी सक्रिय है और प्रदेश के कई हिस्सों के मौसम को प्रभावित कर रहा है। पिछले 24 घंटों में चंबा और लाहौल-स्पीति के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई, जबकि अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। अगले 24 घंटों में भी इन जिलों के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं।

शर्मा के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में प्रदेश का तापमान 2 से 6 डिग्री तक गिरा है। ऊना में सबसे अधिक 31.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि शिमला में अधिकतम तापमान करीब 18.4 डिग्री रहा। धर्मशाला, कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर और मंडी में तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि बादल छाए रहने के कारण शुक्रवार को दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे रहने का अनुमान है। हालांकि, 14 नवंबर से प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम सुधरने और धूप खिलने की संभावना है। इसके बाद तापमान धीरे-धीरे सामान्य होने लगेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 14 और 15 नवंबर को कांगड़ा, चंबा, कुल्लू और मंडी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। मैदानी इलाकों और प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है। 14 नवंबर के बाद मौसम संबंधी गतिविधियां कम हो जाएंगी और 16 नवंबर से पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान बिलासपुर, सोलन और सिरमौर के कुछ हिस्सों में बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन वहां बारिश की संभावना कम है।

ट्रेन की चपेट में आने से मां समेत तीन बेटियों की मौत, गांव में पसरा मातम



नई दिल्ली। बाराबंकी जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर में शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से महिला और उसकी तीन बेटियों की मौत हो गई। जीआरपी ने यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम सात बजे ट्रेन से कटकर महिला और उसकी तीन बेटियों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी वजह अभी साफ नहीं है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांधी नगर निवासी रामतेज पाल वन विभाग में चुतर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। वह मूल रूप से बहराइच जिले के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान रामतेज की पत्नी किरण देवी पाल (39), जुड़वा बेटियां कनिष्का व अनुष्का (सात), काव्या (पांच) के रूप में हुई है। रामतेज का दावा है कि कुछ समय से मानसिक तनाव के कारण किरण कभी-कभी आत्महत्या जैसा कदम उठाने की बात कहती थी।



एनवीडिया के सीईओ पद से जेनसेन हुआंग के इस्तीफे का दावा, ट्रंप ने की तारीफ

- विवादों के बीच कोलेट क्रेस को अंतरिम सीईओ की जिम्मेदारी
- चीन से जासूसी के आरोपों और कंपनी की आंतरिक जांच को लेकर उठे सवाल



वॉशिंगटन। एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग के इस्तीफे की खबर ने प्रौद्योगिकी जगत में हलचल मचा दी है। खबरों के मुताबिक, विवाहेतर संबंधों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के बीच कंपनी ने गुरुवार को उनके इस्तीफे की घोषणा की। कंपनी की मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और कार्यकारी उपाध्यक्ष कोलेट क्रेस को अंतरिम सीईओ बनाया गया है।

'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, हुआंग के एक महिला कारोबारी से करीबी संबंध थे, जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसियां चीन की जासूस मानती हैं। हालांकि, चीन ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। रिपोर्ट में एनवीडिया के कर्मचारियों के हवाले से यह भी दावा किया गया कि हुआंग के कंपनी में उनके अधीन काम करने वाली एक कर्मचारी के साथ संबंध थे। इन खबरों के बाद उनके इस्तीफे की मांग तेज हो गई थी।

एनवीडिया ने कहा कि क्रेस अंतरिम सीईओ की जिम्मेदारी संभालेंगी। वह 2013 से कंपनी में सीएफओ और कार्यकारी उपाध्यक्ष के पद पर हैं। इससे पहले वह सिस्को, माइक्रोसॉफ्ट और टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स में काम कर चुकी हैं। क्रेस ने कहा कि कंपनी को हमेशा अपने कर्मचारियों से ताकत मिली है और वह उस मजबूत आधार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसे हुआंग ने पिछले 33 वर्षों में तैयार किया।

हुआंग ने 1993 में क्रिस मेलाचोव्स्की और कर्टिस प्रिएम के साथ एनवीडिया की स्थापना की थी। तब से वह कंपनी का नेतृत्व कर रहे थे। उनके इस्तीफे के बाद कंपनी ने स्थायी सीईओ की तलाश शुरू कर दी है। एनवीडिया के मुताबिक, इस पद के लिए आंतरिक और बाहरी, दोनों स्तरों पर उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा। कंपनी के निदेशक मंडल ने हार्वे सी. जोन्स को अपना पहला अध्यक्ष भी नियुक्त किया है।

पिछले सप्ताहांत 'मेगास्पीड' नाम की क्लाउड कंप्यूटिंग कंपनी की पूर्व कर्मचारी एलिस हुआंग के साथ जेनसेन हुआंग के संबंधों की खबरें सामने आई थीं।

इसके बाद हुआंग ने अपनी पत्नी से बेवफाई के लिए माफी मांगी थी। एनवीडिया के कर्मचारियों को भेजे ई-मेल में उन्होंने कहा था कि उनके व्यवहार से पत्नी और बच्चों को दुख पहुंचा है। उन्होंने यह भी माना था कि उनके सहकर्मी उनसे बेहतर व्यवहार के हकदार हैं। हालांकि, हुआंग और एनवीडिया ने उस महिला का नाम सार्वजनिक नहीं किया, जिसके साथ उनके संबंधों की खबरें आई थीं। कंपनी ने यह भी कहा था कि वह इस बात की जांच कर रही है कि कहीं हुआंग किसी विदेशी जासूसी अभियान का निशाना तो नहीं बने।

'द टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को पता चला था कि हुआंग के एलिस हुआंग, जिन्हें हुआंग ले के नाम से भी जाना जाता है, के साथ करीबी संबंध थे। रिपोर्ट में दावा किया गया कि एलिस सीधे बीजिंग को जानकारी पहुंचा रही थीं। दोनों का उपनाम समान है, लेकिन उनके बीच कोई पारिवारिक संबंध नहीं है। एनवीडिया ने पहले कहा था कि जांच पूरी होने तक हुआंग सीईओ बने रहेंगे। लेकिन बुधवार देर रात कंपनी की एक अन्य कर्मचारी के साथ उनके संबंधों की खबर सामने आने के बाद इस्तीफे का दबाव बढ़ गया। रॉयटर्स ने भी सूत्रों के हवाले से एक और कर्मचारी के साथ उनके संबंध होने की खबर दी थी। हालांकि, कंपनी ने इस्तीफे की घोषणा में इन खबरों का जिक्र नहीं किया।

एनवीडिया ने अपनी आंतरिक जांच के बारे में फिलहाल कोई नई जानकारी नहीं दी है। कंपनी ने पहले कहा था कि उसके पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि राष्ट्रीय सुरक्षा या उसके गोपनीय आंकड़ों से समझौता हुआ है। हालांकि, जांच के दौरान सभी उपलब्ध सूचनाओं की पड़ताल की जाएगी।

दिल्ली की हवा हुई बेहद जहरीली, एक्यूआई 494 पर पहुंचा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण ने शुक्रवार सुबह बेहद गंभीर रूप ले लिया। सुबह 7:31 बजे शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 494 दर्ज किया गया। घने कोहरे और प्रदूषण की चादर के कारण कई इलाकों में दृश्यता भी कम हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, शहर के कई निगरानी केंद्रों पर हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में आईआईटी दिल्ली में एक्यूआई 488 दर्ज किया गया। वहीं, आईटीओ में 455, आनंद विहार में 419, रोहिणी में 413 और राजोकरी बॉर्डर पर 402 रहा। अन्य इलाकों में आरके पुरम में 391, मंदिर मार्ग पर 378, द्वारका एक्सप्रेसवे पर 369, उत्तम नगर में 363 और लोधी रोड पर 341 एक्यूआई दर्ज किया गया। धौला कुआं के आसपास एक्यूआई 161 रहा, जो मध्यम श्रेणी में आता है। दिल्ली सरकार प्रदूषण के असर को कम करने के लिए कई उपाय कर रही है। इसके तहत राजधानी के विभिन्न हिस्सों में पानी के छिड़काव की व्यवस्था की जा रही है। इस बीच, आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने दिवाली के बाद प्रदूषण बढ़ने को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और सीपीसीबी के आंकड़ों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। भारद्वाज ने सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि सरकारी वेबसाइट पर दिखाए गए आंकड़ों की तुलना में वास्तविक प्रदूषण करीब 49 फीसदी अधिक था। उन्होंने दावा किया कि यदि एक्यूआई 370 दिखाया गया था, तो वास्तविक स्तर 560 या उससे अधिक हो सकता था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदूषण के वास्तविक स्तर को आंकड़ों में पूरी तरह दर्ज नहीं किया जा रहा है। भारद्वाज ने दावा किया कि सीपीसीबी ने उन्हें बताया कि प्रदूषण का स्तर 999 से अधिक होने पर उसे मापने और प्रदर्शित करने की सीमा संबंधी समस्या आती है।

पेरू के तटीय क्षेत्र में 5.6 तीव्रता का भूकंप, नुकसान की खबर नहीं

पेरू। तटीय क्षेत्र के पास शुक्रवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेस (जीएफजेड) के अनुसार, भूकंप शुक्रवार को 1643 जीएमटी पर दर्ज किया गया। फिलहाल भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंपीय आंकड़ों के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। शुरूआती आकलन में इसका केंद्र 14.93 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 75.80 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर निर्धारित किया गया है।

केन्या में निमार्णाधीन इमारत का हिस्सा ढहा, छह मजदूरों की मौत

पांच घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, बचाव अभियान जारी



केन्या। नैरोबी काउंटी में शुक्रवार को एक निमार्णाधीन इमारत का हिस्सा ढहने से छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसा स्योकिमाऊ एसजीआर एक्सेस रोड के पास हुआ। उस समय इमारत की नौवीं मंजिल पर कंक्रीट डालने का काम चल रहा था, तभी ढांचे का एक हिस्सा ढह गया। नैरोबी पुलिस प्रमुख इस्सा मोहम्मद ने बताया कि शुरूआती बचाव अभियान के दौरान तीन शव निकाले गए। बाद में मलबे से तीन और पुरुषों के शव बरामद हुए। पांच मजदूरों को बचाकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के समय निर्माण स्थल पर कितने लोग मौजूद थे, इसका पता लगाया जा रहा है। घटनास्थल पर नैरोबी सिटी काउंटी की दमकल और खोज एवं बचाव टीमें तैनात की गई हैं। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने आम लोगों और एसजीआर टर्मिनस के पास मोम्बासा रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों से प्रभावित क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है, ताकि बचाव दल अपना काम कर सकें।

यह घटना नैरोबी के ईस्टले इलाके में 18 मंजिला इमारत ढहने के कुछ सप्ताह बाद हुई है। उस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई थी। वहां बचाव दल को मलबा हटाने और इमारत के निचले हिस्सों तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। ईस्टले हादसे की जांच कई सरकारी एजेंसियां कर रही हैं। जांचकर्ता एक डेवलपर से पूछताछ कर रहे हैं। इसमें नैरोबी काउंटी, राष्ट्रीय भवन निरीक्षणालय और राष्ट्रीय निर्माण प्राधिकरण के अधिकारी भी शामिल हैं। सार्वजनिक अभियोजन निदेशक ने आपराधिक जांच निदेशालय को परियोजना से जुड़े सरकारी अधिकारियों, डेवलपर्स और निर्माण पेशेवरों की संभावित लापरवाही या चूक की जांच करने का निर्देश दिया है। अभियोजन एजेंसी के मुताबिक, जांच पूरी होने के बाद आपराधिक जांच निदेशालय अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पर्याप्त सबूत मिलने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्योकिमाऊ की ताजा घटना के बाद निर्माण सुरक्षा मानकों और सरकारी निगरानी को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं।

माइक्रोसॉफ्ट की वैश्विक सेवाओं में बड़ी तकनीकी खराबी, ई-मेल और एआई पर असर

आउटलुक, टीम्स और कोपायलट की सेवाएं हुईं प्रभावित



वॉशिंगटन। माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में शुक्रवार को आई बड़ी तकनीकी खराबी से दुनियाभर में ई-मेल, क्लाउड और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़ी सेवाएं प्रभावित हुईं। कई जगह सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं, जिससे बड़ी संख्या में उपयोगकर्ताओं और व्यावसायिक संस्थानों को परेशानी हुई। बीबीसी के अनुसार, तकनीकी खराबी पर नजर रखने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने बताया कि गुरुवार शाम करीब छह बजे स्थानीय समय पर 74 देशों के लगभग 1.40 लाख लोगों ने माइक्रोसॉफ्ट की ई-मेल सेवा आउटलुक में समस्या की शिकायत दर्ज कराई। माइक्रोसॉफ्ट की वेबसाइट के मुताबिक, दुनियाभर में 43 करोड़ से अधिक लोग माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप का इस्तेमाल करते हैं। इस व्यवधान से आउटलुक, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स और कंपनी के एआई सॉफ्टवेयर कोपायलट की सेवाएं प्रभावित हुईं। कई उपयोगकर्ता ई-मेल भेजने या प्राप्त करने, कैलेंडर देखने और जरूरी फाइलों तक पहुंचने में असमर्थ रहे। हालांकि, कुछ लोगों के लिए टीम्स की संदेश और ऑनलाइन बैठक संबंधी सुविधाएं काम करती रहीं। माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं पर निर्भर दूसरी कंपनियों और सरकारी संस्थानों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। एआई कंपनियों ओपनएआई और एंथ्रोपिक ने भी अपनी सेवाओं में बाधा आने की पुष्टि की। चैटजीपीटी बनाने वाली ओपनएआई ने कहा कि वह माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं से उसके जुड़ाव को प्रभावित करने वाली समस्या की जांच कर रही है। सिंगापुर सरकार और ऑस्ट्रेलिया की खुफिया एजेंसी समेत कई सरकारी निकायों ने भी कामकाज प्रभावित होने की जानकारी दी। ब्रिटेन में कई सामान्य चिकित्सक क्लीनिकों ने मरीजों को ई-मेल या वेब फॉर्म के बजाय जरूरी पूछताछ के लिए फोन करने की सलाह दी। वहीं, हीथ्रो, मैनचेस्टर और स्टैनस्टेड हवाई अड्डों ने बताया कि विमान संचालन पर इस खराबी का असर नहीं पड़ा और उड़ानें सामान्य रहीं। हालांकि, मैनचेस्टर हवाई अड्डे की कुछ कॉर्पोरेट प्रणालियां और तकनीकी प्रक्रियाएं प्रभावित हुईं, जिनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर हमले की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि उसके बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक भार पड़ने से यह स्थिति बनी। कंपनी के मुताबिक, अचानक बड़ी संख्या में सर्वर अनुपलब्ध हो गए, जिससे बाकी सर्वरों पर दबाव बढ़ गया। शुरूआती मरम्मत प्रयासों के बाद शुक्रवार सुबह कंपनी ने कहा कि सेवाओं की स्थिरता और क्षमता बढ़ाने के उपायों के सकारात्मक नतीजे मिल रहे हैं।

राधिका अंबानी का शाही अंदाज, ब्रोकेड लहंगे में बिखेरी खूबसूरती



पारंपरिक भारतीय परिधानों को अपने खास अंदाज में पहनने के लिए पहचानी जाने वाली राधिका अंबानी एक बार फिर अपने शाही पहनावे को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उनका पारंपरिक अंदाज खास आकर्षण का केंद्र बना है। उन्होंने मशहूर परिधान डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का तैयार किया हुआ ब्रोकेड लहंगा पहना। इसके साथ फिरोजा और हल्के हरे रंग का बंधनी दुपट्टा उनके पहनावे को अलग पहचान देता नजर आया। राधिका के इस परिधान में पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक रंग संयोजन का खूबसूरत मेल देखने को मिला। लहंगे की शाही बुनावट के साथ दुपट्टे के चटख रंगों ने उनके पूरे पहनावे को आकर्षक बना दिया। खास बात यह रही कि पारंपरिक परिधान होने के बावजूद इसमें आधुनिक फैशन की झलक भी दिखाई दी। राधिका के लहंगे में ब्रोकेड की पारंपरिक बुनाई खास आकर्षण रही। इस कपड़े की उभरी हुई बुनावट और बारीक कारीगरी इसे भव्य रूप देती है। भारतीय परिधान परंपरा में ब्रोकेड का विशेष स्थान रहा है। साड़ियों और लहंगों से लेकर अन्य पारंपरिक कपड़ों तक में इसका इस्तेमाल किया जाता है। खासकर विवाह और पारिवारिक आयोजनों में इस तरह के परिधान पसंद किए जाते हैं मनीष मल्होत्रा के डिजाइन में भी पारंपरिक भारतीय कारीगरी के साथ नए प्रयोग देखने को मिलते हैं। राधिका का यह लहंगा भी इसी शैली की झलक पेश करता है। लहंगे के साथ पहना गया फिरोजा और मिंट रंग का बंधनी दुपट्टा पूरे पहनावे का खास हिस्सा रहा। बंधनी भारतीय रंगाई की पुरानी कला है। इसमें कपड़े को अलग-अलग जगहों पर बांधकर रंगा जाता है, जिससे उस पर आकर्षक आकृतियां बनती हैं। राजस्थान और गुजरात में इस कला की समृद्ध परंपरा रही है। राधिका के पहनावे में दुपट्टे के रंगों ने लहंगे की शाही चमक को संतुलित करते हुए उसे नया अंदाज दिया। यही वजह है कि उनका यह पारंपरिक रूप खासा आकर्षक नजर आया।

जहरीले सांपों से भरे जंगल में 6 दिन तक फंसा रहा लड़का, चिप्स के सहारे बची जान

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में घने जंगल में 6 दिनों तक जिंदगी की जंग लड़ने वाले 17 साल के विलियम की कहानी इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। बिना फोन और खाने-पीने के इंतजाम के जंगल में फंसे विलियम ने सिर्फ एक पैकेट आलू के चिप्स के सहारे छह दिन गुजारे। आखिरकार जब उसे बचाने के लिए हेलीकॉप्टर पहुंचा, तो उसे देखकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रेस्क्यू का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कैसे जंगल में लापता हुआ विलियम?

एक रिपोर्ट के अनुसार, विलियम पिछले शुक्रवार को अपने एक दोस्त के साथ कैंपिंग के लिए निकला था। यह जगह ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर से करीब 180 किलोमीटर दूर थी। इसी दौरान वह अपने दोस्त से बिछड़ गया और जंगल में लापता हो गया। विलियम की तलाश के लिए अधिकारियों ने बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इसमें खोजी कुत्तों, गोताखोरों और हेलीकॉप्टरों की मदद ली गई।



दूसरी तरफ, उसका परिवार लगातार उसकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद लगाए बैठा था। विलियम की मां एलिजाबेथ बार्कले ने बताया कि उनका बेटा अब ठीक है और उसे शरीर पर सिर्फ कुछ खरोंचें आई हैं।

जिस इलाके में विलियम लापता हुआ था, वहां जहरीले सांपों की मौजूदगी के कारण उसकी जान को खतरा था। परिवार भी इसी बात को लेकर काफी चिंतित था। पुलिस के मुताबिक, विलियम एक चट्टान से नीचे गिर गया था और ऐसी जगह फंस गया, जहां से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। उसके पास मोबाइल फोन भी नहीं था, जिससे वह किसी से संपर्क कर पाता। कई दिनों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद आखिरकार बचाव दल ने उसे ढूंढ निकाला। इसके बाद हेलीकॉप्टर की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया और परिवार तक पहुंचाया गया। रेस्क्यू के बाद विलियम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर उसकी निगरानी कर रहे हैं। उसकी मां के मुताबिक, छह दिनों तक मुश्किल हालात में रहने के बावजूद विलियम की हालत अब स्थिर है। मां ने यह भी बताया कि विलियम ठीक होने के बाद मैकडॉनल्ड्स से ढेर सारा खाना मंगवाना चाहता है। हालांकि, लंबे समय तक भूखा रहने के कारण फिलहाल डॉक्टरों ने उसे ज्यादा खाना खाने की अनुमति नहीं दी है। छह दिनों तक मौत के साये में रहने के बाद विलियम का सुरक्षित परिवार के पास लौटना सभी के लिए राहत की खबर है।